CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17° C
न्यूनतम : 06° C

मेरठ, सोमवार 22 दिसम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 202 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 1 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के लघु व सीमांत किसानों को मिलेगा मात्र छह प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण पेज 2




अंडर-19 एशिया कप: पाकिस्तान टीम ने भारत को 191 रनों से हराया खेल टाइम्स



खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले सम्पादकीय



उस्मान हादी हत्या मामला: बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम पेज 12

# वीबी-जी राम जी विधेयक बना कानून

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ राष्ट्रपति ने दी बिल को मंजूरी, रोजगार गारंटी को अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन किया



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है।

इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। सरकार इसे ग्रामीण जीवन को मजबूत आधार देने वाला ऐतिहासिक कदम बता रही है। सरकार का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। बता दें, इस बिल पर देर रात तक संसद में चर्चा चली थी। इस मामले में विपक्ष का कहना था कि सरकार जानबूझकर मनरेगा का नाम बदल रही है, मनरेगा में महात्मा गांधी का भी नाम आता था, इसीलिए भाजपा इस नाम को हटाने के लिए ये बिल लाई। वहीं, सरकार का कहना था कि पहले की योजना में लोगों को 100 दिन का काम दिया जाता था, लेकिन अब इस कानून के तहत अब कम से कम 125 दिन काम देना अनिवार्य है। इस बहस के दौरान ही कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर जमकर हमला बोला था।

### मनरेगा खत्म करने के विरोध में कांग्रेस का देशव्यापी प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सरकार के मनरेगा की जगह वीबी जी-राम-जी विधेयक पारित करने के खिलाफ कांग्रेस ने रविवार को देशभर में विरोध प्रदर्शन किया और इस पर उसकी आगे की रणनीति तय करने के बारे में 27 दिसम्बर को यहां पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में विचार किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है और रोजगार गारंटी के इस अधिकार को अनुग्रह में बदल दिया है। श्री वेणुगोपाल ने कहा मनरेगा का काम करने का एक कानूनी अधिकार था, न कि कोई कल्याणकारी योजना। इसकी निधि सीमित और नियंत्रण केंद्रीकृत कर इसकी मांग- आधारित प्रकृति को बदलकर, भाजपा ने इस अधिकार को बजट पर निर्भर योजना में बदल दिया है।



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के गुलमर्ग में चिल्लई कलां के पहले दिन ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढकी घाटी से वाहन गुजरने का खूबसूरत नजारा।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंत्रालय में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय में पोस्टेड आर्मी अफसर को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा पर बेंगलुरु की एक कंपनी से 3 लाख की रिश्वत लेने का आरोप है। सीबीआई ने शर्मा के घर से 2.36 करोड़ रुपये भी जब्त किए हैं। सीबीआई ने शर्मा की पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। तलाशी के दौरान काजल के घर से 10 लाख रुपये बरामद किए हैं। काजल, डिवीजन ऑर्डिनेंस यूनिट (डीओयू) श्रीगंगानगर (राजस्थान) में कमांडिंग ऑफिसर हैं। इस मामले में बिचौलिया विनोद कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों 23 दिसम्बर तक सीबीआई की हिरासत में रहेंगे। यह मामला 19 दिसम्बर को मिली सूचना के आधार पर दर्ज किया गया।

### गुवाहाटी प्रिंटिंग प्रेस मालिक धनशोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुवाहाटी के पूर्बाश्री प्रिंटिंग हाउस के मालिक प्रियांशु बोइरागी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय ने रविवार को यह जानकारी दी। यह गिरफ्तारी बोइरागी के ठिकानों पर तलाशी अभियान के बाद हुई। एक विशेष पीएमएलए अदालत ने बोइरागी को पांच दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया है। इस धनशोधन मामले की जांच असम के मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अलग-अलग धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी से शुरू हुई है।

### दिल्ली में AQI 'गंभीर' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में रविवार सुबह भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर' श्रेणी में बनी रहा। शहर के कई प्रमुख इलाकों में सुबह के समय एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, अक्षरधाम, आईटीओ, गाजीपुर और आनंद विहार इलाकों में एक्यूआई 438 दर्ज हुआ।

# महंगा हुआ रेल का सफर

लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किलोमीटर एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे | नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी, उपनगरीय-मासिक सीजन के टिकट के दामों में कोई बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने यात्री किराए के ढांचे में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिसके कारण लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रति किमी एक से दो पैसे अधिक चुकाने पड़ेंगे। नई दरें 26 दिसम्बर से प्रभावी होंगी।

रेलवे की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि 215 किमी से कम दूरी की यात्रा करने वालों और मासिक सीजन टिकट की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। रेलवे के मुताबिक 215 किमी से ज्यादा के सफर पर साधारण श्रेणी के किराए में प्रति किमी एक पैसा किमी की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, मेल/एक्सप्रेस में गैर वातानुकूलित श्रेणी दो पैसा प्रति किमी किराया बढ़ाया जाएगा। इसके साथ एसी श्रेणी में भी दो पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह से गैर वातानुकूलित श्रेणी में 500 किमी की यात्रा करने पर यात्रियों को कुल मिलाकर मौजूदा किराया से 10 रुपये ज्यादा देने पड़ेंगे। रेलवे के मुताबिक इस बदलाव से उसे सालाना 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आमदनी होगी। रेलवे ने 215 किमी से कम के सफर पर किराए में वृद्धि नहीं की है। यानी कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही रहेंगी। इसके अलावा, रोजाना सफर करने वाले यात्रियों के लिए भी राहत की खबर है। रेलवे ने उपनगरीय ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट (एमएसटी) की टिकटों के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक टिकटों के दामों में बढ़ोतरी परिचालन लागत में हो रही वृद्धि और अवसंरचना विकास परियोजनाओं के लिए राशि की पूर्ति के लिए जरूरी है। रेलवे लगातार अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने, नई ट्रेनें चलाने और स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर काम कर रहा है। बीते 10 वर्षों में नेटवर्क और ट्रेनों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सुरक्षा और बेहतर संचालन के लिए रेलकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है, जिनकी सैलरी और भत्ते का खर्च भी बढ़ा है।

# यूपी में कोल्ड-डे, कई शहरों में तापमान सात डिग्री से कम

## कश्मीर के गुलमर्ग और सोनमर्ग में बर्फबारी

■ मौसम विभाग ने यूपी सहित 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट किया जारी

**नई दिल्ली।** भारत के मध्य और उत्तरी हिस्सों में कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का दौर जारी है। मौसम विभाग ने रविवार को मध्य प्रदेश, उप्र, छत्तीसगढ़ समेत देश के 18 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश में सर्दी अपने चरम पर है।

इस सर्दी सीजन में पहली बार शनिवार को तापमान 3 डिग्री से नीचे पहुंच गया। शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी भोपाल में न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री दर्ज हुआ। भोपाल में लगातार एक हफ्ते से तापमान 7 डिग्री से कम है। यूपी और बिहार में कोल्ड-डे के हालात हैं। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। दिन और रात के समय एक जैसी सर्दी पड़ रही है। ज्यादातर शहरों में धूप के दर्शन ही नहीं हो रहे हैं। ओस की बूंदें रिमझिम बारिश की तरह पड़ रही हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। यूपी में शिमला और नैनीताल से ज्यादा सर्दी है। रविवार सुबह बरेली, कानपुर समेत कई शहरों का तापमान 7 डिग्री या उससे कम रिकॉर्ड किया गया। कानपुर में सबसे कम, 6.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। शिमला में शनिवार को तापमान 11 डिग्री और नैनीताल में 10 डिग्री रहा। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में करीब दो इंच बर्फ जमी है। सोनमर्ग में सुबह से बर्फबारी जारी है।

### कोहरे के कारण दिल्ली में 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घने कोहरे के कारण रविवार को 80 से ज्यादा उड़ानें अब तक रद्द हो गई हैं। हवाई अड्डे पर शनिवार रात आठ बजे के बाद ही घने कोहरे के कारण कम दृश्यता की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ी जो रविवार सुबह तक जारी रही। एयरपोर्ट की ओर से सोशल मीडिया पर बताया कि अब परिचालन सामान्य है। दिल्ली एयरपोर्ट की वेबसाइट के अनुसार रविवार को 40 से अधिक प्रस्थान की उड़ानें और लगभग इतनी ही आने वाली उड़ानें रद्द रहीं। इसके अलावा कई उड़ानों में देरी भी हुई।




डिब्रूगढ़ : असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड के 10,601 करोड़ रुपये के ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया संयंत्र की आधारशिला रखने के अवसर पर पीएम मोदी व अन्य।

# बांग्लादेशी घुसपैठिए कांग्रेस ने ही बसाए: मोदी

■ कहा: उन्हें बचा भी रही, SIR का विरोध
■ डिब्रूगढ़ में यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया

**डिब्रूगढ़।** असम दौरे के दूसरे दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने डिब्रूगढ़ में अमोनिया-यूरिया प्लांट का उद्घाटन किया, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी। यह यूनिट 2030 तक चालू हो जाएगी। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पहले किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं। जो काम कांग्रेस को उस समय करना था, उसने नहीं किया।

इसलिए मुझे एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठियों को कांग्रेस ने ही बसाया है और कांग्रेस ही उन्हें बचा रही है। एसआईआर का विरोध कर रही है। तुष्टिकरण और वोट बैंक के इस कहर से हमें असम को बचाकर रखना है। मैं आपको गारंटी देता हूं कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर खड़ी है। इससे पहले पीएम ने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर 25 बच्चों के साथ करीब 45 मिनट परीक्षा पे चर्चा भी की। मोदी ने नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कार्प लिमिटेड के मौजूदा परिसर में नए फर्टिलाइजर यूनिट की आधारशिला रखी। पीएम मोदी परीक्षा पे चर्चा के बाद शहीद स्मारक पहुंचे। जहां 1985 में अवैध प्रवासियों के खिलाफ असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने शहीद खरगेश्वर तालुकदार की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। छह साल तक चले आंदोलन के 860 शहीदों की याद में यहां एक दीया हमेशा जलता रहता है। 170 करोड़ रुपये की लागत से बने इस स्मारक में पानी के कुंड, ऑडिटोरियम, प्रेयर रूम, साइकिल ट्रैक और साउंड एंड लाइट शो जैसी सुविधाएं हैं, जो असम आंदोलन और राज्य के इतिहास के विभिन्न पहलुओं को उजागर करेगा।

### अरुणाचल में जासूसी नेटवर्क का खुलासा, पाकिस्तान कनेक्शन भी मिला

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में जासूसी नेटवर्क के खुलासे और सीमा से जुड़ी गतिविधियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क के 4 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। इस बीच, स्थानीय लोगों ने एलएसी के पास चीनी सेना की मौजूदगी व संभावित घुसपैठ की जानकारी दी है। गिरफ्तार आरोपी सेना की गतिविधियों व अन्य संवेदनशील सूचनाएं पाकिस्तानी हैंडलर्स तक भेज रहे थे।

# बांग्लादेशी मीडिया दुष्प्रचार से बाज आए: विदेश मंत्रालय

## बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा में कोई चूक नहीं, लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा : भारत विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा के बारे में बांग्लादेशी मीडिया में किए जा रहे दुष्प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा है कि उच्चायोग की सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई है और लोगों को गुमराह नहीं किया जाना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के सामने शनिवार को हुए प्रदर्शन के बारे में मीडिया के सवालों के जवाब में रविवार को कहा कि भारत वियना कन्वेंशन के अनुसार अपने क्षेत्र में विदेशी मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी मीडिया इस बारे में दुष्प्रचार कर लोगों को गुमराह कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि हमने इस घटना पर बांग्लादेशी मीडिया के कुछ हिस्सों में गुमराह करने वाला दुष्प्रचार देखा है। सच यह है कि 20 दिसम्बर को नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के सामने लगभग 20-25 युवा इकट्ठा हुए और उहोंने मैमनसिंह में दीपू चंद्र दास की भयानक हत्या के विरोध में नारे लगाए, साथ ही बांग्लादेश में सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की भी मांग की। किसी भी समय बाड़ तोड़ने या सुरक्षा की स्थिति खराब करने की कोई कोशिश नहीं की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने कुछ ही मिनटों में ग्रुप को तितर-बितर कर दिया। इन घटनाओं के विजुअल सबूत सभी के देखने के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

# सहारनपुर में एक लाख का इनामी बदमाश ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बुलंदशहर में एक अन्य बदमाश पुलिस मुठभेड़ में घायल

**सहारनपुर/बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शनिवार और रविवार की रात बुलंदशहर और सहारनपुर जिले में अलग-अलग मुठभेड़ के दौरान शातिर बदमाश को मार गिराया, जबकि एक अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के दौरान एक सिपाही भी घायल हुआ है।

सहारनपुर में घायल बदमाश सिराज अहमद की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था, जबकि बुलंदशहर में ढेर बदमाश जुबैर उर्फ पीटर के सिर पर 50 हजार रुपये का इनाम था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एसटीएफ मुख्यालय को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने थाना गंगोह क्षेत्र, जनपद सहारनपुर में घेराबंदी की। सूचना थी कि सुल्तानपुर का वांछित अपराधी सिराज अहमद पुत्र मंसूर अहमद निवासी लोलेपुर, जनपद सुल्तानपुर, जिस पर हत्या के मुकदमे सहित 1,00,000 रुपये का इनाम घोषित है, किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से क्षेत्र में मौजूद है। घेराबंदी के दौरान सिराज अहमद ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अपराधी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल, 30 और 32 बोर की दो पिस्टल, भारी मात्रा में जिंदा व खोखा कारतूस, चार मोबाइल फोन, दो वाई-फाई डोंगल, एक बैग और आधार समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार सिराज अहमद के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और रासुका -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में खुला सरकारी नौकरी का पिटारा

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने सरकारी नौकरी का पिटारा ही खोल दिया है। यह सभी नौकरियों के लिए लोक सेवा आयोग के जरिए भर्ती होंगी। इसके लिए आयोग ने भी वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) पोर्टल खोल दिया है। इस पोर्टल पर सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटे अभ्यर्थी 22 दिसंबर से अपना ओटीआर करा सकते हैं। संबंधित विज्ञापन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने साफ कर दिया है कि इन नौकरियों के लिए आवेदन केवल ओटीआर के जरिए ही होगा। इसके अलावा किसी माध्यम से आए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग के मुताबिक इसी पोर्टल पर सभी नौकरियों का ब्यौरा उपलब्ध करा दिया गया है। इसी के साथ रजिस्ट्रेशन शुल्क का विवरण भी है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 जनवरी 2026 से पहले ओटीआर कराते हुए आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। आयोग ने अपने विज्ञापन में 2 हजार से अधिक पदों के लिए आवेदन मांगे हैं।

### पीएम मोदी के दौरे से पहले यूपी बीजेपी की बड़ी बैठक

**लखनऊ।** लखनऊ में पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम को लेकर बीजेपी कार्यालय में रविवार को एक अहम बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री मोदी के लखनऊ आगमन और अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा करना था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रदेश आगमन की तैयारियों के लिए यह बैठक की गई है, ताकि कार्यक्रम ऐतिहा. सिक और सफल हो।

# भारतीय परम्पराएं करती हैं दुनिया का मार्गदर्शन

नई दिल्ली, वार्ता



■ 'विश्व ध्यान दिवस' पर आयोजित समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरायें विश्व का मार्गदर्शन करती हैं। राधाकृष्णन ने तेलंगाना के कान्हा शांति वनम में 'विश्व ध्यान दिवस' के मौके पर आयोजित समारोह में मन की शांति, भावनात्मक कल्याण तथा सामा. जिक सद्भाव को बढ़ावा देने में ध्यान की शाश्वत प्रासंगिकता पर विशेष बल दिया।

राधाकृष्णन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ध्यान एक सार्वभौमिक पद्धति है, जो सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक सीमाओं से परे है। उन्होंने इसे मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आंतरिक परिवर्तन के मार्ग के रूप में वर्णित किया और इस बात पर जोर दिया कि 'विश्व ध्यान दिवस' आधुनिक जीवन में चिंतन के बढ़ते महत्व को पहचानने का एक अवसर देता है। श्री राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव को सह-प्रायोजित करने में भारत की भूमिका का उल्लेख किया, जिसके तहत 21 दिसंबर को 'विश्व ध्यान दिवस' घोषित किया गया था। उन्होंने कहा कि विश्व ध्यान दिवस से मान. सिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक विकास को बढ़ावा देने में ध्यान की शक्ति को वैश्विक मान्यता मिली है। उन्होंने ध्यान के अभ्यास को विश्व भर में फैलाने के लिए 'दाजी' के योगदान की सराहना की और कहा कि ध्यान, योग और आध्यात्मिक खोज की अपनी सदियों पुरानी परंपराओं के साथ भारत आज भी विश्व को शाश्वत ज्ञान प्रदान कर रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत का फिक्र करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में ध्यान को हमेशा से मन और आत्मा का एक प्राचीन विज्ञान माना गया है, जिसे ऋषियों-मुनियों ने आगे बढ़ाया है। उन्होंने भगवदगीता और तमिल के महान ग्रंथ 'तिरुमंथिरम' की सीख का उदाहरण देते हुए कहा कि ध्यान के जरिए मन पर काबू पाने से ही इंसान को आंतरिक शांति मिलती है, वह खुद को बेहतर ढंग से समझ पाता है और एक अच्छा जीवन जी पाता है।

# एक देश, एक कारोबारी एजेंडा देश के लिए घातक

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह देश को 'एक देश, एक कारोबारी' की दिशा में ले जाने के गोपनीय एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सिद्धांत अब 'एक का धंधा, एक से चंदा' बन चुका है, जिसके तहत देश के हर बड़े कारोबार को गिने-चुने हाथों में समेटने की को. शिश की जा रही है।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नेतृत्व चंदे की सुविधा के लिए अलग-अलग जगह न जाकर, पूरे आर्थिक तंत्र को कुछ चुनिंदा लोगों के नियंत्रण में देना चाहता है। अपने पैसों की 'महाभूख' को पूरा करने के लिए सरकार और संगठन में ऐसे लोगों को बैठाया गया है, जो बिना किसी सवाल-जवाब के हर फैसले पर हामी भरते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी देश के लिए एकाधिकार की भावना घातक होती है चाहे वह राजनीतिक हो, आर्थिक हो या सामाजिक। आज भाजपा सरकार जिस तरह से नीतियों और नियम-कानूनों में बदलाव कर अन्य औद्योगिक घरानों को कमजोर कर रही है और आर्थिक गतिविधियों को चुनिंदा समूहों तक सीमित कर रही है, उससे देश एक गंभीर और खतरनाक स्थिति की ओर बढ़ रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि इसका अगला परिणाम अनियंत्रित मुनाफ़ाखोरी, महंगाई और अंततः महा-भ्रष्टाचार के रूप में सामने आएगा। एकाधिकारवादी कंपनियों के फायदे के लिए नियम बदले जाएंगे, उपभोक्ताओं से मनमानी वसूली होगी और श्रमिकों का 'कम धन-अधिक श्रम' के उत्पीड़नकारी फार्मूले के तहत शोषण किया जाएगा। न

### अखिलेश ने 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की अपील की

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने दिल्ली के निवासियों से 'अरावली बचाओ' अभियान में शामिल होने की भावुक अपील की है। यादव ने चेतावनी दी है कि अरावली पर्वतमाला के विनाश का शहर के पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और जीवन की गुणवत्ता पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि अरावली पर्वतमाला दिल्ली का प्राकृतिक सुरक्षा कवच और इसकी पारिस्थितिक जीवनरेखा है। अगर हमने अरावली को नहीं बचाया, तो दिल्ली रहने के लायक नहीं रहेगी। यहां की हवा सांस लेने लायक नहीं होगी, पानी पीने लायक नहीं रहेगा।

## लघु व सीमांत किसानों को मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा तोहफा

# छह प्रतिशत ब्याज पर मिलेगा ऋण: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एलडीबी से उपलब्ध कराया जाएगा, युवा सहकार सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु और सीमांत किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (एलडीबी) से किसानों को मात्र 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत शेष ब्याज का वहन राज्य सरकार करेगी, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

रविवार को अंतर्राष्ट्रीय सहक. ारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में रविवार को युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में एलडीबी की ब्याज दर लगभग साढ़े 11 प्रतिशत है, जो किसानों पर अतिरिक्त बोझ डालती है। सरकार इसे कम कर किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने इसे किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'सहकार से समृद्धि' के अनुरूप केंद्र सरकार ने पहली बार सहका. रिता मंत्रालय का गठन किया। देश के पहले सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयां मिली हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया जाना भारत की सहकारिता शक्ति का प्रमाण है। योगी ने कहा कि भारत में 8.44 लाख से अधिक सहकारी समितियां हैं, जिनसे 30 करोड़ से ज्यादा सदस्य जुड़े हैं। सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की मजबूत गारंटी है। बीते 11 वर्षों में डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और तकनीक के उपयोग से सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। उन्होंने बताया कि एम-पैक्स (मल्टीपर्पज प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव सोसायटी) के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाकर लाखों नए सदस्यों को जोड़ा गया है। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। आज जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक खाते हैं और 550 करोड़ रुपए से अधिक की जमा राशि है। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय कई जिला सहकारी बैंक डिफॉल्टर हो चुके थे, लेकिन सरकार के प्रयासों से आज सभी को-ऑपरेटिव बैंक स्वस्थ हैं और किसानों की समृद्धि में योगदान दे रहे हैं। पिछली सरक. ारों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहकारिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी।

### 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाएं : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' पनपता था, जिसके कारण सहका. रिता क्षेत्र बर्बाद हो गया था और किसानों की हजारों करोड़ रुपए की पूंजी फंस गई थी। उन्होंने बताया कि जिन 16 कोऑपरेटिव बैंकों के लाइसेंस जब्त हो गए थे, उनमें फंसे 4700 करोड़ रुपए किसानों को धीरे-धीरे वापस कराए गए। अब समय आ गया है कि 'वन डिस्ट्रिक्ट वन कोऑपरेटिव बैंक' की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जाएं। रविवार को लखनऊ में आयोजित युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का भव्य शुभारंभ शनिवार को हुआ।

# योगी सरकार जल्द लॉन्च करेगी आयुष एप, घर बैठे मिलेगी सुविधाएं

लखनऊ, वार्ता

■ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा

आयुष चिकित्सा पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने की दिशा में योगी आदित्यनाथ सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। योगी सरकार जल्द ही आयुष एप लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को घर बैठे आयुष से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह एप भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के सहयोग से विकसित किया जाएगा।

इस एप के जरिए मरीजों को ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण और अपॉइंटमेंट की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही आयुष विभाग से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगी। सरकार के इस कदम से न केवल आयुष चिकित्सा पद्धतियों को व्यापक पहचान मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। आयुष विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। इसी उद्देश्य से आयुष एप विकसित करने को लेकर आईआईटी कानपुर से बातचीत चल रही है। एप के लॉन्च होने के बाद मरीजों को आयुष अस्पतालों और केंद्रों में ओपीडी पंजीकरण के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मरीज अपने मोबाइल फोन से घर बैठे ही डॉक्टर से मिलने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और अस्पतालों में भीड़ भी कम होगी। इस सुविधा से विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।



सेंसेक्स 85213.36
निफ्टी 26027.30



सोना रु. 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 192222
प्रति किलो



# अहमदाबाद हादसे से इंडिगो संकट तक

नई दिल्ली, वार्ता





■ भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए चुनौतियों भरा रहा पूरा साल

भारतीय विमानन क्षेत्र के लिए साल 2025 बेहद चुनातीपूर्ण रहा। साल के पूर्वार्द्ध में जहां एयर इंडिया विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया, वहीं अंतिम महीने में 'इंडिगो संकट' लाखों यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना और विमान सेवा कंपनियों के प्रति उनके विश्वास को कमजोर किया।

विमानन क्षेत्र के लिए मार्च तक सब कुछ काफी अच्छा चल रहा था। साल के पहले तीन महीने में यात्रियों की संख्या भी 10.35 प्रतिशत बढ़कर 4.32 करोड़ पर पहुंच गयी थी और उम्मीद की जा रही थी कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान पहली बार यात्रियों की मासिक संख्या डेढ़ करोड़ के पार पहुंच जाएगी। इसके बाद 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ और लोगों ने जम्मू-कश्मीर की टिकट रद्द करनी शुरू कर दी। फिर मई की शुरुआत में भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद सीमा पर संघर्ष शुरू हो गया। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए और भारत ने पाकिस्तानी विमान सेवा कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिए, जो अब तक जारी हैं। इसका असर भारतीय विमानन क्षेत्र पर पड़ना शुरू हो गया। कई मार्गों पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और कई अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर घूमकर जाने से यात्रा का समय और एयरलाइंस की लागत बढ़ गई। ऊपर से विमान ईंधन की कीमतों में इजाफे के कारण मुनाफा कमाने के लिए पहले से संघर्ष कर रही विमान सेवा कंपनियों की वित्तीय स्थिति और खराब हो गयी। मई में हवाई यात्रियों की संख्या में सालाना आधार पर महज 1.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि माह- दर-माह लगातार दूसरी गिरावट दर्ज की गयी। देश ने जून महीने में अपने विमानन इतिहास से सबसे बुरे हादसों में से एक का समाना किया। एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 ने गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे से 230 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों के साथ लंदन के गैट्विक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी थी। टेकऑफ के तुरंत बाद विमान ऊंचाई हासिल करने में असफल रहा और बीजे मेडिकल कॉलेज के होस्टल से टकरा गया और उसमें आग लग गयी। देखते ही देखते विमान आग के गोले में तबदील हो गया। चमत्कार के रूप में विश्वासकुमार रमेश नामक एक यात्री मामूली जख्मों के साथ खुद चलता हुआ मलबे से बाहर निकलने में कामयाब रहा। विमान में सवार अन्य सभी 241 लोगों की मौत हो गई। जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 67 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। इस हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। एयर इंडिया हादसे की प्राथमिक जांच रिपोर्ट में पायलट की गलती को इसकी मुख्य वजह बताया गया है।

### उद्योगों के आंकड़ों वैश्विक कारकों पर रहेगी निवेशकों की नजर

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर उद्योगों के आंकड़ों और वैश्विक कारकों पर रहेगी। आने वाले सप्ताह में सोमवार को आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के आंकड़े जारी किए जाएंगे, जो बाजार को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा वैश्विक कारकों पर भी निवेशकों की नजदीकी नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 338.30 अंक (0.40 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 84,929. 36 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 80.55 अंक यानी 0.31 प्रतिशत गिरकर 25,966.40 अंक पर रहा। मझौली कंपनियों के सूचकांक निफ्टी मिडकैप-50 में 0.06 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही, जबकि छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक पूरे सप्ताह के उतार-चढ़ाव से होता हुआ सपाट रहा।

# चावल, गेहूं मजबूत, चीनी दालें नरम खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। ग्राहकी आने से गेहूं में भी तेजी रही। वहीं चीनी और दालों में गिरावट रही, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 71 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,827 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं 10 रुपए चढ़कर 2,858.33 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटा 3,305.69 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 16 रुपए और सोया तेल 15 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वहीं वनस्पति 55 रुपए और सरसों तेल 49 रुपए मजबूत हुआ। सूरजमुखी तेल में 37 रुपए और पाम ऑयल में पांच रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 59 रुपए और उड़द दाल की 58 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। मसूर दाल 24 रुपए और मूंग दाल 19 रुपए सस्ती हुई। चना दाल 14 रुपए प्रति क्विंटल टूट गयी। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी 27 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। दाल-दलहन: दाल चना 7778. 81 रुपए, मसूर काली 8098.20 रुपए, मूंग दाल 10077.20 रुपए, उड़द दाल 10331.02 रुपए, तुअर दाल 10474.97 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2858.33 रुपए और चावल 3826.69 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3305.69 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.80 रुपए और गुड़ 4999. 87 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17648.52 रुपए, मूंगफली तेल 17687.78 रुपए, सूरजमुखी तेल 15790.00 रुपए, सोया तेल 13770.86 रुपए, पाम ऑयल 12486.45 रुपए और वनस्पति 14454.29 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# आगरा में भरभराकर गिरी बेसमेंट की दीवार, दो की मौत

**आगरा।** आगरा जिले के बाह थाना क्षेत्र के बटेश्वर पास में स्थित गांव बिजकौली में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट की दीवार ढहने से अलाव ताप रहे सात लोग दब गए। इसके बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। हादसे के समय बेसमेंट में मिट्टी का भराव हो रहा था।

सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीएचसी में प्राथमिक इलाज के बाद सभी की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उनको आगरा रेफर कर दिया। आगरा ले जाते समय हीरालाल और योगेश की रास्ते में मौत हो गई। लोगों ने दो घंटे तक मशक्कत के बाद मलबे में बदे सभी सात लोगों को बाहर निकाला और पास अस्पताल में ले गए। वहां से हालत गंभीर होने पर सभी एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डीसीपी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि दीवार और बेसमेंट के मलबे में दबे दो घायलों की उपचार के दौरान मौत हो गई है।

बाकी पांच घायल का उपचार चल रहा है। गांव बिजकौली में जोर सिंह प्रजापति के निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में रविवार सुबह 11 बजे कुछ लोग अलाव पर ताप के साथ ही कुछ लोग ताश भी खेल रहे थे। रविवार को बेसमेंट में काम चल रहा था, उसमें मिट्टी डाली जा रही थी। इसके साथ ही पानी भी भरा हुआ था, मिट्टी के दबाव और पानी की वजह से दीवार ढह गई। इससे अलाव ताप रहे और ताश खेल रहे लोग दीवार के मलबे में दब गए, मौके पर चीख पुकार मच गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सहारनपुर में...**

सहित करीब 30 आपराधिक मुकदमे विभिन्न जनपदों में दर्ज हैं। वहीं दूसरी घटना जनपद बुलंदशहर की है, जहां थाना कोतवाली देहात और गुलावठी पुलिस टीम की 50,000 रुपये के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान आजाद उर्फ जुबैर उर्फ पीटर (35 वर्ष) निवासी उमर गार्डन कॉलोनी, थाना श्यामनगर लिसाड़ी गेट, मेरठ पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी के भी घायल होने की सूचना है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृत बदमाश के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, जिदा व खोखा कारतूस और बिना नंबर की एचएफ-डीलक्स बाइक बरामद की गई है।

# महात्मा गांधी की दूसरी बार कर दी गई हत्या

चेन्नई, वार्ता



■ वीजीरामजी बिल विवाद पर बोले कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने संसद में पास हुए वीरामजी बिल को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस स्कीम में बदलाव करके महात्मा गांधी की दूसरी बार हत्या की गई है। यह न तो सही इंग्लिश है और न ही इंडियन, बल्कि सिर्फ इंग्लिश अक्षरों में लिखे हिंदी शब्द हैं, जिन्हें मंत्रियों को भी समझना मुश्किल लगता है।

तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पी चिदंबरम कहा कि नई स्कीम पूरे देश में लागू नहीं होगी। केंद्र सरकार तय करेगी कि किन जिलों और इलाकों में काम मिलेगा। इसमें कहा गया है कि यह स्कीम साल में 60 दिन लागू नहीं की जा सकती, बिना यह बताए कि कौन से 60 दिन? पी चिदंबरम ने कहा कि अगर किसी जिले को 'कोई काम नहीं' वाला घोषित कर दिया जाता है, तो लोग नौकरी की मांग भी नहीं कर सकते। नए कानून में कई गंभीर कमियां हैं, यह अब कोई एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम नहीं रही, इसमें कोई गारंटी नहीं है और सबसे ज्यादा नुकसान गरीबों को होगा। उन्होंने कहा कि साल में 100 दिन की मजदूरी वाली रोजगार गारंटी स्कीम 12 करोड़ परिवारों के लिए लाइफलाइन थी, ताकि यह पक्का हो सके कि घर का कोई भी सदस्य भूखा और उदास न सोए। यह गरीबों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए एक वरदान थी, जिनके पास रेगुलर रोजगार नहीं था। इसने घर की महिलाओं के हाथों में पैसे दिए, जिससे उन्हें इतनी आजादी मिली, जो उनकी पुरखों को नहीं मिली थी। इसने गरीबों के लिए एक सुरक्षा जाल बनाया, यह बिल इन फायदों को बेरहमी से छीन रहा है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार के पहले बजट (2004-05) में उन्होंने कहा था कि हमारी योजना में गरीबों का पूरे प्लान फंड पर पहला हक होगा। नेशनल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट पर काम शुरू हो गया है। इसका मकसद हर गरीब घर में एक काबिल व्यक्ति को साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी देना है, लेकिन वर्तमान स्कीम राज्य-विशिष्ट होगी और लागत केंद्र और राज्य 60-40 के अनुपात में बांटेंगे। केंद्र सरकार हर राज्य को फंड का एक नॉर्मेटिव एलोकेशन करेगी, एलोकेशन से ज्यादा खर्च राज्य उठाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सभी मामलों में आर्बिटर होगी, जिससे बिल संघीय व्यवस्था के खिलाफ है।

# विश्वविद्यालय परिसरों में आवारा कुत्तों की रोकथाम अनिवार्य, नोडल अधिकारी नियुक्त करने होंगे

**लखनऊ।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने देशभर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को परिसरों में आवारा कुत्तों के प्रवेश और निवास को रोकने के लिए तत्काल एवं प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश सुप्रीम कोर्ट के 7 नवंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं, जिसमें संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई थी।

यूजीसी के सचिव प्रो. मनीष आर. जोशी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके तहत सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को चार प्रमुख कदम अनिवार्य रूप से लागू करने होंगे। पहला, प्रत्एक शिक्षण संस्थान अपने परिसर की स्वच्छता और देखरेख के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि आवारा कुत्ते परिसर में प्रवेश न करें या निवास न करें। नोडल अधिकारी का विवरण मुख्य द्वार पर प्रदर्शित किया जाएगा और स्थानीय नगर निकाय को भी सूचित किया जाएगा।

दूसरा, छात्रों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जानवरों के आसपास सुरक्षित व्यवहार, कुत्ते के काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार और तत्काल रिपोर्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। तीसरा, स्टेडियमों और खेल परिसरों में चौबीसों घंटे सुरक्षा या ग्राउंड-कीपिंग कर्मियों की तैनाती की जाएगी, ताकि आवारा कुत्तों की आवाजाही पर निगरानी रखी जा सके। चौथा, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप अन्य सभी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

# सलावा में निर्माणाधीन खेल विवि में हिंसक झड़प

■ जमकर चले लाठी-डंडे और सरिए, आठ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सलावा।** रविवार सुबह सलावा स्थित निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय परिसर उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जब सामान उठाने को लेकर कर्मचारियों के दो गुट आमने-सामने आ गए। मामूली कहा. सुनी से शुरू हुआ विवाद कुछ ही देर में गंभीर संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे, सरिए और धारदार हथियार चले, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कामकाज पूरी तरह ठप हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार कपसाड़ निवासी मोंटी पुत्र किरणपाल निर्माणाधीन खेल विश्व. विद्यालय में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है, जबकि उसका भाई सुंदर वहीं मजदूरी करता है। दूसरी ओर सलावा निवासी जुल्फिकार पुत्र जहूर हसन विश्वविद्यालय परिसर में वेल्डिंग का कार्य करता है। रविवार सुबह किसी बात को लेकर मोंटी और जुल्फिकार के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के अन्य कर्मचारी और मजदूर भी मौके पर पहुंच गए और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। झगड़े के दौरान दोनों गुटों के लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और सरियों से हमला कर दिया। इस संघर्ष में मोंटी, सुंदर और जुल्फिकार समेत कुल आठ लोग घायल हो गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद अन्य लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मोंटी, सुंदर और जुल्फिकार की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का उपचार सीएचसी में जारी रहा।

घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। वहीं, इस घटना के बाद निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस एहतियात के तौर पर मौके पर निगरानी बनाए हुए है और मामले की जांच में जुटी हुई है।



## सिवाल के ग्राम अफजलपुर पावटी में आयोजित हुआ पीडीए प्रहरी कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** रविवार को समाजवादी पार्टी ने अपने पीडीए कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सिवाल खास विधानसभा के गांव अफजलपुर पावटी में प्रवीण चपराना के आवास पर एसआईआर व पीडीए प्रहरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रवीण चपराना को समाजवादी छात्र सभा में जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने कहा कि सपा 2027 में सरकार बनाएगी। वहीं नदीम चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी कर्मवीर सिंह गुमी के नेतृत्व में पीडीए को मजबूत बना रही है। नदीम चौहान ने कहा कि सिवाल खास विधानसभा में इस बार समाजवादी पार्टी का परचम लहराएगा। उत्तर प्रदेश का युवा व सर्व समाज समाजवादी पार्टी की नीतियों से प्रभावित है और भाजपा की नीति से परेशान है। भाजपा ने जहां देश के अंदर नफरत का माहौल बनाया है वहीं देश के युवाओं को अंधकार में भेजा है इसलिए यूपी में अब अखिलेश यादव आगामी मुख्यमंत्री बनेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली एवं वरिष्ठ नेतागण व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## फलावदा कस्बे की पैंठ में बेतरतीब खड़े वाहन लगा रहे हैं जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के पैंठ बाजार में बेतरतीब खड़े वाहनों से जाम लग रहा है। रविवार दोपहर भी काफी देर तक लोग जाम में फंसे रहे।

बमुश्किल जाम खुलवाया गया जब जाकर जाम में फंसे लोगों ने राहत की सास ली। रविवार को शाम के वक्त पैंठ बाजार में जाम लग गया। वहीं मेले में जाने वाले बच्चों व महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि पैंठ बाजार में वाहन स्वामी अपने वाहनों को बेतरतीब खड़े कर देते हैं जिससे सड़को पर जाम लग जाता है। जिस कारण वाहन घंटों जाम में फंसे रहते हैं ग्रामीणों ने जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

### मामूली कहासुनी में दो पक्षों हुई मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के मौहल्ला कानी पट्टी में मामूली कहा सुनी के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए सामुदायिक केंद्र भेजा घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गई है। जानकारी के मुताबिक कस्बे के मोहल्ला कानी पट्टी में दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहा. सुनी के बाद मारपीट हो गई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार कराया। घटना के संबंध में तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में कस्बा निवासी आस मोहम्मद का शांति भंग में चालान किया है। बाद में दोनों पक्षों में जिम्मेदार लोगों ने समझौता करा दिया।

## सांसद से मेरठ रैपिड ट्रेन स्टेशन का नाम मातादीन वाल्मीकि के नाम पर करने की मांग



सांसद अरुण गोविल से मुलाकात करते समाज के लोग।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहीद मातादीन वाल्मीकि चेतना मंच मेरठ द्वारा रविवार को सांसद अरुण गोविल को उनके आवास पर जाकर अमर शहीद मातादीन वाल्मीकि के सम्मान में हापुड़ अड्डा चौराहा सौंदर्यीकरण एवं शौर्य गाथा शिलालेख स्थापना, करने व जिला शहीद स्मारक संग्रहालय में अमर शहीद वीर हवलदार मातादीन वाल्मीकि जी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है। इसके अलावा मेरठ रैपिड ट्रेन स्टेशन का नाम अमर शहीद वीर हवलदार मातादीन वाल्मीकि के नाम पर करने की मांग की गई है। इस दौरान अध्यक्ष विनोद चंदोला, महामंत्री संजय नजराना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व महामंत्री कैलाश चंदोला ने किया। कार्यक्रम में संचालन की भूमिका विशाल बालूजा ने निभाई। इस दौरान दीपक मनोठिया, संदीप पिवाल, मनोज सिंघानिया, मनोज चंदोला, राकेश गेहरा, मुकुल प्रिंस, मनोज छाबड़ा, प्रवीण महरौल, सतपाल गेहरा, उत्तम गोदियाल, अजीत लोहरे, रवि महरौल, अजय धींगान आदि मौजूद रहे।

## सरधना नगर पालिका परिषद में लगे हेल्थ मेगा कैंप में 70 से अधिक लोगों ने कराई जांच

■ ब्लड शुगर, बीपी व हृदय संबंधी जांच रही मुख्य
■ कैंप में पहुंचकर लोगों ने जांच करवाकर डाक्टरों से ली स्वास्थ्य की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद परिसर में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हेल्थ मेगा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन सईद कुरैशी द्वारा किया गया। जिसमें शुगर, ब्लड प्रेशर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों की जांच और समय रहते पहचान पर विशेष ध्यान दिया गया।

कैंप में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मौहम्मद शाकिर (एमबीबीएस) एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज मेरठ, एमडी मेडिसिन जीएमसी हल्द्वानी, गोल्ड मेडलिस्ट, हृदय एवं शुगर विशेषज्ञ, सहायक प्रोफेसर वीआईएमएस गजरौला ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर के दौरान फुल बॉडी चेकअप, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और हृदय संबंधी जांच सहित आवश्यक परीक्षण किए गए। कैंप में 70 से अधिक लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। हेल्थ मेगा कैंप का शुभारंभ निजाम अंसारी पूर्व चेयरमैन, अली शाह, हाजी अकरम, अशरफ राणा, खालिद अंसारी, ललित गुज्जर, शाहवेज अंसारी, सलीम अंसारी एवं आयोजक सईद कुरैशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने ऐसे स्वास्थ्य शिविरों को समाज के लिए बेहद उपयोगी बताया। डॉ. मौहम्मद शाकिर ने कहा कि बदलती जीवन शैली के कारण शुगर, बीपी और हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन समय पर जांच और सही परामर्श से इन पर नियंत्रण संभव है। वहीं पूर्व चेयरमैन निजाम अंसारी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कम खर्च में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय प्रयास है और भविष्य में भी ऐसे कैंप आयोजित होते रहने चाहिए। कैंप में जांच कार्य को सफल बनाने में अमान, इकराम, दानिश, मोहित और अर्पित सहित स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# 2027 की रणनीति को टारगेट बना कर्मवीर गुमी जुटे मैदान में!

## जातिगत समीकरण का फायदा पहुंचाने में कामयाब दिख रहे सपा जिलाध्यक्ष

■ गुर्जर-दलित समीकरण के साथ-साथ पाल, कश्यप व सैनी समाज में भी बढ़ रहा वोट बैंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी ने बीते दिनों मेरठ जिला अध्यक्ष की कमान गुर्जर समाज के कर्मवीर सिंह गुमी को सौंप कर 2027 की बड़ी रणनीति को टारगेट बनाया है। कर्मवीर गुमी गुर्जर समाज से हैं। वह एक लंबे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं। कर्मवीर सिंह गुमी की पृष्ठभूमि एक किसान परिवार से है। अपने जवानी के दौर में वह एक बड़े समाजसेवी के रूप में पहचान बन चुके हैं। उनकी पहचान राजनीति से पहले सामाजिक रही है जिसके चलते सर्वसमाज में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है और उनकी इस पकड़ को देखते हुए ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें मेरठ की कमान सौंपी है ताकि मेरठ में सर्वसमाज के बीच पार्टी का जनाधार बढ़ सके और 2027 में पीडीए को मेरठ में बड़ी जीत दिला सके।

### मायावती व नसीमुद्दीन ने की थी तारीफ

कर्मवीर सिंह गुमी वैसे तो शुरू से ही सपाई हैं मगर जब वह बसपा में गए तो उनकी काबीलियत देखते हुए बसपा प्रमुख मायावती और नसीमुद्दीन सिद्दीकि ने उन्हें सिवाल का प्रभारी बनाया था और उन्हें दलित गुर्जर गठजोड़ की जिम्मेदारी सौंपी थी जिसके बाद कर्मवीर सिंह गुमी गुर्जर समाज के घर-घर और गांव-गांव घूम थे। उन्होंने विधानसभा के दौरान न सिर्फ अपनी बूथ कमेटियों को मजबूत बनाया था बल्कि गुर्जर समाज का लगभग 90 प्रतिशत वोट बसपा की तरफ कन्वर्ट कर एक कीर्तिमान बनाया था। वहीं उन्होंने हस्तिनापुर विधानसभा के कई गुर्जर बहुल्य इलाके में बूथ कमेटियां मजबूत की थीं जिसके बाद लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कर्मवीर सिंह को खासतौर से सम्मानित किया गया था और खुद बसपा प्रमुख मायावती और नसीमुद्दीन ने उनके काम की तारीफ की थी। वहीं उनके काम की तारीफ आज भी उन नेताओं के मुंह से सुनने को मिल सकती है जो पहले बसपाई थे और आज सपा की कमान संभाले हुए हैं।

### गुर्जर समाज की सामाजिक स्थिति सुधारने को हुई थी शुरुआत

कर्मवीर सिंह गुमी ने अपनी समाजसेवा के शुरुआती दौर में ही जब समाज को कमजोर होते देखा तो उन्होंने अपने समाज को मजबूत बनाने के लिए 1997 में एक संगठन बनाया और वह संगठन गुर्जर मंच यानी अखिल भारतीय गुर्जर विकास मंच बनाया। इस संगठन के माध्यम से वह अपने समाज को मजबूत बनाने का काम कर रहे थे। समाज में फैली बुराई और समाज को राजनी. तिक व सामाजिक पृष्ठभूमि पर बेहतर बनाने के लिए उन्होंने बरसों तक काम किया जिसके चलते पूरे गुर्जर समाज में उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई और आज कर्मवीर सिंह गुमी अपने समाज में अपनी एक मजबूत पहचान रखते हैं जिसके चलते वह राजनीतिक पृष्ठभूमि में भी समाज को पहचान दिलाने में कामयाब हुए हैं।

### जब अखिलेश यादव ने अचानक बना दिया जिला अध्यक्ष

कर्मवीर सिंह गुमी बीते विधानसभा के दौरान दक्षिण विधानसभा से टिकट की मांग कर रहे थे और उनका टिकट लगभग तय माना जा रहा था लेकिन एन वक्त पर अखिलेश यादव ने दक्षिण विधानसभा से आदिल चौधरी के चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। उनके ऐलान के बाद कर्मवीर सिंह गुमी ने अखिलेश यादव के निर्णय का सम्मान करते हुए आदिल चौधरी को चुनाव लड़ाने का मन बनाया। उसके बाद अखिलेश यादव की नजर लगातार कर्मवीर सिंह गुमी पर थी और दिवाली से पहले जब कर्मवीर सिंह गुमी लखनऊ अखिलेश यादव से मिलने गए तो अचानक कर्मवीर सिंह गुमी को देखकर अखिलेश यादव ने उन्हें जिला अध्यक्ष घोषित कर दिया। अखिलेश यादव के निर्णय को देखकर जहां सब हैरान हो गए वहीं अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 की रणनीति के लिए कर्मवीर सिंह गुमी मेहनत करेंगे और पार्टी को मेरठ में बड़ी जीत दिलाने के लिए जातिगत और पीडीए की पहचान बनेंगे।



कर्मवीर सिंह गुमी

### जातिगत समीकरण को साध रही सपा

सपा जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी गुर्जर समाज से हैं और मेरठ के अंदर हस्तिनापुर विधानसभा, दक्षिण विधानसभा और किठौर विधानसभा एक गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र है और यहां पर गुर्जर समाज बड़ी तादाद में है और निर्णायक भूमिका निभाता है। वहीं समाजवादी पार्टी के बड़े नेता राजकुमार भाटी भी गुर्जर समाज को एक मंच पर लाने के लिए गुर्जर बहुल्य इलाकों में घूम रहे हैं। वह गुर्जर समाज को समाजवादी पार्टी की तरफ लाने की जुगत में लगे हैं और इसी रणनीति के तहत मेरठ में कर्मवीर सिंह गुमी को जिम्मेदारी मिली है। कर्मवीर सिंह गुमी जहां गुर्जर समाज में बड़ी पहचान रखते हैं वहीं वह दलित समाज की बेहतर समझ रखते हैं और उन्हें अपने साथ लाने में कामयाब हो सकते हैं। वहीं कश्यप, सैनी व प्रजापति समाज को भी कर्मवीर सिंह प्रभावित करते हैं जिसके चलते 2027 में मेरठ में समा. जवादी पार्टी जातीय समीकरण को भी साधने में कामयाब हो सकती है।

### यूपी की 132 गुर्जर बहुल्य विधानसभा पर निगाहें

सपा जिला अध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी का कहना है कि उत्तर प्रदेश की 132 विधानसभा ऐसी हैं जिनमे गुर्जर समाज 10 हजार से लेकर 80 हजार तक है और निर्णायक भूमिका में रहता है। इन 132 सीट पर गुर्जर समाज को एकजुटता का परिचय देकर अपनी राजनीतिक पृष्ठभूमि को मजबूत बनाना है और इसके लिए गुर्जर समाज के कई बड़े नेता मैदान में डटे हुए हैं ताकि गुर्जर समाज अपनी एक मजबूत पहचान राजनीति में स्थापित कर सके।

### दिग्गजों को एक मंच पर लाने में हुए कामयाब

कर्मवीर सिंह गुमी के सामने सबसे बड़ी चुनौती मेरठ समाजवादी पार्टी में चल रही गुटबाजी को खत्म करना है और यहां के सपाईयो को एक मंच पर लाना है। जिला अध्यक्ष बनते ही उन्होंने हस्तिनापुर विधानसभा में आयोजित गुर्जर सम्मेलन के दौरान जहां अतुल प्रधान, शाहिद मंजूर और योगेश वर्मा को एक मंच पर बिठाने में कामयाबी हासिल की थी वहीं वह धीरे-धीरे सपा के नेताओं की अदावत को खत्म करने के मिशन पर काम कर रहे हैं जिससे सपा को बड़ा फायदा हो सकता है।

# गन्ना भवन में गरजे राकेश टिकैत

## कहा किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो लखनऊ करेंगे कूच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन की ऐतिहासिक महापंचायत गन्ना भवन पर आयोजित की गई। काफी दिनों से धरने पर बैठे किसानों की समस्या का अधिकारियों ने निस्तारण नहीं किया। रविवार को चौधरी राकेश टिकैत गन्ना भवन पहुंचे उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कह दिया कि अगर किसान का उत्पीड़न किया गया तो वह चैन से नहीं बैठेंगे। और लखनऊ कूच करेंगे।

लखनऊ कूच के ऐलान पर जिला प्रशासन ने हरकत में आते हुए उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। गन्ना भवन में किसानों के लिए रागिनी गायकों ने रागिनी गाई जिसका किसानों लुफ्त उठाया। इस दौरान वहा मौजूद एडीएम सिटी बृजेश कुमार ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण के लिए जल्द ही 10 किसान लखनऊ प्रमुख सचिव गन्ना से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि रियल खतौनी प्रार्थना पत्र के आधार पर सहीं होगी। हाडा पूर्व की भांति ही रहेगा। अस्वीकृत प्रजाति और भाड़े पर जिलाधिकारी मुख्यमंत्री को पत्र लिखेंगे। इसके अलावा किसानों को मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव से मिलवाने की भी व्यवस्था करेंगे। इस पर धरने में शामिल राकेश टिकैत ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री किसानों से नहीं मिलेंगे तो वह लखनऊ पदयात्रा करेंगे। इसके अलावा किसानो ने एक सुर आवाज में आह्वान किया कि वह किसान समस्याओं के समाधान हेतु संघर्ष निरंतर जारी रखेंगे। धरने की अध्यक्षता मेजर चिंदौड़ी, रामफल शर्मा, इंद्रपाल मलिक ने की संचालन चौधरी हर्ष चहल और अनूप यादव ने किया। महापंचायत का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने किया। किसानो ने गन्ना अधिकारियों से कई सवाल किये। जिस पर उप गन्ना आयुक्त राजीव राय एवं जिला गन्ना अधिकारी बृजेश पटेल ने दोनों ओर से गलती स्वीकार की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी, हर्ष चहल, सत्यवीर, देशपाल, मोनू, बबलू तालियान, बबलू, कालू, रविन्द्र, विनोद, वीरेंद्र, कृष्णपाल, पुष्पेंद्र, विनेश छुर, नरेश, हापुड़ जिलाध्यक्ष दिनेश खेड़ा, ज्ञानेश्वर त्यागी, प्रशांत त्यागी, सनी प्रधान, सुनील, अनूप यादव आदि मौजूद रहे।

## विंटर कार्निवल 2025: जीटीबी में उमंग और उल्लास का संगम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में रविवार को विंटर कार्निवल 2025 का रंगारंग आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नरेन्द्र खजूरी, सदस्य यूपी राज्य एससी-एसटी आयोग, द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 के आगमन का भी उत्साह पूर्वक स्वागत किया गया।

कार्निवल में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फूड स्टॉल्स, झूले, गेम्स, रिंग टॉस, फुटबॉल गेम और पावर का दम जैसी गतिविधियों ने सभी का खूब मनोरंजन किया। रिक्वेस्ट सॉन्ग पॉइंट पर बच्चों ने मनपसंद गीतों पर नृत्य कर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। लकी ड्रॉ में एयर फायर, मिक्सर जूसर और वीडियो गेम्स जैसे आकर्षक पुरस्कार वितरित किए गए। स्कूल चेयरमैन इंदरजीत सिंह सालवान ने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## आवारा पशुओं से टकराकर बाइक सवार दो लोग घायल

### अधिकारी बेखबर, हादसों का सबब बन रहे हैं आवारा पशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** महलका मार्ग पर बाइक पशु से टकराने के कारण दो व्यक्ति घायल हो गए घायलों का प्राइवेट चिकित्सक से उपचार कराया गया। जानकारी के मुताबिक सकौती निवासी रुपराम अपनी बाइक पर सवार होकर फलावदा से महलका होते हुए सकौती अपने घर जा रहा था। जैसे ही रुपराम सकौती मार्ग पर गांव महलका के पास पहुंचा घने कोहरे के कारण सड़क पर बैठे आवारा पशु से बाइक टकरा गई। पशु से बाइक टकराने से रुपराम व पीछे बैठा अमित सड़क पर गिर कर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। आवारा पशुओं के सड़कों पर बैठने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने आवारा पशुओं को पकड़वा कर गौशाला भिजवाने की मांग की है वहीं सतपाल, वीरपाल, सौरभ आदि का कहना है आवारा पशु से फसल को बचाना मुश्किल हो रहा है आवारा पशु किसानों की फसलों को खा रहे है। आए दिन आवारा पशु खेतों में घुसकर फसले बरबाद कर रहे हैं। कोई प्रतिनिधि या समाज सेवी इस और ध्यान नहीं दे रहा है उन्होंने पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भिजवाने की मांग की है।



# अनियंत्रित होकर खेत में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली एक की मौत, दो गंभीर घायल


■ टिकौला शुगर मिल रामराज से गन्ना डालकर वापस लौटते समय हुआ हादसा
■ वाहन को बचाते हुए ट्रॉली हुई थी अनियंत्रित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** टिकौला शुगर मिल रामराज से गन्ना डालने के बाद वापस आ रहे किसान का थाना बहसूमा राम. राज चौकी क्षेत्र के रामराज एक बैंकट हॉल के पास शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। जिसमें ट्रैक्टर पर सवार तीन लोग ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दब गये। ट्रैक्टर ट्राली के नीचे दबने से एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो लोग जख्मी हो गये।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए हस्तिनापुर भिजवाया तथा मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ मोर्चरी भिजवाया। यह घटना इत्तेफाकन हुई है। परिजन ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने साथ ले गए हालांकि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर थाने पर नहीं आई है। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

हालांकि दो लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बताते चले कि शनिवार की शाम करीब 7 बजे गांव मोडकला निवासी रितेश जाटव पुत्र मामराज सिंह अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर शनिवार देर शाम अपने दो साथियों के साथ टिकोला मिल में गन्ना डालकर वापस घर आ रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली एक बैंकट हॉल के समीप पहुंची तो अज्ञातवन को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। हादसे में मोडकला निवासी बहादुर पुत्र धीरसिंह की



मौके पर ही मौत हो गई और रितेश पुत्र मामराज, कृष्ण पुत्र तेजपाल गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर घायलों को इलाज के लिए हस्तिनापुर भिजवाया तथा मृतक बहादुर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ मोर्चरी भिजवा दिया। दोनों घायलों की हालत चिंता जनक बताई जा रही है।



हालांकि यह घटना इत्तेफाकन बताई जा रही है। परिजन ट्रैक्टर ट्रॉली को अपने साथ ले गये। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह का कहना है कि यह घटना इत्तेफाकन हुई है। परिजन अपने वाहन को साथ ले गए हैं। मृतक बहादुर का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए मेरठ भिजवा दिया गया है। इस मामले में यदि कोई तहरीर आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने ललियाना नलकूप चोरी का किया खुलासा, मुठभेड़ के बाद तीन दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने ललियाना के जंगल में नलकूप पर हुई चोरी का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के बाद उनके कब्जे से चोरी का सामान, एक तमंचा, कारतूस और चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए।

किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि 11 दिसंबर को ललियाना निवासी अब्दुल कादिर पुत्र वसीरूद्दीन ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि चोर उनके नलकूप से स्टार्टर और केबिल चुरा ले गए थे। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान थाना इंचौली के गांव बिसौला निवासी उम्मेद अली पुत्र अलाउद्दीन और थाना लोहिया नगर के घोसीपुरा निवासी शेर अली पुत्र मुस्लिम रजा के नाम सामने आए। पुलिस ने राधना पुल के पास चेकिंग के दौरान मुठभेड़ के बाद इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस, एक बाइक और चोरी करने के उपकरण बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने थाना भावनपुर के गांव लडपुरा निवासी कबाड़ी बोबी पुत्र हरपाल को भी पकड़ा। बोबी के पास से चोरी किए गए स्टार्टर और केबिल के कुछ हिस्से बरामद हुए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।



■ गजरौला। भाकियू संयुक्त मोर्चा के धरने को संबोधित करते राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने छेड़ी प्रदूषण के विरूद्ध मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोचा के कार्यकर्ता औद्योगिक इकाईयों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदुषण के विरूद्ध अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। किसानों ने कहा कि जब तक प्रदुषण की समस्या से निजात नहीं मिल जाती तब तक वे धरना स्थल से नहीं उठेंगे।

रविवार को ब्लॉक क्षेत्र के शहबाजपुर डोर गांव में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा जमीन में छोड़े जा रह प्रदुषित पानी के कारण भूजल दूषित हो चुका है तो वहीं वायु प्रदुषण के कारण हवा में जहर घुल रहा है। क्षेत्र के गांव बसैली, शहबाजपुर डोर, रसूलपुर, फाजलपुर गोसाईं एवं तिगरिया भूड़ में बड़े पैमाने पर वायु व भूगर्भ जल

■ प्रदुषण के कारण लोगों में फैल रहीं बीमारियां: नरेश

प्रदुषित होने से लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। जनमानस के साथ साथ प्रदुषित पानी पीकर और चारा खाकर मवेशी भी बीमार हो रहे हैं और उनकी दुग्ध उत्पादन क्षमता घट रही है। पिछले दो वर्षों में कैंसर जैसी घातक बीमारी से पांच लोगों की मौत हो चुकी है तो वहीं हैपेटाइटिस बी और सी से भ अनेकों लोग पीड़ित हैं। हैंडपंप हों या फिर समसर्बिसल सभी में से निकलने वाला पानी दूषित और दुर्गंधयुक्त है। क्षेत्र के लोगों के साथ इतनी बड़ी समस्या होने के बाद भी कोई भी जनप्रतिनिधि कार्रवाई करने की आवाज नहीं उठाता है। संसद भवन और विधानसभा में इस प्रदुषण के कारण हो रही क्षति को मुददा नहीं गूंजता। यही कारण है कि औद्योगिक इकाईयों द्वारा क्षेत्र के वायु, जल और जमीन को प्रदुषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक प्रदुषण से निजात नहीं मिल जाती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्धू, प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण चौहान, जगदेब सिंह, जयकरन सैनी, अंकुर चौधरी, चौ.चरण सिंह, अब्दुल रशीद, दिलशाद मलिक, सुरेश सिंह, नबी चौधरी, मोनित कुमार, सुरेंद्र चौधरी, सुमर सिंह, नहीम चौधरी, इरशाद चौधरी, शानेआलम, लक्की चौधरी, विशाल यादव, पुनीत चौधरी, सहदेव यादव, आशु यादव आदि मौजूद रहे।

# बैंक्वेट हॉल के पास खड़ी कार में लगी आग

## अलाव पर खड़ी करने से हुआ हादसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बिजनौर रोड पर एक बैंक्वेट हॉल के पास एक कार में अचानक आग लग गई। बोनट से धुंआ उठने पर राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण बेध्यानी में कार को अलाव के पास खड़ा करना रहा। घटना शनिवार रात लगभग 10 बजे का है। यहां एक बैंक्वेट हॉल के पास सड़क किनारे लोगों ने ठंड से निजात के लिए अलाव जलाया था लेकिन इसके बाद यह लोग अलाव को जलता छोड़ कर चले गए, वहीं बैंक्वेट हॉल में एक शादी समारोह था जिसमें आए लोगों ने अपनी बाइक व कारें सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। बताया जा रहा है कि शादी में शामिल होने आए एक युवक ने अपनी कार बेध्यानी में अलाव के ऊपर खड़ी कर दी। थोड़ी देर बाद कार में धुआं उठता देख लोगों ने शोर मचाया तो युवक मौके पर पहुंचा तथा कार को पीछे किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गनीनत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया, इस दौरान मौके पर अफरातफरी मची रही।

# दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाकर वसूली करने वाले गैंग का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देने वाले गैंग में

■ घटना का मास्टरमाइंड दरोगा अभी फरार

शामिल एक और आरोपित को पुलि. सने गिरफ्तार करके चालान किया। अब इस मामले में गैंग के मास्टरमाइंड पुलिस उपनिरीक्षक की गिरफ्तारी बाकी रह गई है, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। बता दें कि थाना गजरौला पर 14.12.2025 को नईम निवासी ग्राम सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर थाना एचोड़ा कम्बोह जनपद



सम्भल को महिला द्वारा दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए सिंभावली थाने में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक नितिन कुमार वर्मा, दो हिस्ट्रीशीटर खालिद निवासी रझेड़ा थाना सिंभावली व दीपक निवासी मोहल्ला खेम सिंह कॉलोनी गजरौला, एक महिला कौशर निवासी रझेड़ा थाना सिंभावली, होमगार्ड लाखन निवासी देहरा रायपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ व एक युवक नवीन वर्मा निवासी मोहल्ला शिवपुरी थाना गजरौला से सवा लाख रूपये हड़प लिए थे। नईम ने आरोपितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई तो पूरा मामला उजागर हुआ। पुलिस ने इस मामले में दोनों हिस्ट्रीशीटर खालिद, दीपक, महिला कौशर व पीआरडी जवान लाखन को 14 दिसम्बर को ही गिरफ्तार करके चालान किया था, जबकि उपनिरीक्षक नितिन कुमार वर्मा व नवीन वर्मा फरार चल रहे थे। रविवार को पुलिस ने नवीन वर्मा को भानपुर फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह घटना वाले दिन से फरार था, आज बच्चों से मिलने आया था कि वह पकड़ा गया। उसने पूछताछ में बताया कि उपनिरीक्षक नितिन कुमार वर्मा से उसकी जान पहचान थी। हिस्ट्रीशीटर खालिद ने बताया था नईम नामक व्यक्ति को दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर रकम ऐंठी जा सकती है। जिसके बाद यह प्लॉन बनाया गया। उसके हिस्से में 15 हजार रूपये आए थे, जिनमें से दस हजार रूपये पुलिस ने बरामद किए, बाकी वह खर्च कर चुका था। अब इस केस में मास्टरमाइंड उपनिरीक्षक की गिरफ्तारी शेष है।



■ मंडी धनौरा। जीत के बाद समर्थकों सहित जश्न मनाते रामलीला प्रबंध समिति के अध्यक्ष।

लम्बी खींचतान के बाद आया फैसला, 77 वोटों से हासिल की जीत

# जागेश बने रामलीला समिति के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** श्री रामलीला प्रबंध समिति (मंदिर महादेव) के चुनाव को लेकर लंबे समय से चली आ रही खींचतान आखिरकार निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई। कड़े सुरक्षा इंतजामों, पुलिस की सख्त निगरानी और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच मतदान व मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए जागेश अग्रवाल और अशोक घरोटिया के बीच सीधा और रोचक मुकाबला रहा, जिसमें अंततः जागेश अग्रवाल ने 77 मतों के स्पष्ट अंतर से जीत दर्ज की।

मतगणना के दौरान प्रत्याशियों और समर्थकों की धड़कनें तेज रहीं। परिणाम घोषित होते ही तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई। जागेश अग्रवाल को कुल 199 मत प्राप्त हुए, जबकि अशोक घरोटिया को 122 मतों से संतोष करना पड़ा। मतों का यह अंतर जागेश अग्रवाल के पक्ष में मजबूत जनसमर्थन का संकेत माना जा रहा है। समिति के सदस्य पद पर आमोद कुमार, आशीष कुमार (बाटा वाले), अजय कुमार गोयल (गुलाब), अनिल सागर, अनुज गौरव (नीटू), अवनीश कुमार (बब्बी), दीपक कुमार (ज्वेलर्स), धर्मेन्द्र सिंह (मोनू), दिनेश पवार, मिंटू सिंह (सरदार जी), नरेन्द्र कुमार, नवीन वर्मा, पुनीत गुप्ता, पुनीत मांगलिक, प्रभात अग्रवाल, राजीव उर्फ राजु बादशाह, रूपक अग्रवाल, शंकर सिंह सैनी, श्याम वर्मा (ज्वेलर्स), सोमदत्त सैनी, सुधीर दिल्ली वाले, सुनील कुमार त्यागी, शंकर सैनी और विवेक अग्रवाल स्टाम्प वाले निर्वाचित घोषित किए गए। परिणाम घोषित होते ही मंदिर परिसर और नगर में जश्न का माहौल बन गया। समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। अध्यक्ष चुने जाने के बाद जागेश अग्रवाल ने कहा कि रामलीला केवल एक मंचन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों की अमूल्य धरोहर है।

# ब्लाक प्रमुख निधि से बन रही सड़क पर वन विभाग की आपत्ति

## विभाग ने रुकवाया खड़ंजा निर्माण, ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ब्लाक प्रमुख निधि से कराएं जा रहे खड़ंजा निर्माण को वन विभाग ने अपनी भूमि बताते हुए निर्माण कार्य रूकवा दिया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर सड़क निर्माण को शीघ्र पूरा करवाने की मांग की है। जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान के निस्तारण करने के आदेश दिए हैं।

ग्राम पंचायत चचौरा के मजरा भोगपुरा से खुशहालपुर गांव से होकर अलीगढ़ हसनपुर स्टेट हाइवे से मिलता है।यह रास्ता कच्चा था लेकिन बरसात के मौसम में रास्ते में पानी भरने से ग्रामीणों का निकलना दूभर हो जाता था। ग्रामीणों ने ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह खडगवंशी से रास्ते को पक्का करवाने की मांग की थी जिसपर ब्लाक प्रमुख ने क्षेत्र पंचायत निधि से उक्त मार्ग पर खड़ंजा निर्माण कराने के संस्तुति कर धनराशि अवमुक्त की थी। उक्त मार्ग पर ठीक ठेकेदार द्वारा खड़ंजा निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया था लेकिन पांच सौ मीटर निर्माण होने के बाद वन विभाग के अधिकारियों द्वारा रास्ते की भूमि वन विभाग की बताते हुए कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का कहना है इस रास्ते के निर्माण ना होने की वजह से ग्रामीणों को 8 किमी अतिरिक्त चलना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता से इस मार्ग को पूरा कराने तथा जर्जर विद्यालय के निर्माण की मांग की । जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्या को शीघ्र निस्तारित करने के आदेश अधीनस्थों को दिए हैं।मांग करने वालों में शमशुद्दीन प्रधान, राजेश ठाकुर, अमरीश राणा,, महावीर सिंह, विपिन कुमार, रामदेव राणा, सतपाल सिंह, योगेन्द्र आदि शामिल रहे। डिप्टी वन रेंजर सुमित राठी ने बताया कि वन विभाग की



भूमि में स्थायी निर्माण जिला वन अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। इसलिए वनविभाग की भूमि में सड़क निर्माण को रोका गया है।

# शोषण रोकने को बनानी होगी किसान मजदूर को अपनी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह ने कहा कि शोषण और परेशानी से बचने के लिए किसान और मजदूर को मिलकर अपनी सरकार बनानी होगी।

ब्लॉक क्षेत्र के गांव होशंगपुर गुर्जर में आयोजित बैठक में वीएम सिंह ने कह कि वे पिछले 30 बर्षों से न्यायालय के माध्यम से किसान को न्याय दिलाते आ रहे हैं, साथ ही समय-समय पर आन्दोलन करके भी किसान को उनका हक दिलाया है। किसी भी राजनैतिक दल ने किसानों



को उनका वास्तविक हक नहीं दिया है। सभी दलों की सरकारों ने किसानों हाशिए पर रखा है। जब तक संसद व विधानसभा में किसानों के हक में कानून नही बनेंगे तब तक किसान का भला होने वाला नहीं है। कहा कि विकल्प के तौर राष्ट्रीय किसान मजदूर पार्टी का गठन किया है, ताकि संसद व विधान सभा में किसान और मजदूर के लिए कानून बनाने वाले लोग पहुंचे, और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में किसान और

■ राकिमसं की बैठक में बोले राष्ट्रीय अध्यक्ष वीएम सिंह

मजदूर मिलकर अपनी सरकार बनायें। जब किसान और मजदूर की सरकार बनेगी तभी किसानों को उनका वाजिब हक मिल सकता है। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चौ.उपेन्द्र सिंह, जगजीत सिंह, जोगेन्द्र आर्य, राजवीर सिंह, जोरावर सिंह, लकी गौसल, भगवन्त सिंह,चौ.विजयपाल सिंह, जसपाल सिंह, यशपाल सिंह, मनीपाल सिंह, खचेडू सिंह यादव, रमेश यादव, योगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली से चोरी बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** नौगावां सादात पुलिस ने चेकिंग के दौरान युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से दिल्ली से चोरी की गई बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि दरोगा सुभाष बालियान 21 दिसंबर की सुबह बस्ती के मोहल्ला अलीनगर में चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान बस्तापुर रोड की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार युवक को पुलिसकर्मियों ने रुकने का इशारा किया तो उसने बाइक पीछे मोड़ रफ्तार तेज कर दी। पीछे भागे पुलिसकर्मियों ने कुछ दूर आगे जाकर युवक को दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मोहम्मद अरबाज निवासी मोहल्ला जामा मस्जिद वाली गली बताया। सख्ती बरतने पर उसने बाइक दिल्ली के मंडावली से तीन महीने पहले एक फ्लैट की पार्किंग से चोरी करना स्वीकार किया।

# युवक को पीटने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** संभल जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर पीटने और कार में तोड़फोड़ करने के मामले में डिडौली पुलिस ने दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव तलवार शहबाजपुर से जुड़ा था। यहां रहने वाले किसान कमरे आलम का बेटा सरताज 15 दिसंबर की शाम में किसी काम से संभल जिले के गांव तलवार शहबाजपुर जा रहा था। उसका आरोप है कि क्षेत्र के ही गांव अशरफपुर फैजगंज में कब्रिस्तान के पास से गुजरते में पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने घेरकर रोक लिया था। कार में तोड़फोड़ करते हुए 48 हजार रुपये छीन लिए थे। विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट की थी। लोगों को जमा होते देख आरोपी धमकी देते हुए भाग गए थे। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने घायल सरफराज को जोया सीएचसी में भर्ती कराया था। शिकायत के बावजूद पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की थी। लिहाजा, पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र सौंप को कार्रवाई की मांग की थी। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया मामले में गांव अशरफपुर फैजगंज के रहने वाले बब्बू व नवेद समेत एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# भाकियू टिकैत कर रहा बड़े आंदोलन की तैयारी

## गौरव टिकैत ने प्रदीम धामा से मुलाकात कर स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने का दिया आश्वासन





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रही है। यह आंदोलन किसान नेता प्रदीप धामा की पत्नी की सांप काटने से हुई मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही के विरोध में किया जा रहा है। भाकियू कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उनकी मौत हुई और अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

प्रदीप धामा ने तीन दिन पहले विकास भवन सभागार में अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया था। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से भाकियू कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में रोष है। इसी क्रम में, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के बेटे गौरव टिकैत आज बागपत पहुंचे। उन्होंने प्रदीप धामा से मुलाकात की और संगठन के कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की। गौरव टिकैत ने प्रदीप धामा को आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। गौरव टिकैत ने कहा कि लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन की जिम्मेदारी वह स्वयं लेंगे। उन्होंने प्रदीप धामा से कहा कि आंदोलन की रणनीति वह खुद तैयार करेंगे और जल्द ही स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदीप धामा ने यह भी बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात का समय मांगा है। जल्द ही वे प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर इस पूरे मामले से उन्हें अवगत कराएंगे।

# दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का सुभाष शर्मा ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में जेआईसी बैडमिंटन अकादमी के तत्वाधान में दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि चौधरी 84 देश का पंडित सुभाष शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक कालेज प्रधानाचार्य डा.यशपाल शास्त्री रहे। गायत्री देवी कॉलेज के प्रबंधक कपिल तोमर ने उद्घाटन के अवसर पर कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए। प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में उत्साह बढ़ता है। खेल के मैदान पर आकर बच्चों सर्दियों में स्वास्थ्य भी ठीक रहता है। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए गायत्री देवी कॉलेज के प्रबंधक कपिल तोमर ने कहा कि जनपद बागपत का युवा खिलाड़ी अपनी कलाओं का प्रदर्शन करके आज देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रहा है। जनपद निशानेबाजी कबड्डी अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भी विदेश तक जाना जाता है। जनपद की मिट्टी में जन्मे खिलाड़ी जहां भी जाते है। वहीं जनपद का नाम रोशन करके आते है। जनपद की मिट्टी सोना उगलती है। यही जनपद बागपत की आन मान शान है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी डा.इरफान मलिक ने किया। इस अवसर पर दीपक सरोवर राजीव कुमार डा.हर्षवर्धन विशाल चौधरी कोच राजन चौहान कोच गौरव चौधरी कोच अनमोल पवार अमरदीप शर्मा विपिन कुमार के अलावा काफी संख्या में टूर्नामेंट में कई स्थानों की टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि 84 देश खाप चौधरी पंडित सुभाष शर्मा ने का उत्साह वर्धन किया।

# अवैध कब्जे के विरोध में जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** खेकड़ा तहसील के काठा गांव निवासी जगपाल ने जिलाधिकारी के नाम एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खेत तक जाने वाली सरकारी चकरोड़ पर पड़ोसी खेत मालिकों ने अवैध कब्जा कर लिया है।

जगपाल ने बताया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने खेकड़ा एसडीएम निकेत वर्मा को भी शिकायती पत्र सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की। जगपाल के अनुसार, अवैध कब्जे के कारण उन्हें अपने खेत का उपयोग करने में बाधा आ रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम निकेत वर्मा ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि कब्जाधारियों के खिलाफ जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# समाज की पगड़ी की तमाम उम्र लाज रखूंगा:शौकेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा छपरौली क्षेत्र निवासी शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि समाज की पगड़ी की तमाम उम्र लाज रखूंगा और समाज के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करूंगा। वक्त बातें रविवार को मीडिया के सामने रूबरू होते हुए राष्ट्रीय खोकर महासभा भारत के राष्ट्रीय संयोजक बनने पर कहीं खोखर महासभा द्वारा जो सम्मान मुझे दिया गया है। यह मेरे जीवन का मेरे समाज द्वारा पहला सम्मान है। शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि खोखर समाज की तरफ से उत्तराखंड के हरिद्वार में धर्मशाला के लिए जमीन का दान देने की भी जो घोषणा के महीने की थी। मैं उसे पर कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि चैयरमेन छपरौली राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर हलालपुर मंदिर के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संरक्षक डा.तेजवीर सिंह खोखर के दिशा निर्देश में हमेशा कार्यरत रहूंगा।



# पुलिस ने ठगी करने वाले दो महिलाओं समेत सात अंतर्राज्यीय गिरोह को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** साइबर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो महिलाओं समेत सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी इंटरव्यू आयोजित कर लोगों को नौकरी का झांसा देते थे और फिर उनसे ऑनलाइन ठगी करते थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा।

एसपी सूरज राय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से ठगी में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अब तक हजारों से अधिक लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में बागपत के बड़ौत कस्बा निवासी मोहित, पुनीत और वरदान शामिल हैं।



इसके अलावा शामली निवासी अक्षय और दिल्ली निवासी अनुज को भी गिरफ्तार किया गया है। इस साइबर अपराध में संलिप्त दो महिलाओं को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ बागपत समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में करीब 20 मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 6 हजार से अधिक लोगों का डेटा, फर्जी दस्तावेज, 2 सिम कार्ड, 15 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक, 2 यूपीआई क्यूआर कोड, एक एटीएम कार्ड और 11 अन्य प्रकार के कार्ड बरामद किए हैं। एसपी सूरज राय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपी पहले भी दिल्ली में साइबर ठगी के मामलों में जेल जा चुके हैं।

आरोपियों के पास से कुछ अन्य संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। यदि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आते हैं, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 25 दिसंबर तक तालाब की सफाई नहीं होती है तो करेंगे आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के गांव बड़का में सर्व समाज की एक पंचायत आयोजित की गई। इस पंचायत में गांव के तालाब की सफाई न होने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 25 दिसंबर तक तालाब की सफाई नहीं होती है, तो वे आंदोलन करेंगे।

गांव बड़का निवासी आनंद कुमार कश्यप पिछले कई वर्षों से तालाब की सफाई के लिए अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं। 15 दिसंबर को उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि अगर 25 दिसंबर तक तालाब की सफाई नहीं होती है, तो वे ग्रामीणों के साथ तालाब में समाधि ले लेंगे। इस चेतावनी और तालाब की दुर्दशा को लेकर गांव में गहरा आक्रोश है। इसी के मद्देनजर, आज गांव के काली माता मंदिर में सर्व समाज की पंचायत बुलाई गई। पंचायत में आगे की रणनीति तय की गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शासन-प्रशासन ने इस मुद्दे पर विचार नहीं किया, तो वे आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर विजय हिंदुस्तानी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए समस्या का तत्काल समाधान करना चाहिए। आंदोलन को मजबूत करने के लिए रणनीति बनाई गई। इस पंचायत में आनंद कुमार कश्यप, सुमित कुमार, अंशुल, शिवम देव, विजयपाल, राम भजन, उमेश, अनुज सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम' में प्रतिभा और सेवा का संगम ,मेधावी छात्रों और समाजसेवियों को मिला सम्मान

ihyhHkhrA जनपद के खकरा नदी के समीप स्थित 'ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम' में आज 21 दिसंबर को एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक सम्मान समारोह संपन्न हुआ। यह आयोजन उन होनहारों के नाम रहा, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों और अभावों के बीच न केवल अपनी शिक्षा जारी रखी, बल्कि अपनी मेहनत से सफलता की नई इबारत लिखी। समारोह में जिले के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं और स्कूल-कॉलेज स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। समारोह के दौरान जिले के लगभग 25 टॉपर छात्र-छात्राओं को मंच पर पुरस्कृत किया गया। इन मेधावियों में मुख्य रूप से प्रियांशी मिश्रा, फरदान खान, मोहम्मद जावेद, फातिमा हामिद, काज़िमा यूनुस, जुनैरा फातिमा, प्रियाल साहू, अभिजीत कुमार और केंद्रिका राज,अनुषा जिलानी शामिल रहे। इन बच्चों की सफलता इस मायने में खास है कि इन्होंने आर्थिक और सामाजिक बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए अपनी मेधा का लोहा मनवाया है। 'ब्लेस्ड चिल्ड्रन होम' के संस्थापक मोहम्मद अफ़रोज़ ने इस अवसर पर बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य ऐसे ही बच्चों को तलाशना है जिनके पास हुनर तो है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे पीछे रह जाते हैं। संस्था इन्हें मुफ्त कोचिंग, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और प्रवेश परीक्षाओं की पूरी तैयारी करवाकर उनके सपनों को हकीकत में बदलने का काम कर रही है। कार्यक्रम में केवल छात्रों को ही नहीं, बल्कि उन उदारमना लोगों को भी सम्मानित किया गया जो पर्दे के पीछे रहकर इस नेक मिशन को सफल बनाने में संस्था की मदद करते हैं। समाजसेवा के प्रति समर्पित लगभग 20 प्रमुख व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से शकील उर रहमान, सलाहुद्दीन, जावेद कुरैशी, डॉ. नदीम, डॉ. बदरुल कमर और मोहम्मद हसन जैसे नाम शामिल रहे, जिन्होंने समय-समय पर संस्था को अपना सहयोग प्रदान किया मुख्य अतिथियों के रूप में जिले के प्रख्यात अधिवक्ता मुरली मनोहर अग्रवाल, राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सब रजिस्ट्रार अब्दुल साकिब, अनिल महेंद्रू, लक्ष्मी कांत शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष अमिताभ अग्निहोत्री, एसपीएस संधू और दुर्गा दास रजनी आदि मौजूद रहे।

### 23 दिसम्बर को जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची

ihyhHkhrA यूपी में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को इस बार नए और सक्रिय मतदाता और भी खास बनाएंगे। प्रदेश में पंचायत चुनावों की तैयारियां तेज हो गईं हैं। मतदाता सूची बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और 23 दिसंबर को राज्य निर्वाचन आयोग ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी करेगा। अंतिम मतदाता सूची छह फरवरी को जारी होगी। यूपी पंचायत चुनाव उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनावों की तैयारियां तेज हो गईं हैं। मतदाता सूची बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और 23 दिसंबर को राज्य निर्वाचन आयोग ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी करेगा। मतदाता सूची में शामिल 90.76 लाख डुप्लीकेट मतदाताओं को हटाने का काम जिलों में किया जा रहा है। ऐसे में अब शुद्ध मतदाता सूची जारी करने के लिए सभी जरूरी उपाय किए जा रहे हैं। अभी पंचायत चुनाव की मतदाता सूची में 12.43 करोड़ लोग शामिल हैं। फिलहाल अंतिम मतदाता सूची छह फरवरी को जारी होगी।

### एनएच-19 पर अवैधा शराब की बड़ी खेप पकड़ी, तस्कर गिरफ्तार

eFk|jkA जनपद में अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग को बड़ी सफलता मिली है। आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना जैत क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी का खुलासा किया है। थाना जैत अंतर्गत कृष्ण वैली के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर चेकिंग के दौरान हरियाणा की ओर से आ रही एक सिलेटी रंग की हुंडई वरना कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई, जिसे गैर प्रांत में बेचने के उद्देश्य से ले जाया जा रहा था। जांच के दौरान वाहन से कुल 724 बोतल अवैध मदिरा बरामद की गई। इसमें 154 बोतल ओल्ड मॉन्क रम "फॉर सेल सीएसडी ओनली" तथा 570 बोतल ट्रिपल वन ऐस रम "फॉर सेल इन यूटी चंडीगढ़ ओनली" शामिल हैं। बरामद शराब की कुल मात्रा 543 बल्क लीटर आंकी गई है। इस मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 43 हजार 400 रुपये बताया गया है। मौके से आरोपी उत्तम कुमार पुत्र धर्मवीर, निवासी ग्राम मदीना, थाना बहुअकबरपुर, जिला रोहतक (हरियाणा), उम्र लगभग 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह शराब हरियाणा से बिहार ले जा रहा था, जहां इसे अवैध रूप से ऊंचे दामों पर बेचा जाना था। आबकारी विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम एवं अन्य सुसंगत धाराओं में थाना जैत पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। साथ ही वाहन को भी कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, तस्करी और बिक्री के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आम जनता से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध शराब से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस या आबकारी विभाग को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# किसान ट्रस्ट द्वारा चौ.चरण सिंह पुरस्कार समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** तहसील क्षेत्र से वार्ड नंबर 10 बागपत से जिला पंचायत सदस्य पद की भावी प्रत्याशी सुधा तोमर मलकपुर के नेतृत्व में किसानों को दिल्ली में किसान ट्रस्ट द्वारा चौधरी चरण सिंह पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न किसानों के सच्चे मसीहा स्व.चौधरी चरण सिंह की जयंती के मौके पर रालोद प्रमुख कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी ने किसानों को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान मलकपुर चौधरी बाबूराम सिंह तोमर ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर चौधरी चरण सिंह की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए हमें किसानों के लिए काम करना होगा। यही सच्ची श्रद्धांजलि देश में साबित होगी हम सब लोगों को मिलकर उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी विक्की उर्फ अनुज तोमर मलकपुर सुधा तोमर पूर्व प्रधान मलकपुर बाबूराम चौधरी पूर्व प्रधान बाछोड विकास रालोद चौधरी जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर रालोद नेता रमन शर्मा जयंत चौधरी के निजी सचिव चौधरी वीरपाल मलिक चौधरी अमरजीत सिंह नीरज चौहान ममता चौधरी मिथिलेश चौधरी वरुण चौधरी के अलावा भारी संख्या में समाजसेवियों रालोद नेताओं को दिल्ली में सम्मानित किया गया।



# घने कोहरे से लोगों को मिली राहत, प्रदूषण के स्तर में भी हुई गिरावट

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** लोगों को घने कोहरे से राहत मिली है, जिससे वाहनों की आवाजाही सामान्य हो गई है। हालांकि, जिले में शीतलहर का प्रकोप जारी है और ठंड से ठिठुरन बढ़ गई है। इस बीच, प्रदूषण के स्तर में भी गिरावट दर्ज की गई है।

कोहरा छंटने के बाद दिल्ली-सहारनपुर हाईवे, ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मेरठ हाईवे पर वाहन फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। रात्रि में चली तेज हवा और आसमान में छाए बादलों के कारण कोहरा हटा है, जिससे वाहन चालकों और दैनिक गतिविधियों में लगे लोगों को काफी सुविधा हुई है। यातायात व्यवस्था अब सुचारू रूप से चल रही है। कोहरे से राहत के बावजूद सर्दी से अभी कोई निजात नहीं मिली है। रात्रि का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि दिन का तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। दिन और रात में तेज हवाएं चलने से शीतलहर का असर देखा जा रहा है, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 319 तक पहुंच गया है, जिसमें गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, हवा अभी भी श्बहुत गंभीरश श्रेणी में है, लेकिन पिछले तीन दिनों से प्रदूषण के स्तर में लगातार कमी देखी जा रही है। बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। जरूरतमंद लोगों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। मुख्य मार्गों और चौराहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, बेसहारा पशुओं के लिए भी प्रशासन अलर्ट पर है और उनके लिए अस्थायी रैन बसेरे बनाए गए हैं।



# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने डॉ चरित्र सिंह के आवास पर पहुंचकर दी बधाई

i|jui|jA तहसील क्षेत्र के गांव रमपुरा फकीरे निवासी डाक्टर चरित्र सिंह ने एम एस (जनरल एंड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी) की डिग्री प्राप्त कर अपनें माता पिता और अपने परिवार का नाम रोशन किया है आपकों बता दें डॉ चरित्र सिंह के पिता जी अगमवीर सिंह रमपुरा फकीरे में प्रधान पद पर कार्यरत होकर ग्राम वासियों को अपनी सेवा दे रहे हैं

वहीं ग्राम प्रधान के पुत्र ने अपनी मेहनत और लगन से एम एस (जनरल एंड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी) की डिग्री प्राप्त कर लक्ष्य को हासिल किया है स इसी मेहनत और लगन को देखते हुए ग्राम पंचायत में डॉ चरित्र सिंह की प्रसंशा हों रही है स पीलीभीत जनपद और क्षेत्र वासियों से शुभकामना संदेश और बधाई संदेश मिल रहें हैं स इसी क्रम में पूरनपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि निर्विकार अपूर्व सिंह ने अपने काफिले के साथ ग्राम प्रधान अगमवीर सिंह के आवास पर पहुंचकर डॉ चरित्र सिंह को आशीर्वाद दिया और बाबा नीम करोली जी से डॉ चरित्र सिंह के उज्वल भविष्य की प्रार्थना की है आप सफलता के मार्ग पर सदैव अग्रसर रहे और अपने माता पिता का नाम रोशन करते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा करे।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी नाइलिट विस्तार केन्द्र प्रयोगशाला का किया उद्घाटन

'kkg VkbEl I okn nkrk
ihyhHkhrA भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत अटल बिहारी वाजपेयी नाइलिट विस्तार केंद्र, पीलीभीत द्वारा रविवार को राजकीय ड्रमण्ड इंटर कालेज परिसर में एक दिवसीय प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं के मध्य प्रौद्योगिकी आधारित कौशल विकास, नवाचार तथा उद्यमिता को प्रोत्साहन प्रदान करना रहा। केन्द्रीय राज्यमंत्री, वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी भारत सरकार जितिन प्रसाद द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी नाइलिट विस्तार केन्द्र पीलीभीत इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर प्रयोगशाला में तैयार किए गए तकनीकी मॉडल को देखा एवं उसके बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने क्लास रूम में पहुंचकर सीसीसी एवं ओ लेवल के छात्र/छात्राओं से बात की तथा उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछा। इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल फ्रॉड की रोकथाम, डेटा सुरक्षा, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं उभरते साइबर खतरों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन राज्यमंत्री, वणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी भारत सरकार जितिन प्रसाद द्वारा किया गया। इस अवसर पर नाइलिट के निदेशक, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पीसीयू के चेयरमैन सुरेश गंगवार, चेयरमैन डॉ आस्था अग्रवाल, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरूभाग सिंह, पूर्व विद्यायक किशनलाल, राजपूत आदि मौजूद रहे।



# डग्गामार बसों पर पुलिस विभाग की कार्रवाई

## बिना फिटनेस व परमिट दौड़ रहीं 7 बसें सीज, यातायात नियमों के उल्लंघन पर दिखाई सख्ती






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** यात्री सुरक्षा और यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती दिखाते हुए गढ़ कोतवाली पुलिस ने हाईवे पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बिना वैध फिटनेस प्रमाणपत्र और परमिट के संचालित की जा रहीं डग्गामार बसों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 7 बसों को सीज कर दिया। इस कार्रवाई से डग्गामार बस संचालकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है।

गढ़ थाना प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ बसें बिना आवश्यक दस्तावेजों के हाईवे पर बेखौफ दौड़ रही हैं, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में पड़ रही है। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने हाईवे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान कई बसें बिना फिटनेस, परमिट और अन्य जरूरी कागजातों के पाई गईं। मौके पर ही पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाली 7 बसों को सीज कर दिया। कार्रवाई के दौरान यात्रियों को वैकल्पिक साधनों से उनके गंतव्य की ओर रवाना कराया गया, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने स्पष्ट किया कि यात्री सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बिना कागजात और नियमों के विरुद्ध चलने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रूप से बसें चलाने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है।

## चलते कैंटर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नेशनल हाईवे-9 पर शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब निजामपुर फ्लाईओवर के पास एक चलती कैंटर गाड़ी में अचानक आग भड़क उठी। आग लगते ही वाहन चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए कैंटर से छलांग लगा दी, जिससे उसकी जान बच गई। घटना के चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कैंटर मेरठ की ओर से नोएडा जा रहा था। फ्लाईओवर पर पहुंचते ही वाहन से पहले धुआं निकलता दिखाई दिया और कुछ ही सेकंड में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की ऊंची लपटें देखकर राहगीरों में हड़कंप मच गया और कई वाहन चालकों ने अपनी गाड़ियां रोक दीं। सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने यातायात को नियंत्रित करते हुए फंसे वाहनों को सुरक्षित निकलवाया। पुलिस के अनुसार, कैंटर चालक सुनील निवासी गांव डेवटा, थाना दनकौर, जनपद गौतमबुद्ध नगर है। सीएफओ अजय शर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

# ऐतिहासिक रोजगार मेले में मिला 400 युवाओं को रोजगार



**नदीम नकवी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर क्षेत्र के रेलवे रोड स्थित चौधरी महेंद्र सिंह डिग्री कॉलेज में समाजसेवी अर्जुन चौधरी के नेतृत्व में एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले ने क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए नई उम्मीद की किरण जगाई। मेले में हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से करीब एक हजार युवाओं ने विभिन्न कंपनियों में आवेदन किया, जबकि लगभग 400 अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता के आधार पर किया गया।

चयनित अभ्यर्थियों को गुजरात, नोएडा, पंजाब और गुरुग्राम सहित देश के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए गए। रोजगार मेले में मल्टीनेशनल और प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी रही, जिससे युवाओं को सीधे साक्षात्कार और चयन का अवसर मिला। इस अवसर पर समाजसेवी अर्जुन चौधरी ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का समग्र विकास तभी संभव है, जब वहां के युवाओं को साथ लेकर आगे बढ़ा जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है, ताकि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के संकट को दूर किया जा सके। अर्जुन चौधरी ने कहा कि हर मां-बाप का सपना होता है कि जिन बच्चों को उन्होंने मेहनत से पढ़ाया-लिखाया है, वे आगे बढ़कर परिवार और समाज का सहारा बनें। इसी सोच के साथ क्षेत्र में पहली बार मल्टीनेशनल कंपनियों से संपर्क कर रोजगार मेले का आयोजन कराया गया। अर्जुन चौधरी ने कहा कि यदि क्षेत्र में उद्योगों का विस्तार होता है तो स्थानीय युवाओं को अपने ही इलाके में रोजगार मिलेगा। वहीं रोजगार मेले के कोऑर्डिनेटर संजय ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के बेरा. जगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि मेले में आए हजारों अभ्यर्थियों में से करीब एक हजार ने आवेदन किया, जिनमें से लगभग 400 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले की सफलता से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और युवाओं के चेहरे पर भविष्य को लेकर नई उम्मीद साफ नजर आई। यह आयोजन गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में रोजगार और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राहुल गांधी को मोदी से नफरत, आचार्य प्रमोद कृष्णम का तीखा बयान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर में आयोजित नेह नीड फाउंडेशन के वार्षिक कार्यक्रम में कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के भविष्य के निर्माण के लिए देशभर में अनेक संस्थाएं कार्य कर रही हैं, जिनमें नेह नीड फाउंडेशन एक प्रमुख संस्था है। ऐसी संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों से ही भारत के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

कार्यक्रम के दौरान आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भारत में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष भारत को बांग्लादेश बनाने की साजिश कर रहा है, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आलोचना के लिए आलोचना नहीं करते, बल्कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से व्यक्तिगत नफरत है। जब भी प्रधानमंत्री राष्ट्रहित में कोई निर्णय लेते हैं, राहुल गांधी उसका विरोध करने सड़क पर उतर आते हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी तंज कसते हुए कहा कि जब से राहुल गांधी के साथ अखिलेश यादव जुड़े हैं, तब से वह भी अनर्गल बयानबाजी करने लगे हैं। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि राहुल गांधी का राहु अखिलेश यादव के सिर पर चढ़ गया है, इसी वजह से वह उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं। उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को समझते हुए चुनाव की तैयारी करनी चाहिए और समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक सरोकारों को मजबूत करना और राष्ट्र निर्माण में संस्थाओं की भूमिका को रेखांकित करना रहा।

## चलती नाव की छत पर दिव्यांग का खतरनाक स्टंट, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला गढ़मुक्तेश्वर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल बृजघाट का सामने आया है, जहां गंगा नदी में एक दिव्यांग युवक द्वारा जान जोखिम में डालकर किया गया खतरनाक स्टंट कैमरे में कैद हो गया। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में दिव्यांग युवक नदी में चल रही नाव की छत पर चढ़कर शारीरिक व्यायाम जैसे डिप्स लगाता नजर आ रहा है। वीडियो के दौरान युवक यह दावा करता सुनाई देता है कि उसने यह जोखिम भरा स्टंट करीब 1.90 लाख रुपये के ऑनलाइन चैलेंज को पूरा करने के उद्देश्य से किया है। इस घटना के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और तीर्थ क्षेत्र में मौजूद श्रद्धालुओं में गहरा रोष है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाने की मांग की है। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर रील्स और खतरनाक चैलेंज के बढ़ते प्रभाव के चलते युवा वर्ग इस तरह के जानलेवा प्रयोग कर रहा है। वायरल होने और पैसे कमाने की चाहत में युवक गंगा किनारे पहुंचा और नाव की छत पर स्टंट कर वीडियो रिकॉर्ड कराया। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया गया है। युवक की पहचान की जा रही है और उसके ठिकाने का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रेलवे ट्रैक पर जानलेवा स्टंट करने वाला युवक गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक खतरनाक वीडियो का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर रेलवे ट्रैक के ओवरब्रिज और चलती ट्रेन के साथ दौड़ते हुए जानलेवा स्टंट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक एप्पल मोबा. इल फोन भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने रेलवे ट्रैक के ओवरब्रिज और ट्रेन के साथ दौड़ते हुए खतरनाक तरीके से स्टंट करने वाले आरोपी कपिल पुत्र बबलू, निवासी मोहल्ला आर्यनगर, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ को ग्राम परतापुर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त एप्पल मोबाइल फोन बरामद किया गया है, जिससे वीडियो बनाया गया था। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि इस प्रकार के खतरनाक स्टंट न करें, क्योंकि इससे स्वयं की जान के साथ-साथ दूसरों की जान भी खतरे में पड़ सकती है। सोशल मीडिया पर लो. कप्रियता पाने के लिए कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### एक नजर

## हापुड़ में यूपी बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2 फरवरी से, सीसीटीवी से होगी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तैयारियां जिले में तेज कर दी गई हैं। ज़िलें को प्रयोगात्मक परीक्षाओं के दूसरे चरण में शामिल किया गया है, जहां इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2 फरवरी से 9 फरवरी के मध्य सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में संपन्न कराई जाएंगी। मुख्य बोर्ड परीक्षाओं से पहले प्री-बोर्ड और प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 10 जनवरी तक कराने के निर्देश जारी किए गए हैं, जबकि यूपी बोर्ड की मुख्य परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारंभ होंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डा. श्वेता पूठिया ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि दिसंबर माह तक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का पाठ्यक्रम अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लिया जाए, जिससे छात्रों को परीक्षा की तैयारी में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूर्व की भांति आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर होंगी। व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को अपने अग्रसारण केंद्र पर संबंधित प्रधानाचार्य से संपर्क कर परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनपद में कुल 29,184 छात्र परीक्षा के लिए पंजीकृत हैं, जबकि गत वर्ष यह संख्या 28,524 थी। कक्षा 10वीं में 8,294 छात्र और 7,398 छात्राएं पंजीकृत हैं, जबकि 87 परीक्षार्थी व्यक्तिगत श्रेणी के हैं। कक्षा 12वीं में 6,438 छात्र, 6,243 छात्राएं तथा 733 व्यक्तिगत परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

## परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी का आरोप, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात क्षेत्र के गांव असोड़ा स्थित हर्ष विहार निवासी एक ग्रामीण ने अपने ही रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र सौंपा है। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित मुख्तार अहमद ने बताया कि उसका साला राहिब अहमद कई वर्षों से हापुड़ में नौकरी करता है और अपनी पत्नी के साथ पीड़ित के घर पर ही रह रहा था। पीड़ित के अनुसार पिछले करीब एक वर्ष से उसके घर में अलमारी और अन्य स्थानों से रुपये गायब हो रहे थे। काफी तलाश के बावजूद चोर का कोई सुराग नहीं लग सका। 26 अगस्त 2025 को उसके कमरे से 14,500 रुपये गायब हो गए। घर में खोजबीन और सभी से पूछताछ के बाद भी जब रुपये नहीं मिले तो पीड़ित की पत्नी ने राहिब और उसकी पत्नी के कमरे की तलाशी ली। इस दौरान राहिब की पत्नी कशिश के कपड़ों के बीच से वही 14,500 रुपये बरामद हुए। रुपये मिलने पर कशिश से पूछताछ की गई तो उसने माफी मांगते हुए भविष्य में दोबारा ऐसा न करने का वादा किया। रिश्तेदारी का लिहाज रखते हुए उस समय पीड़ित की पत्नी ने मामला यहीं दबा दिया। आरोप है कि इसके बाद से कशिश ने पीड़ित और उसके परिवार से रंजिश माननी शुरू कर दी। पीड़ित का कहना है कि कशिश ने अपनी मां और भाई को बुला लिया और उनके साथ मायके चली गई। जाते समय उसने पीड़ित की पत्नी को धमकी दी कि चोरी करते हुए पकड़े जाने का बदला वह जरूर लेगी और पूरे परिवार को झूठे मुकदमों में जेल भिजवा देगी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि अब कशिश के माता-पिता और भाई उसे और उसके परिवार को लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित मुख्तार अहमद ने एसपी से पूरे मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## अवैधा कच्ची शराब पकड़ी

**हसनपुर।** आबकारी पुलिस ने शराब माफिया की कमर तोड़ते हुए भारी मात्रा में कच्ची शराब लहन व उपकरणों को बरामद किया है। आबकारी विभाग की कार्यवाही से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। हसनपुर कोतवाली इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब को तोड़ा जा रहा है। रविवार को गंगा किनारे बसे ग्राम दियावली खालसा में आबकारी विभाग की टीम ने छापा मार दिया। आबकारी पुलिस ने वहां से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब 4 कुंतल लहन वह बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाने वाले उपकरणों को भी बरामद किया है। लहन को पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। गांव दियावली खालसा में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब को तोड़ा जा रहा है। आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने बताया कि खेत में अवैध शराब के कारोबार को नहीं होने दिया जायेगा।

# सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध अभियान

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA अन्धता निवारण एवं दिव्यांग जनों की सेवा में समर्पित संस्था कल्याणं करोति नेत्र संस्थान मथुरा – गोवर्धन रोड जचौंदा एवं स्प्रिंग होप कैंसर फाउंडेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिसंबर को सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध अभियान –जागरण से निवारण तक का शुभारंभ होना है। प्रातः 11 बजे से शुरू होने वाले इस अभियान को आशा बहनों के सहयोग से गति दी जाएगी। नेत्र संस्थान आशा बहनों को अपने संसाधनों से यथा संभव सहयोग प्रदान करेगा। विशेषज्ञों द्वारा उन्हें तकनीकी जानकारी दी जाएगी। साथ ही अंधता निवारण की दिशा में चल रहे संस्थान के कार्यों से भी उन्हें रूबरू कराया जाएगा।

संस्थान सचिव सुनील शर्मा ने बताया कि यह बेहद महत्वपूर्ण पहल है।

उन्होंने कहा आशा बहनें समाज को रोग मुक्ति में नयी आशा की किरण बन सकती हैं। हम उन्हें साथ लेकर रोग मुक्त समाज का निर्माण करने की दिशा में काम करेंगे। कार्यक्रम में गोवर्धन ब्लॉक की सभी आशाओं व कुछ गांवों से आंगनबाडियों को आमंत्रित किया गया है।

# फैक्ट्री में लोहे के हैंगर की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के यूपीएसआईडीसी स्थित खेकड़ा कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में रविवार को हुए दर्दनाक औद्योगिक हादसे में एक मजदूर की जान चली गई। लोहा गलाने वाली फैक्ट्री में वजन उठाने वाली मशीन का हुक अचानक टूट गया, जिससे एक भारी हैंगर नीचे गिर पड़ा और उसकी चपेट में आने से मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर जिले के मंस. ूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुर बालियान निवासी 28 वर्षीय कुर्बान पुत्र उस्मान के रूप में हुई है। बताया गया कि हादसे के समय कुर्बान फैक्ट्री में नियमित कार्य कर रहा था। अचानक मशीन का हुक टूटने से संतुलन बिगड़ा और भारी हैंगर सीधे उसके ऊपर आ गिरा। घटना के तुरंत बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों और फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा घायल मजदूर को आनन-फानन में रामा अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे जीएस मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही धौलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही फैक्ट्री प्रबंधन से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मशीन का हुक टूटना हादसे की वजह सामने आई है। यह भी जांच की जा रही है कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों और श्रमिकों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन किया जा रहा था या नहीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए गठित समिति ने मांगे सुझाव

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA जनपद मथुरा के थाना बल्देव क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण सड़क हादसे के मामले में जिलाधिकारी द्वारा जांच समिति का गठन किया गया है। यह दुर्घटना आगरा से नोएडा की ओर जाने वाले मार्ग पर माइल स्टोन 127 के पास 15 और 16 दिसंबर 2025 की रात्रि में हुई थी, जिसमें कई लोग प्रभावित हुए थे।

घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने पूरे मामले की जांच कराने का निर्णय लिया है। जिलाधिकारी के आद. श पर गठित इस जांच समिति के अध्यक्ष अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अमरेश कुमार को बनाया गया है। समिति में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत सदस्य के रूप में शामिल हैं। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड–1 के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत, यमुना एक्सप्रेस–वे प्राधिकरण के महाप्रबंधक (परियोजना) राजेंद्र सिंह भाटी तथा कंसेशनायर जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के महाप्रबंधक (ऑपरेशन) आनंद सिंह को भी समिति में सदस्य नामित किया गया है। जांच समिति का उद्देश्य दुर्घटना के कारणों की गहन जांच करना है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और भविष्य में ऐसी घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है। समिति एक्सप्रेस–वे की सड़क स्थिति, यातायात प्रबंधन, संकेतक, प्रकाश व्यवस्था, गति नियंत्रण और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी समीक्षा करेगी। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अमरेश कुमार ने इस संबंध में सभी मीडिया बंधुओं से विशेष अपील की है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मीडिया द्वारा दिए गए सुझाव और सुधारात्मक उपाय बेहद महत्वपूर्ण हैं। मीडिया क्षेत्र में कार्यरत लोग जमीनी हकीकत से जुड़े रहते हैं और उनके सुझावों से प्रशासन को ठोस निर्णय लेने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि मीडिया बंधु अपने सुझाव और सुधारात्मक उपाय सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकते हैं।

## कश्वलेज परिसर में पेड़ से लटका मिला ठेकेदार का शव

'kkg VkbEl laoknnkrk

eFkjkA कोसीकलां क्षेत्र के थाना रोड स्थित नगरपालिका इंटर कॉलेज परसिर में रविवार सुबह करीब आठ बजे ठेकेदार का शव पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी सबसे पहले ठेकेदार की पत्नी को हुई। पत्नी के चीखने चिल्लाने के बाद अन्य लोग मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और पीड़ित महिला की तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ठेकेदार की पहचान मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ गांव के निवासी कमलेश के रूप में हुई है, जो कॉलेज के भवनों का निर्माण कार्य कर रहा था।

कमलेश को पेड़ से लटका देख उनकी पत्नी लीलावती के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना पुलिस और नगरपालिका अध्यक्ष सहित स्टाफ घटनास्थल पर पहुंचा। मृतक की पत्नी लीलावती ने आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति उनके पति को पिछले दो दिनों से प्रताड़ित कर रहा था। लीलावती के अनुसार, शनिवार शाम को उस व्यक्ति ने कमलेश को काम न करने पर देख लेने की धमकी दी थी, जिससे कमलेश काफी परेशान थे।

# सरकार व प्रबंधन की दमनकारी नीति बर्दाश्त नहीं करेंगे मजदूर

## 'विरोध प्रदर्शन के दौरान बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा 29 नवम्बर 2025 के समझौते पत्र का किया गया दहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा अपने स्वयं के आदेश दिनांक 15-5-2017 का उल्लंघन कर 33/11 के वी विद्युत उपकेन्द्रो के परिचालन व अनुरक्षण कार्य में तैनात लगभग 15000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की छटनी करने, छटनी के उपरान्त मानक निर्धारित करने हेतु मानक समिति का गठन करने,अपने स्वयं के आदेश दिनांक 18-9-2025 का पालन करते हुए कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने, वेतन रुपया 18000 निर्धारित न करने,मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने, घायल कर्मचारियों का कैशलेस इलाज न कराने एवं घायल कर्मचारियों द्वारा उपचार में व्यय की गई धनराशि को संविदाकारों के बिल से काटकर भुगतान न करने,55 वर्ष का हवाला देकर अनुभवी कर्मचारियों को कार्य से हटाने,वर्टिकल व्यवस्था लागू करने,जांच अधिकारियों द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्ट ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई न करने,मीटर रीडरों को न्यूनतम वेतन के हिसाब से वेतन का भुगतान न करने तथा स्मार्ट मीटर लगने की स्थिति में मीटर रीडरों को कार्य से हटाने' के खिलाफ संगठन द्वारा 26 नवंबर 2025 को शक्ति भवन लखनऊ पर शान्ति पूर्वक विरोध प्रदर्शन किया गया।विरोध प्रदर्शन के दौरान निदेशक (कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन) शक्ति भवन लखनऊ कि अध्यक्षता में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन व संगठन पदाधिकारियों के बीच बैठक वार्ता सम्पन्न हुई जिसमे सहमति बनी थी कि 'पावर कॉरपोरेशन के आदेश दिनांक 15-5-2025 का उलंघन कर किसी भी कर्मचारी को कार्य से नहीं हटाया जाएगा,55 वर्ष का हवाला देकर हटाए गए कर्मचारियों को रिक्त स्थानों पर तैनात किया जाएगा, वर्टिकल व्यवस्था लागू होने पर किसी भी कर्मचारी को कार्य से नहीं हटाया जाएगा, माननीय उर्जा मंत्री जी के निर्देश पर पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा दिनांक 18-9-2025 को किए गए आदेश का पालन करते हुए मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिया जाएगा, घायल कर्मचारियों द्वारा उपचार में व्यय किए गए धनराशि कि जांच कराकर संविदाकारों के बिल से काट कर भुगतान किया जाएगा,मीटर रीडिंग का कार्य कर रहे कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन से कम वेतन देने कि जांच कराई जाएगी।' किन्तु दिनांक 29 नवम्बर 2025 को पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा जारी किया गया कार्यवृत्त (Minutes of meeting) 26 नवम्बर 2025 को बैठक वार्ता में बनी सहमति के अनुरूप न होने के कारण संगठन के आवाहन पर बीते दिवस 20 दिसम्बर 2025 को प्रदेश के भिन्न-भिन्न जनपदों में विरोध प्रदर्शन किया गया तथा विरोध प्रदर्शन के दौरान पावर कार्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा दिनांक 29 नवम्बर 2025 को जारी किए गए कार्यवृत्त कि प्रति का दहन किया गया। इसी क्रम में बदायूं जनपद के विद्युत उपकेंद्र इस्लामनगर,रुदायन,बिसौली,परवेज नगर, मुड़िया ,दिसौलीगंज, वजीरगंज, खितौरा, बिल्सी, सहसवान, दातागंज, बदायूं शहर, सलारपुर,आदि भिन्न- भिन्न बिजली घरों के सैकड़ो साथियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और पावर कॉरपोरेशन प्रबन्धन द्वारा दिनांक 29 नवम्बर 2025 को जारी कार्यवृत्त कि प्रति का दहन किया गया। मजदूरों ने नारेबाजी करते हुए पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की दमनकारी नीति का विरोध कियास इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षवर्धन कहा कि सरकार व प्रबंधन की दमनकारी नीति बर्दाश्त नहीं करेंगे मजदूर इसके लिए रोड से लेकर कोर्ट तक की लड़ाई क्यों ना लड़नी पड़े संगठन पीछे नहीं हटेगा।

# खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसावां।** स्वामी विवेकानंद जन चेतन समिति उसावां ने खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में कबड्डी, दौड़, जैसे खेलों का आयोजन रखा गया जिसमें कई टीमों ने अलग-अलग स्थान से भाग लिया।भाजपा वरिष्ठ नेता एवं वर्तमान प्रधान रामन. रेश सिंह चंदेल ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए क्षेत्र में ऐसे आयोजनो का होना बहुत जरूरी है। उसावा पूर्व अध्यक्ष यतेंद्र पाल सिंह ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर समिति के संस्थापक हिमांशु गुप्ता, अध्यक्ष शिवमगौर, शिवम गुप्ता, बालिस्टर यादव, सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# आसफपुर: चौकी प्रभारी रामकुमार ने संभाली कुर्सी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** शासनादेश पर हाल ही में बदायूं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक चौकस रखने के ख्याल से कई पुलिस अधिकारियों को इधर से उधर किया है।



इसी क्रम में थाना फैजगंज वेहटा क्षेत्र की पुलिस चौकी आसफपुर चौकी प्रभारी अली मियां जैदी को थाना कादर चौक क्षेत्र की पुलिस चौकी मोहम्मद गंज स्थानांतरित किया है और थाना उसावां पर सेवारत पुलिस उपनिरीक्षक रामकुमार को आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इस दौरान आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी को समस्त पुलिस स्टाफ सहित क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों ने उन्हें फूलमालाओं से नवाजा व उपहार देकर विदा किया और नवागत पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार का पुलिस स्टाफ सहित क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों ने उपहार देकर जोरदार स्वागत किया।इस अवसर पर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी ने नवागत चौकी प्रभारी रामकुमार को भगवान राम का चित्र भेंट कर जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें अनंत शुभ - कामनाएं दीं। इस अवसर पर नवागत पुलिस चौकी प्रभारी रामकुमार , पुलिस उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार नेहवाल , पुलिस उपनिरीक्षक चंद्र शेखर सिंह , हेड कांस्टेबल प्यारे खां , कांस्टेबल अंशुल कुमार , सुनील कुमार , प्रशंक कुमार , होमगार्ड रामपाल सिंह ,पी आर डी जवान छात्रपाल ,मदनलाल , फालवर जगदीश माली व आसफपुर क्षेत्र के नामचीन त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के प्रबंधक अनिल कुमार पाठक , कवि पंकज कुमार पाराशरी , ग्राम प्रधान शिवजीत , पूर्व ग्राम प्रधान पति पवन मिश्रा , सीकरी प्रधान पिता रामकुमार कोरी , पूर्व प्रधान श्याम सिंह , मोहित यादव , अमित कुमार ,पुलेंद्र सिंह , ईंट भट्टा स्वामी गजराज सिंह , दिनेश यादव , प्रेम पाल सिंह , डॉक्टर इसरार अहमद सिद्दीकी , देवपाल, मुशाहिद , एडवोकेट जावेद , मंजीत यादव , तौहीद अहमद आदि संभ्रांत लोग मौजूद रहे।इस भव्य विदाई समारोह व स्वागत समारोह की वेला पर नवनिर्मित पुलिस चौकी परिसर में क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम समापन के अवसर पर पुलिस स्टाफ ने सभी क्षेत्रीय संभ्रांत आगंतुकों को जलपान कराकर आभार व्यक्त किया।

# रुदायन: राजपुर रोड पर टूटा नाला बना है मौत का फंदा, आंखे मूंदे बैठी नगर पंचायत

**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** नगर पंचायत रुदायन में कर्मशाला के पास राजपुर रोड पर टूटा मुख्य नाला अब सामान्य समस्या नहीं रहा, बल्कि यह किसी भी समय जानलेवा हादसे को दावत दे रहा है। नाले का गंदा पानी सरेआम सड़क पर बह रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध, कीचड़ और संक्रमण का गंभीर खतरा बना हुआ है। हालात इतने भयावह हैं कि स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग जान जोखिम में डालकर इस मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। कई बार फिसलने और वाहन असंतुलित होने की घटनाएं हो चुकी हैं, इसके



बावजूद नगर पंचायत प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय बना हुआ है। 'स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायतें करने के बाद भी न तो किसी अधिकारी ने मौके का निरीक्षण किया और न ही मरम्मत कराई गई। इससे साफ संकेत मिलता है कि जिम्मेदारों को तब तक कोई फर्क नहीं पड़ेगा, जब तक कोई बड़ी दुर्घटना न हो जाए।' सबसे चिंताजनक बात यह है कि नाले के कारण सड़क धंसती जा रही है, जिससे कभी भी वाहन पलटने या किसी की जान जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। 'सवाल यह है।

कि क्या प्रशासन किसी मौत के बाद ही जागेगा?' नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही नाले की मरम्मत कर स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे जिलाधिकारी, शासन और जनप्रतिनिधियों तक मामला पहुंचाने के साथ-साथ सड़क जाम और आंदोलन करने को विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी।

# एक नजर

## चोरी के सामान सहित अपराधी गिरफ्तार

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत चन्दौसी पुलिस द्वारा चोरी के सामान सहित अपराधी को गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 08 दिसंबर 2025 को थाना चन्दौसी क्षेत्र के अंतर्गत आर.आर.के. स्कूल के सामने कस्बा चन्दौसी निवासी वादिनी सहम्बर पत्नी मेहरबान द्वारा तहरीर दी गई थी, जिसमें अज्ञात अभियुक्त द्वारा उनके घर से कपड़े, नकदी एवं अन्य सामान चोरी कर ले जाने की सूचना दी गई थी। इस संबंध में थाना चन्दौसी पर मु0अ0सं0 538/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उक्त मामले की विवेचना के दौरान रविवार को थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा प्रकाश में आए अभियुक्त छम्मन पुत्र गम्मन निवासी ग्राम ढुलवई, थाना बनियाठेर, जनपद सम्भल को पथरा मोड़ से बेहतरिया फाटक वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया, जिसमें एक गैस सिलेंडर (इंडेन कंपनी), एक ई-रिक्शा तथा 300 रुपये नकद शामिल हैं। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमरपाल सिंह, उपनिरीक्षक शिवाजी पुंडीर, कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार एवं कांस्टेबल अंकित कुमार (थाना चन्दौसी, जनपद सम्भल) शामिल रहे।

## विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**चन्दौसी।** युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में एस.एम. कॉलेज, चन्दौसी में आयोजित विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन रविवार को खिलाडियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बैडमिंटन, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग तथा एथलेटिक्स की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया, जिनमें ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो एवं जैवलिन थ्रो शामिल रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में बहजोई की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि जूनियर वर्ग में चन्दौसी की ब्लैक रॉकर्स टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सब जूनियर महिला वर्ग में पूजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर महिला वर्ग में कल्पना विजेता रहीं। सीनियर पुरुष एकल वर्ग में कपिल ने पहला स्थान हासिल किया। सीनियर पुरुष युगल वर्ग में अभिजीत एवं केशव की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में सब जूनियर वर्ग में डिस्कस थ्रो में दलवीर तथा हाई जंप में मोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर पुलिस वर्ग में जैवलिन थ्रो में अतुल कुमार, हाई जंप में प्रशांत कुमार एवं डिस्कस थ्रो में रोहित शर्मा प्रथम स्थान पर रहे। सीनियर पुरुष वर्ग में डिस्कस थ्रो में अजय, हाई जंप में नितिन कुमार तथा जैवलिन थ्रो में भारत ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं के उपरांत विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण जिला व्यायाम शिक्षक अनिल कपूर, जिला ओलंपिक संघ के सचिव आशु शर्मा, जिला क्रीड़ा भारती मंत्री डॉ. गौरव मिश्रा, जूडो संघ अध्यक्ष एकांश गुप्ता, क्रीड़ा भारती के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पाठक तथा जिला स्काउट शिक्षक प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विनीत सिद्धू ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चित्रवीर सिंह, कोच गोविंद, नकुल गुर्जर, अजय गिल, शिवम, नादिर राजा, आदित्य, हैरी सहित अनेक खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।


## विज्ञापन के लिए संपर्क करें

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना

बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan 741@gmail-com


# पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई आरोपी दे रहा है खुलेआम धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** ट्रॉली चोरी के मामले से नामजद तहरीर देने के बावजूद भी पुलिस ने एक महीने से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की है।पीड़ित ने परेशान होकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।मामला उघैती थाना क्षेत्र के गांव सराय बघौली का है।गांव निवासी मुनेंद्र पुत्र मेवाराम ने पुलिस को दी गई नामजद तहरीर में बताया कि उसकी ट्राली खेत पर खड़ी थी।जिसे गांव के ही एक युवक ने अपने एक साथी के साथ मिलकर चोरी कर ली।जिसकी पीड़ित ने नामजद



तहरीर को देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस को नामजद तहरीर देने के बावजूद भी पुलिस ने एक महीने का अधिक समय बीतने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की है। पीड़ित ने थक हार कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कर आरोपियों पर कार्रवाई कर ट्राली वापस दिलाने की मांग की है।

# शिविर में विद्युत बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** क्षेत्र के गांव द्वंदपुर में विद्युत उपखंड अधिकारी सौरभ कुमार के निर्देशन में आसफपुर विद्युत अवर अभियंता राजेंद्र चौधरी ने विद्युत कर्मियों के साथ मिलकर विद्युत बिल जमा कराने को शिविर का आयोजन किया जिसमें आसफपुर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं ने अपना बिल जमा कर भारी छूट का लाभ



उठाया । इस दौरान विद्युत उपखंड अधिकारी सौरभ कुमार , विद्युत अवर अभियंता राजेंद्र चौधरी , राहुल कुमार , ऋषि पाल सिंह , यशवीर सिंह , जितेंद्र कुमार , विशाल शंख धार सहित विद्युत शिविर में क्षेत्रीय विद्युत उपभोक्ताओं की भारी भीड़ लगी रही । यह विद्युत शिविर रविवार सुबह 10 बजे से देर शाम तक जारी रहा । यह जानकारी विद्युत अवर अभियंता राजेंद्र चौधरी ने दी ।

# डा. मनोज माहेश्वरी का जन्मदिन उत्सव के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के वरिष्ठ चिकित्सा एवं समाजसेवी डॉक्टर मनोज माहेश्व. री का जन्मदिन उत्साह और उत्सव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित चाहनें बालों ने उपहार भेंट कर एवं केक काटकर डा. मनोज माहेश्वरी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान माहेश्वरी परिवार द्वारा दिव्यांग आश्रम में दिव्यागों को अंगवस्त्र एवं अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किये गए। इस अवसर पर विधायक आशुतोष मौर्या, संजय गर्ग, डॉ. सुविधा माहेश्वरी, घनश्याम माहेश्वरी, डॉ. नवदीप माहेश्वरी, डॉ. शिवानी माहेश्वरी, डॉ. पवी माहेश्वरी, नव्या, वर्णिका, सार्थक, देवांग, विराज,



शशिबाला, मनीषा, संध्या, डा. अंकुश गुप्ता, अवनीश शर्मा, शुभम गर्ग, आई एम खान, गौरव वार्ष्णेय, जगदीश पाल, मितुल वार्ष्णेय, पप्पू यादव, सौरभ गुप्ता, मनोज टाटा, श्रीदत्त आदि मौजूद रहे।

# अग्निवीरों का किया गया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** क्षेत्र के नागपुर फिजिकल अकादमी में ट्रेनिंग कर वापस लौटे अग्निवीरों का किया गया भव्य स्वागत आपको बता दें कि बिसौली क्षेत्र के नागपुर स्थित फिजिकल अकादमी में प्रशिक्षण पूरा कर वापस लौटे अग्निवीरों का भव्य और गौरवपूर्ण स्वागत किया गया। इस अवसर पर अकादमी परिसर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। प्रशिक्षकों, परिजनों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने पुष्पवर्षा कर अग्निवीरों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अग्निवीरों के अनुशासन, समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। अग्निवीरों ने भी प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए और राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं नागपुर फिजिकल अकादमी के कोच रजत यादव ने बताया कि बीते 2 साल के अंतराल में पुलिस ,सेना में 35 युवाओं का चयन हुआ है।

# चौधरी चरण सिंह जयंती पर बदायूं क्लब में होगा मिलेट्स महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व0 चौधरी चरण सिंह (भूतपूर्व प्रधानमंत्री) के जन्मोत्सव 23 दिसम्बर 2025 को किसान सम्मान दिवस एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत दो दिवसीय मिलेटस महोत्सव, मिलेट रेसिपी कार्यकम 23 व 24 दिसम्बर 2025 को बदायूं क्लब बदायूं में पूर्वान्ह 11:00 बजे से आयोजित की जायेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर कृषि, पशुपालन, गन्ना, मत्स्य, उद्यान, रेशम विभागों तथा उत्तर प्रदेश मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम एवं एनएफएसएनएम योजनान्तर्गत बाजरा, रागी, कोदो, सांवा फसलों पर कॉप कटिंग के आधार पर उत्कृष्ट उत्पादन करने वाले कृषकों को सम्मानित किया जायेगा। मिलेट्स को बढ़ावा देने एवं आम जन-मानस को मिलेट्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिलेट्स रेसीपी कार्यक्रम अंतर्गत प्रतिष्ठित रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा मिलेट्स से तैयार खाद्य उत्पादों के स्टॉल लगाये जाएगें।

# बिजली विभाग के गोदाम पर अवैध वसूली का बोलबाला

## किसान से मांगे लेबर चार्ज, सामान भी दिया कम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद के कुंवरगाँव रोड स्थित नाबादा बिजलीघर गोदाम पर तैनात कर्मचारियों की मनमानी और भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि यहाँ बिना सुविधा शुल्क (उगाही) के किसानों को सामान नहीं दिया जा रहा है और विरोध करने पर अभद्रता की जा रही है। ताजा मामला पुनीत कुमार नामक किसान का है, जिन्होंने अपने पिता सतीश कुमार सिंह के नाम ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए पूरी सरकारी प्रक्रिया अपनाई, लेकिन उन्हें विभाग की कार्यप्रणाली के कारण मान. सिक और आर्थिक शोषण का शिकार होना पड़ा। रुपये जमा करने के बावजूद सामान में कटौती घ्पीड़ित पुनीत कुमार ने बताया कि उन्होंने ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए एस्टीमेट के अनुसार 1,68,619 रुपये विभाग में जमा किए थे। सामान लेने जब वह नाबादा बिजलीघर स्थित गोदाम पहुँचे, तो वहाँ तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर अन्य स्टाफ द्वारा अवैध रूप से 'लेबर चार्ज' के नाम पर पैसों की मांग की गई। पीड़ित का आरोप है कि दबाव बनाने पर उन्होंने 1000 रुपये दिए, लेकिन इसके बावजूद उनके साथ धोखाधड़ी की गई। 18 में से मिला सिर्फ 10 सामान, 11 हजार का चूना पीड़ित के अनुसार, स्वीकृत एस्टीमेट में कुल 18 प्रकार के सामान अंकित थे, लेकिन गेटपास पर कंप्यूटर ऑपरेटर ने हेराफेरी कर मात्र 10 सामान ही चढ़ाए। जब पीड़ित ने एस्टीमेट और गेटपास का मिलान किया, तो पाया कि लगभग 11,129 रुपये की कीमत का सामान (8 आइटम) उन्हें नहीं दिया गया। जब इसका विरोध किया गया, तो वहां मौजूद कर्मचारी गाली-गलौज और अभद्रता पर उतारू हो गए।अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन हैरानी की बात यह है कि जब पीड़ित ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत के लिए 17 दिसंबर को अधीक्षण अभियंता (SE) बदायूँ को सुबह 11:38 से दोपहर 12:33 के बीच तीन बार कॉल की, तो साहब ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। अधिकारी की इस बेरुखी से परेशान होकर किसान को अधूरा सामान लेकर ही लौटना पड़ा। '? RTI और न्यायालय की शरण लेंगे पीड़ित' पीड़ित पुनीत कुमार ने अब इस मामले में आरटीआई (RTI) के माध्यम से विभाग से जवाब मांगा है कि आखिर एस्टीमेट से कम सामान क्यों दिया गया और लेबर चार्ज के नाम पर वसूली किस आधार पर की जा रही है।

# पर्यावरण संरक्षण आज विकल्प नहीं, अनिवार्यता है : डॉ सुरेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** जनपद मुरादाबाद के गांव पण्डिया में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पर्यावरण कार्यकर्ता, पूर्व विधायक, बीजेपी दिल्ली प्रदेश सह-प्रभारी आदिवासी मोर्चा एवं पर्यावरण राष्ट्रीय प्रचार दूत डॉ सुरेंद्र सिंह कमांडो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ फूल बरसाकर उनका भव्य स्वागत किया और सभा स्थल तक सम्मानपूर्वक ले जाया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ सुरेंद्र सिंह कमांडो ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज केवल विकल्प नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की अनिवार्यता बन चुका है।

उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, जल संरक्षण और स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की, उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने स्तर पर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प ले, तो प्रकृति को हो रहे नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है। विशेष रूप से युवाओं से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में आगे आकर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। डॉ कमांडो ने सभा में मौजूद मातृ शक्ति से अपील की कि वे लगाए गए पेड़ को बच्चे की तरह पालें। इस पर महिलाओं ने वृक्षारा. पण कर पेड़ की देखभाल करने का आश्वा. सन दिया। इसी अवसर पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग के चेयरमैन शैलेष गर्ग एवं भारत शर्मा द्वारा गांव के युवा ताहिर अली को जिला प्रमुख अधिकारी नियुक्त किए जाने और मुरादाबाद डिवीजन का प्रभार सौंपे जाने की घोषणा की गई। यह घोषणा होते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। सभा में पर्यावरण योद्धा नरेंद्र सिंह (अलवर, राजस्थान) ने अपने संबोधन में बताया कि 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान एनएसजी कमांडो सुरेंद्र सिंह ने अद्भुत वीरता का परिचय दिया था। ताज होटल में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन के दौरान उन्होंने घायल होने के बावजूद दो आतंकियों को मार गिराया और सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान बचाई। यह सुनकर उपस्थित लोग उत्साह से भर उठे और प्रांगण भारत माता की जय और जय हिंद के नारों से गूंज उठा।

# भगवान श्री परशुराम जी कथा का महानगर में प्रथम बार आयोजन

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की कथा का आयोजन उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद प्रथम बार आये अमरनाथ दीक्षित जी के द्वारा की गई। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के द्वारा प्रोग्राम हेरिटेज होटल में आयोजित किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि के तौर पर ,जुगल किशोर तिवारी आईपीएस पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक, संदीप बडोला अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल, अभिषेक कौशिक पूर्व ओएचडी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे।' तथा संचालन जिला महामंत्री मुदित उपाध्याय के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद पांडे, हरीश दुबे गुरुजी, राजकुमार शर्मा, चंचल शर्मा, विशाल शुक्ला,शशांक शर्मा,अनुराग शर्मा, मुन्नू शर्मा, बंटी शर्मा आदि लोग कथा में सम्मिलित रहे।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नीलगाय से टकराई बाइक, युवक की मौत

## हादसे में जीजा गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** दर्दनाक सड़क हादसे में नीलगाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका जीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब दोनों शादी की तैयारियों के लिए सामान खरीदकर घर लौट रहे थे। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

हादसा डिडौली कोतवाली क्षेत्र में कैलसा-पाकबड़ा मार्ग पर शनिवार रात लगभग नौ बजे गांव ब्राह्मणों वाली मंढैया के पास हुआ। क्षेत्र के गांव गंदासपुर के रहने वाले शमशाद के भाई फैजान की एक सप्ताह बाद शादी होनी थी। शादी की तैयारियों को लेकर घर में पुताई का काम चल रहा था। काम करने के लिहाज से शमशाद का साला शहादत निवासी गांव ढकिया थाना डिलारी जिला मुरादाबाद भी गंगदासपुर आया हुआ था। शनिवार देर शाम शमशाद व शहादत बाइक पर सवार होकर सामान की खरीदारी के लिए गांव पांयती कलां गए थे। रात को सामान खरीद कर जीजा-साला वापस घर लौट रहे थे। बाइक शहादत चला रहा था। रात लगभग नौ बजे जब दोनों कैलसा-पाकबड़ा मार्ग पर गांव ब्राह्मणों वाली मढ़ैया के पास पहुंचे

**शादी से पहले मातम, कैलसा मार्ग पर हुआ हादसा**

तभी अचानक खेत से निकल कर एक नीलगाय सड़क आ गई। तेज रफ्तार बाइक की नीलगाय से जबरदस्त टक्कर हो गई। दोनो बाइक सवार गिर कर घायल हो गए। सिर में गंभीर चोट लगने से शहादत की मौके पर ही मौत हो गई जबकि शमशाद गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों को हादसे की जानकारी दी। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया वहीं शहादत के परिजन बगैर किसी कार्रवाई के शव को ले गए और मृतक को सपुर्द-ए-खाक कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि परिजनों ने कार्रवाई से इनकार कर दिया था। मामले में तहरीर नहीं मिलने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# अवैध कच्ची शराब पकड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** आबकारी पुलिस ने शराब माफिया की कमर तोड़ते हुए भारी मात्रा में कच्ची शराब लहन व उपकरणों को बरामद किया है। आबकारी विभाग की कार्यवाही से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। हसनपुर कोतवाली इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब को तोड़ा जा रहा है। रविवार को गंगा किनारे बसे ग्राम दियावली खालसा में आबकारी विभाग की टीम ने छापा मार दिया। आबक. ारी पुलिस ने वहां से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब 4 कुंतल लहन वह बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाने वाले उपकरणों को भी बरामद किया है। लहन को पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। गांव दियावली खालसा में बड़े पैमाने पर अवैध कच्ची शराब को तोड़ा जा रहा है। आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव ने बताया कि खेत में अवैध शराब के कारोबार को नहीं होने दिया जायेगा।


# मेडिकल में आग से बीस लाख की दवाईयां स्वाह

## शार्ट सर्किट से लगी आग ने बरपाया कहर, दमकल ने पाया आग पर काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के इकोंदा मार्ग पर सेक्रेटरी कॉलोनी स्थित हिमांशु मेडिकल स्टोर में रात के समय शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से मेडिकल स्टोर में रखा दवाइयों व अन्य सामान का बड़ा हिस्सा जलकर राख हो गया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार डिडौली थाना क्षेत्र के गांव तोहफापुर भवानीपुर निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र गंगासरन सिंह जोया के इकोंदा रोड स्थित सेक्रेटरी कॉलोनी में हिमांशु मेडिकल स्टोर का संचालन करते हैं। रोजाना की तरह शनिवार रात करीब 10 बजे वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह करीब छह बजे जब वह टहलने के लिए निकले तो उन्होंने देखा कि उनकी मेडिकल स्टोर से आग की लपटें और धुआं उठ रहा है। यह देख उनके होश उड़ गए। शोर मचाने पर कॉलोनी के लोग मौके पर एकत्र हो गए और समरसेबल (फायर एक्सटिंग्विशर) की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। मेडिकल संचालक नरेंद्र कुमार के अनुसार आग से लगभग 20 लाख रुपये का दवाइयों व अन्य सामान का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास की दुकानों और मकानों को नुकसान नहीं पहुंचा। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# ट्रांसफार्मर से हजारों के उपकरण चोरी

**हसनपुर।** चोरों ने ट्रांसफार्मर से उसके उपकरणों को चोरी कर लिया। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है। कोतवाली क्षेत्र हैबतपुर बंजारा मार्ग पर स्थित अशफाक अहमद खां पुत्र अब्दुल रशीद खान का आम का बाग है। शनिवार की रात चोरों ने वहां रखे ट्रांसफॉर्मर को नीचे उतार कर तेल और अन्य उपकरणों को चोरी कर लिया। उसके बाद चोरों ने कोठरी में कूमल लगाकर हजारों के माल को चोरी कर लिया। चोरों ने यहां से केबिल स्टार्टर लोहे के बैंड पाइप लोहे का जाल वह अन्य सामान को चोरी कर लिया। सुबह होने पर सूचना मिलने के बाद बाग स्वामी मौके पर पहुंच गये। बाग स्वामी पुलिस को सूचना देने के लिए कोतवाली पहुंच गये। लेकिन पुलिस हल्का सीमा को लेकर पीड़ित को टरकाने का प्रयास करती रही। बिजली विभाग को भी चोरी होने से अवगत करा दिया गया है। बताना जा रहा है कि चोर हजारों रुपये के माल को चोरी करके ले गये हैं।

# दबंग कर रहे जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास

## पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दबंगों ने पिलर लगाकर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया है। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द निवासी मुतलिब अहमद पुत्र लताफत ने पुलिस को पत्र देकर कहा है कि उसकी गंगा तट बांध के भीतर पाइंदापुर ऐतमाली में 14 बीघा जमीन है। रविवार को गांव के दबंग वसीम पुत्र मुजम्मिल व गुलहसन पुत्र रियासत ने 14 बीघा जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पीलर गाड़ कर खड़े कर दिये। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इसकी शिकायत की तो वह उसके साथ गाली कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। मुतलीब का आरोप है की जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफिया हैं तथा उन पर कई मुकदमे पंजीकृत है। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# फरार युवती ने प्रेमी संग रचाई शादी

## वीडियो वायरल कर लगाई सुरक्षा की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** युवती प्रेमी को लेकर फरार हो गई। सोशल मीडिया पर वीडियो को वायरल कर उसने प्रेम विवाह करना बताते हुए पुलिस से प्रेमी के परिवार की सुरक्षा करने की मांग की है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है। जहां अक्सर प्रेमी पर आरोप लगता है कि वह प्रेमिका को लेकर फरार हो गया है। लेकिन यहां मामला पूरी तरह से उल्टा सामने आया है। गांव निवासी एक युवती ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है। जिसमें वह कहती हुई नजर आ रही है कि वह अपने प्रेमी को लेकर फरार हुई है। उनके प्रेम प्रसंग के बारे में उसके परिवार के लोगों को पता लग गया था। परिवार के लोग उसे धमका रहे थे। उसका प्रेमी उसे भगाकर ले जाने से इंकार कर रहा था। फिर वह प्रेमी को लेकर फरार हो गई। उसने प्रेमी के साथ प्रेम विवाह कर लिया है। प्रेमी के परिवार के लोगों को पुलिस तंग ना करें। युवती के परिजनों द्वारा कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उसे बरामद करने की कई दिन पहले मांग की गई थी।

# लम्बी कूद में हिमांशी व अर्पित रहीं प्रथम

## जेएस डिग्री कालेज में अन्तर महाविद्यालय एथलेक्टिस प्रतियोगिता का कमिशनर ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अन्तर महाविद्यालीय एथलेक्टिस प्रतियोगिता के पहले दिन जेएस कालेज व अब्दुल रज्जाक कालेज जोया का दबदबा रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन मंडलायुक्त अनंजय कुमार, टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन ने संयुक्त रूप से किया।

जेएस डिग्री कालेज के कैलसा रोड स्थित परिसर में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की प्रथम अन्तर-महाविद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज किया गया। किया गया। उद्घाटन मंडलायुक्त मुरादाबाद आञ्जनेय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों से आए खिलाड़ियों के भव्य मार्च-पास्ट की सलामी ली गई। मुख्य अतिथि ने खेलों को विद्यार्थियों के शारीरिक व मानसिक विकास का सशक्त माध्यम बताते हुए खिलाड़ियों से अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता के शार्टपुट महिला वर्ग में जेएस कालेज की खुशी पहले, मनस्वी दूसरे, झम्मनलाल कालेज हसनपुर की चंचल चौहान तीसरे स्थान पर रहीं। लम्बी कूद में जेएस कालेज की हिमांशी चौधरी प्रथम, वर्धमान कालेज बिजनौर की भूमि मलिक दूसरे व गो. कुलदास कालेज मुरादाबाद की प्रियांशी तीसरे स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो में अब्दुल रज्जाक कालेज जोया की नैनसी प्रथम, यहीं की शगुन दूसरे व जेएस कालेज की शिवी तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि पुरूष वर्ग एथलेटिक्स में आरएसएम कालेज नजीबाबाद का कुलदीप सिंह प्रथम, जेएस कालेज के मनदीप दूसरे व रमाबाई डिग्री कालेज गजरौला के गुरवेन्द्र सिंह तीसरे स्थान पर रहे। शाटपुट में जेएस कालेज के प्रियांश पहले, केएसएम कालेज के प्रीत कुमार व सुज्जल कुमार दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। लम्बी कूद में जेएस कालेज के अर्पित चौधरी व तनिष्क पंवार पहले व दूसरे तथा केजीके कालेज मुरादाबाद के मयंक गिरि तीसरे स्थान पर रहे। डिस्कस थ्रो में बदलू हसन डिग्री कालेज के पुल्कित चौधरी, अब्दुल रज्जाक डिग्री कालेज जोया का हार्दिक चौधरी दूसरे व जेएस कालेज के प्रियांश तीसरे स्थान पर रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलाधिपति सुरेश जैन ने की। उन्होंने खिलाड़ियों को टीम भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव गिरीश कुमार द्विवेदी व क्रीड़ा सचिव प्रो. सत्यव्रत सिंह रावत ने विश्वविद्यालय की क्रीड़ा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। नगर पालिका अध्यक्षा शशि जैन ने अमरोहा में इस ऐतिहासिक आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने आयोजन के लिए विश्वविद्यालय का आभार जताते हुए निष्पक्ष व सफल आयोजन का भरोसा दिलाया।



अमरोहा। जेएस कालेज में अन्तर महाविद्यालय दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र।

# मां की डांट से नाराज किशोरी ने पिया कीटनाशक

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** मां की डांट से नाराज होकर 16 वर्षीय किशोरी ने घर में रखा कीटनाशक पी लिया। हालात बिगड़ते पर परिजनों में को. हराम मच गया। आनन-फानन में किशोरी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के बीच जहां उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

घटना थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। रविवार सुबह लगभग सात बजे किसी बात को लेकर किसान की पत्नी ने 16 वर्षीय बेटी को डांट दिया था। इसके बाद वह नाराज होकर कमरे में चली गई और उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद ही किशोरी की तबियत बिगड़ने लगी। उल्टियां होने पर परि. जनों में कोहराम मच गया। बेहोशी की हालत में किशोरी को परिजन एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसके द्वारा कीटनाशक पिए जाने की बात कही। उपचार के बीच किशोरी की हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी है।

# शास्त्री क्लब ने यूथ क्लब को 155 रनों से रौंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा। मिनी स्टेडियम में डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और युथ क्रिकेट क्लब के संयुक्त तत्ववाधान में आयोजित सद्भावना कप ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब दिल्ली और यूथ क्रिकेट क्लब अमरोहा के बीच मैच खेला गया। यूथ क्रिकेट क्लब अमरो. हा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 5 विकेट पर 258 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। दीपेश बालियान ने 92 और अनंत वीर सिंह ने 65 रनों शानदार पारी खेली। यूथ

**दीपेश बॉलियान बने मैन आफ दि मैच**



क्रिकेट क्लब की ओर से अनस और बॉबी पाशा ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूथ क्रिकेट क्लब मात्र 24.2 ओवर में 103 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। आकिब ने 24 और राहुल गुप्ता ने 18 रनों का योगदान दिया। एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब की ओर से अनुराग ने 3, और संयम जैन ने 2 विकेट लिए। इस तरह एलबी शास्त्री क्रिकेट क्लब दिल्ली ने यह मैच 156 रनों से जीत लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए दीपेश बालियान को सुल्तान हॉस्पिटल के ऑनर डॉ. दिलशाद ने मैन ऑफ दा मैच की ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग सतेंद्र सिंह और जमाल पाशा ने की। स्कोरिंग राहुल गुप्ता एवं सदाकत ने तथा कमेंट्री शमशाद अल्वी द्वारा की गई। इस मौके पर रिजवान पाशा, इमरान पाशा, नजम अली, परवेज पाशा, शहजाद फारूक, सिकंदर अली, नदीम बादशाह, अकरम अंसारी, मोज्जाम अली, सैंडी गुप्ता, अनिल चौहान, मोहम्मद नूर, बॉबी पाशा, नावेद आमिर, रोहित चंदेल, रजन असगर, महशर अली, मोहम्मद जाहिद, भरत, इकराम अली आदि मौजूद रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## पुलिस शिनाख्त कराने में नाकाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** युवक का शव फंदे पर लटका मिलने से हड़कंप मच गया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया है। युवक की पहचान के लिए बिजनौर पुलिस से भी संपर्क किया गया है।

मामला थाना क्षेत्र में कस्बे से सटी गंग नहर के पास का है। रविवार दोपहर करीब तीन बजे राहगीर सिकरिया को जाने वाले रास्ते से गुजर रहे थे उसी दौरान उनकी नजर सड़क किनारे स्थित एक पेड़ पर लटक रहे युवक के शव पर पड़ी। जिस देखकर राहगीरों के कदम ठिठक गए। राहग. ीरों ने फौरन शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा। मृतक काले रंग की पैंट व जैकेट पहने हुए है। उसकी उम्र लगभग 40 वर्ष के करीब है। मृतक की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को मोर्चरी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। बिजनौर पुलिस से भी संपर्क किया गया है।

# मुदकमे में फैसले का झांसा देकर दो लाख ठगे

## महिला की तहरीर पर चपरासी पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला से चकबंदी मुकदमे में फैसला उसके पक्ष में कराने का झांसा देकर दो लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने अदालत की शरण ली, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर आरोपी चपरासी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगानगर से जुड़ा है। साल 2022 में इस गांव में चकबंदी हुई थी। गांव निवासी स्व.कलुआ की पत्नी नन्हीं की जमीन चकबंदी के दौरान गलत दर्ज कर दी गई थी। जिसे लेकर नन्हीं ने बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के न्यायालय में वाद दायर किया था। नन्हीं का आरोप है कि मुकदमे की पैरवी के लिए अमरोहा आने के दौरान 2023 में उनकी मुलाकात कार्यालय में तैनात चपरासी सोमपाल सिंह से हुई। सोमपाल सिंह ने नन्हीं को झांसा दिया था कि वह अधिकारियों से कह कर वाद का फैसला उनके पक्ष में करा देगा। उसने बताया कि वह इससे पहले भी इस तरह के कई केस में फैसला करा चुका है। आरोप है कि सोमपाल ने इस एवज में लिए दो लाख रुपये मांगे लिहाजा नन्हीं देवी ने ब्याज पर लेकर दो लाख रुपये सोमपाल सिंह को दे दिए लेकिन बाद में वह वाद निरस्त हो गया। जिस पर नन्हीं ने अपने पैसे वापस मांगे तो शुरुआत में सोमपाल लौटाने का वादा करता रहा लेकिन जब ज्यादा तकादा किया तो उसने पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। मामले में पीड़िता ने थाने में भी तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। लिहाजा उन्होंने अदालत की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने अदालत के आदेश पर आरोपी सोमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# तकरीरी मुकाबलों में मरियम, हारिस व एलिना रहीं प्रथम

## एकेके इंटर कॉलेज में आयोजित हुए दीनी व इल्मी तकरीरी मुकाबले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अंजुमन सीरत उन नबी अमरोहा के तत्ववाधान में 55वें दीनी व इल्मी तकरीरी मुकाबलों का आयोजन रविवार को अब्दुल क रीम खान इंटर कॉलेज में किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंजुमन के अध्यक्ष असलूब हुसैन जैदी ने की।

प्राइमरी ग्रेड में प्रथम स्थान मरियम, जेएमपी स्कूल अमरोहा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान एलिशबा बश्शार सेंट मैरी स्कूल अमरोहा तथा तृतीय स्थान अदीबा, तैयब जूनियर हाई स्कूल ने प्राप्त किया। मिडिल ग्रेड में प्रथम स्थान एकेके इंटर कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हारिस ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान हाशमी गर्ल्स इंटर कॉलेज की नाजनीन अंसारी ने तथा तृतीय स्थान न्यू होराइजन स्कूल की वानिया जेहरा ने प्राप्त किया। हाई स्क ल ग्रेड में प्रथम स्थान हाशमी गर्ल्स इंटर कॉलेज की एलिना ने द्वितीय स्थान पर राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा सोबिया रही। तृतीय स्थान एमक्यूएम इंटर कॉलेज अमरोहा के मुजाहिद हुसैन ने प्राप्त किया। इंटर ग्रेड के तकरीर मुकाबले में प्रथम स्थान पर अब्दुल करीम खान इंटर कॉलेज के मोहम्मद फैजान, द्वितीय स्थान पर बीड़ी वर्कर्स मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की मेहरीन रहीं। तृतीय स्थान हाशमी गर्ल्स इंटर कॉलेज की फौजिया कादरी ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अंजुमन के महामंत्री फारिखर गजाली, अमीरुद्दीन अल्वी, इनाम फारुकी, हाफिज हनीफ, अतिकुर रहमान, जावेद अहमद आदि मौजूद रहे।



# डीएम के निर्देशन मे महज 50 दिनों में ताबड़तोड़ एक्शन लेकर तोड़ दी खनन माफियाओं की कमर

## जिला प्रशासन की सख्ती से अवैध खनन पर लगा अंकुश, सख्त एक्शन से खनन माफियाओं में मचा हड़कंप

- जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर 48 से अधिक डंपर को किया सीज, नेक्सेज को तोड़ने को गठित की टास्क फोर्स
- 30 अक्टूबर को अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ शुरू किया गया था अभियान'
- किसी भी सूरत में अवैध खनन माफियाओं को छोड़ा नहीं जाएगा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला प्रशासन ने पिछले 50 दिनों में अवैध खनन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ सघन और सख्त अभियान चलाकर खनन माफियाओं की कमर तोड़कर रख दी है। जिलाधिकारी
अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई से अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगा है। जिले की सभी तहसीलों में लगातार की जा रही छापेमारी, चेकिंग और प्रवर्तन कार्रवाई से माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

**कोसी नदी से उपखनिज के अवैध परिवहन पर 16 डंपर सीज**

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग को लेकर काफी सख्त हैं। ऐसे में जिले में अवैध खनन पर अंकुश लगाने और खनन माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए 30 अक्टूबर से विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत तहसील टांडा क्षेत्र में मां गंगा स्टोन क्रेशर के विरुद्ध प्राप्त शिकायत के आधार पर उपजिला. धिकारी टांडा द्वारा जांच कराई गई। जांच के दौरान मौके पर एक पोकलेन मशीन अवैध रूप से खनन करती हुई पाई गई, जिसे तत्काल जब्त करते हुए नियमानुसार जुर्माना और अन्य वैधानिक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में कोसी नदी से उपखनिज का अवैध परिवहन करते हुए पाए गए 16 डंपरों को सीज कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई गई।प्रशासन की इस सख्ती से स्पष्ट संदेश गया कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 49 वाहनों पर 3।21 लाख का ठोका जुर्माना विशेष अभियान के तहत अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के दौरान 8 डंपरों को सीज कर उनके विरुद्ध जुर्माना आदि की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही खनन, ओवरलोडिंग, बिना रिफ्लेक्टर टेप और अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग की टीम द्वारा नवीन मंडी और मानपुर तिराहा क्षेत्र में 2 ओवरलोड वाहनों को सीज किया गया। चेकिंग के दौरान टैक्स जमा न करने वाले 3 डम्पर व ट्रक, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न लगाने पर 5 वाहन, बिना रिफ्लेक्टर टेप के 4 वाहन तथा बिना हेलमेट, रॉन्ग साइड, बिना सीट बेल्ट जैसे अन्य उल्लंघनों में 36 वाहनों के चालान किए गए। इस कार्रवाई में कुल 2।79 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त ओवरलोड 3 डम्पर और 2 पिकअप को सीज करते हुए 49 वाहनों पर कुल 3।21 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया। अनधिकृत रूप से संचालित यात्री वाहनों के विरुद्ध परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। नवीन मंडी चौकी क्षेत्र में 3 ओवरलोड डम्पर और 2 पिकअप सीज किए गए। साथ ही फिटनेस, परमिट आदि समाप्त होने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे 43 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधि. नियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। इस प्रवर्तन कार्रवाई में कुल 49 वाहनों पर 3।21 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया। बिना वैध काग. जों के ओवरलोड वाहनों को जिले से बाहर भेजने पर 3 आरोपियों को भेजा जेल जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन और परिवहन करने वाले तत्वों द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई को विफल करने के प्रयास भी सामने आए। जांच के दौरान यह पाया गया कि कुछ लोग अधिकारियों की लोक. शन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से साझा कर बिना
वैध प्रपत्रों के ओवरलोड वाहनों को जनपद से बाहर निकलवाने का प्रयास कर रहे थे। इस गंभीर मामले में अदीब अकरम पुत्र राहत अली निवासी फतेहपुर माफी, जिला अमरोहा के विरुद्ध थाना टांडा में एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें 3 व्यक्तियों की गिरफ्तारी भी की गई है। अभियान के दौरान 4 और डम्परों को सीज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसी क्रम में ग्राम समोदिया, तहसील स्वार में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर नायब तहसीलदार को टीम सहित मौके पर भेजा गया। निरीक्षण में तहसील स्वार के ग्राम रूस्तमनगर छप्परा स्थित गाटा संख्या 109, 113 और 114 पर अवैध मिट्टी खनन स्पष्ट रूप से पाया गया। अवैध खनन में प्रयुक्त एक हाइड्रानूमा मशीन को जब्त कर थाना स्वार में पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया गया। 10 लोगों के लिए दर्ज कराई एफआईआर, 40 से अधिक लोगों पर लगाया जुर्माना
मामले में पर्यावरण को क्षति पहुंचाने और अवैध खनन में संलिप्तता के आरोप में अशफाक, अफसर अली, सलीम, इकबाल, भूरा रईस, शकील सहित 10 अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही अशफाक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इस प्रकरण में लगभग 40 से अधिक सहखातेदारों और व्यक्तियों पर अर्थदंड आरोपित किए जाने की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग पर पूर्ण प्रतिबंध और कठोर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंक सभागार में टास्क फोर्स की बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने की जबकि पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र भी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देश दिए गए कि जनपद की सभी तहसीलों के प्रमुख चौराहों पर चेक प्वाइंट स्थापित कर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टास्क फोर्स द्वारा प्रतिदिन सघन और प्रभावी चेकिंग अभियान अनिवार्य रूप से चलाया जाए।

### अवैध खनन को रोकने के लिए गठित की टास्क फोर्स, दो स्टोन क्रेशरों को जारी किया नोटिस

गठित टास्क फोर्स द्वारा प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान 662 वाहनों की जांच की गई, जिनमें 4 वाहन ओवरलोड पाए गए। इसके अलावा चेक प्वाइंटों पर प्रतिदिन दो पालियों में अधिकारियों और कर्मचारियों की अनिवार्य उपस्थिति में सघन चेकिंग अभियान संचालित किए जाने के निर्देश जारी किए गए। चेक प्वाइंट स्थापित कर चलाए गए अभियान के तहत लगभग 1142 वाहनों की जांच की गई, जिसमें 3 वाहन ओवरलोडिंग करते हुए पाए गए। इसी प्रकार सभी तहस. ीलों के प्रमुख चौराहों पर स्थापित कुल 9 चेक प्वाइंटों पर व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 1324 वाहनों की सघन जांच की गई। तहसील बिलासपुर क्षेत्र में 3 ओवरलोड वाहनों को तत्काल सीज कर संबंधित थानों में निरुद्ध कराया गया। वहीं एक अन्य अभियान में 1269 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिर से तहसील बिलासपुर क्षेत्र में 3 ओवरलोड वाहन पाए गए और उन्हें सीज किया गया। दिनांक 21।12।225 को चलाए गए अभियान में 1524 वाहनो की जॉच कर 17 ओवरलोड वाहनों को सीज किया गया। अवैध उपखनिज, परिवहन और ओवरलोडिंग में संलिप्त 3 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया, जबकि 5 व्यक्ति और 10 अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। कुल 76 वाहनों और 46 अन्य वाहनों के विरुद्ध सीजर की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अवैध खनन में संलिप्त 4 निजी भू-स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई और 40 निजी भू-स्वामियों पर अर्थदंड आरोपित किया गया। निर्धारित मात्रा से अधिक उपखनिज पाए जाने पर 2 स्टोन क्रेशरों के विरुद्ध नोटिस जारी कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।

# 500 जरूरतमंदों को बांटे कम्बल




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** अंजुमन फलाह-ए-इंसा. नियत की जानिब से शीत ऋतु को देखते हुए जरूरतमंद और बेसहारा लोगों की खिदमत के लिए 500 कंबलों का वितरण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सिविल लाइंस स्थित मस्जिद मुसाफिर खघना पर आयोजित किया गया। यह नेक और इंसानी कदम समाज में हमदर्दी, भाईचारे और इंसानियत के फरोगघ की मिसाल है।
इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइंस, संजीव कुमार ने शिरकत फरमाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अंजुमन फलाह-ए-इंसानियत जैसे समाजी संगठन जमीन पर उतरकर जो खिदमात अंजाम दे रहे हैं, वह काबिल-ए-तारीफ हैं। ठंड के मौसम में कंबल वितरण गरीबों और मजदूर तबके के लिए बड़ी राहत साबित होता है।
कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मास्टर असरार साहब, संस्था के अध्यक्ष डॉ। सुलतान सैफी साहब, सरपरस्त मौलाना असलम जावेद कासमी साहब, सरदार दर्शन सिंह खुराना साहब, कन्वीनर मुफ्ती साजिद कन्नौजी साहब, जनाब नदीम साहब, गुलरेज अहमद सैफी साहब, मुमताज अहमद सैफी साहब एवम मोहम्मद हुसैन मंजूर साहब मौजूद रहे। सभी मेहमानों ने इस खिदमत-ए-खल्क की सराहना की और ऐसे समाजी कामों को लगातार जारी रखने की दुआ और तमन्ना जाहिर की।
अंजुमन फलाह ए इंसानियत बीते कई वर्षों से समाज के कमजोर और जरूरतमंद तबके की मदद में सरगर्म है। यह संस्था प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, कोरोना महामारी, लू और शीतलहर के दौरान राहत सामग्री का वितरण, जिला अस्पतालों में मरीजों को फल और पौष्टिक आहार, गरीब छात्रों को किताबें, निर्धन बेटियों की शादियों में सहयोग, तथा कड़ी गर्मी में शरबत व सर्दी में चाय वितरण जैसे कई इंसानी और समाजी काम निरंतर करती आ रही है। इसके अलावा हफ्ते में दो बार गरीबों को निशुल्क खाने का वितरण भी किया जाता है।
कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर इत्मीनान और मुस्कान नजर आई और उन्होंने दिल से दुआओं के साथ आयोजकों का शुक्रिया अदा किया। यह कार्यक्रम इंसानियत, खैरखवाही और समाजी जिम्मेदारी के पैगाम को मजबूती देने वाला साबित हुआ।

# सैफनी छितौनी मार्ग पर ई रिक्शा चालकों के कारण लगा रहता है जाम, प्रशासन देखकर भी कर रहा है अनदेखा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के बस स्टैंड छितौनी मार्ग अम्बेडकर मूर्ति से जनता इंटर कॉलेज तक ई रिक्शा चालकों के कारण आए दिन चक्का जाम लगा रहता है इतनी भारी संख्या में रोड़ों पर ई रिक्शाओ की भीड़ भाड़ बनी रहती है जिससे बाईकों अन्य बड़े छोटे वाहनों का निकलना बड़ा मुश्किल हो गया है और तो ओर कभी कभी एंबुलेंस भी इस जाम में फंस जाती है और इस जाम के रहते बीते दिनों कई हादसे भी हो चुके है लेकिन किसी भी आला अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। वही दूसरी ओर सड़क के किनारे फलों आदि के ठेले खड़े रहते है और इधर ई रिक्शा चालक सड़क को घेरे रहते है अब अन्य वाहन को निकलने की जगह ही नहीं बचती और तो ओर पैदल चलने वाले राहगीरों को निकलने की जगह ही नहीं बचती इसी कारण आए दिन जाम लगा रहता है। ऐसी स्थिति में ई रिक्शा चालकों को रिक्शा खड़ा करने की जगह नगर पंचायत को अलग देनी चाहिएघ तथा प्रशासन भी देखकर भी अनदेखा कर रहा है परंतु आलाधिकारी भी कानों में तेल डाले हुए है अगर इसी प्रकार यह जाम की स्थिति बनी रही तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# सांसद नदवी ने विभिन्न ग्रामों में सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों में की सहभागिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जनपद के विभिन्न ग्रामों में आयोजित वैवाहिक एवं शोक कार्यक्रमों में सहभागिता कर लोगों के सुख-दुख में शामिल हुए।
सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सर्वप्रथम ग्राम इमरता राय निवासी जाविर देशप्रेमी की पुत्री के विवाह समारोह में शिरकत की। इसके उपरांत वे ग्राम वेंदुखेड़ा में नवाब भाई की पुत्री के विवाह कार्यक्रम तथा ग्राम महुनागर में रफीक हाजी के पोते फैसल खान के विवाह समारोह में भी शामिल हुए और नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।
इसके साथ ही सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने शोक संतप्त परिवारों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। स्वार क्षेत्र के ग्राम इमरता राय के माजरा अमीर खां में राहत मास्टर के वालिद साहब के इंतकाल पर उनके आवास पहुंचकर मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। कुछ दिन पूर्व ग्राम खेड़ा टांडा में सड़क हादसे में कारी लाइक के पुत्र आतिश के इंतकाल पर भी सांसद ने उनके घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया एवं मरहूम के लिए दुआ की। इसी क्रम में कस्बा बिलासपुर में मुमताज खान टैरो वालों के इंतकाल पर भी उनके आवास जाकर परिजनों को ढांढस बंधाया और मरहूम की मगफिरत की दुआ की।
इस अवसर पर सांसद के साथ मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा, मौलाना रफी नूरी, शोएब किंग, हाजी अयूब, अरशद अली, एडवोकेट आसिफ अली, नाजिम हुसैन, कलवे अली, जमील सैफी, नासिर शेख, उमेश खान, डॉ। मकतब अहमद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष ने लोगों के साथ की महत्वपूर्व बैठक



**शाहबेज अली**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। इस दौरान भाजपा की कल्याणकारी एवं लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और आगामी पंचायत चुनाव पर चर्चा हुई।बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं से आहवान किया गया कि वे अभी से पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू कर दें।
अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सागर और अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉ. राशिद अल्वी ने ग्रामीणों से पंचायत चुनाव की तैयारी में जोर-शोर से जुटने का आग्रह किया।
इस बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सागर ने की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सागर, बूथ अध्यक्ष चकरपुर भू दानिश खान, इब्राहिम खान, रियासत खान, जाकिर अल्वी, एहसान अल्वी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आप की 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा का रामपुर से शुभारंभ, सड़क पर उतरे संजय सिंह

- रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा में जनता के बीच जाएगी 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा
- एसआईआर के नाम पर वोट चोरी की साजिश के खिलाफ सड़क पर आप का निर्णायक संघर्ष
- किसी फरमान या सत्ता के अहंकार से नहीं, बाबा साहब के संविधान से चलेगा देश: संजय सिंह
- यूपी में एसआईआर के नाम पर साढ़े तीन करोड़ वोट काटने की साजिश हो रही है: संजय सिंह






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भाजपा द्वारा लोकतंत्र और संविधान पर हो रहे सुनियोजित हमलों के खिलाफ आज रामपुर की धरती से एक निर्णायक संघर्ष का आगाज हुआ। आम आदमी पार्टी की 'वोट बचाओ, संविधान बचाओ' पदयात्रा का शुभारंभ रविवार को आसरा कॉलोनी, पहाड़ी गेट, रामपुर से हुआ। प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गांधी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर वोट और संविधान की रक्षा की इस लड़ाई का संकल्प लिया। संजय सिंह के नेतृत्व में शुरू हुई इस 6 दिवसीय पदयात्रा के माध्यम से एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से नाम काटने, गरीब-दलित-पिछड़े-अल्पसंख्यकों के वोट छीनने और संविधान को कमजोर करने की साजिशों के खिलाफ जनता को संगठित किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि वोट और संविधान की चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
इस मौके पर संजय सिंह ने कहा कि बापू ने जीवन भर अहिंसा, भाईचारे और लोकतंत्र की रक्षा का संदेश दिया और आज उसी विचारधारा को बचाने का संकल्प रामपुर की धरती से लिया गया है। उन्होंने कहा कि नफरत की राजनीति से न देश बन सकता है और न समाज, इसलिए यह पदयात्रा सिर्फ एक पैदल मार्च नहीं बल्कि लोकतंत्र को बचाने की हुंकार है।
आसरा कालोनी, पहाड़ी गेट पर विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के नाम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार मिलकर साढ़े तीन करोड़ वोट काटने की साजिश कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि इसी साजिश के खिलाफ यह पदयात्रा शुरू की गई है, क्योंकि अब यह लड़ाई केवल चुनाव की नहीं बल्कि वोट, संविधान, लो. कतंत्र और स्वाभिमान को बचाने की लड़ाई है। संजय सिंह ने कहा कि वोट की ताकत ही वह ताकत है जिसके सामने प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को झुकना पड़ता है, लेकिन जिस दिन वोट का अधिकार खत्म हो गया, उस दिन सत्ता लाठी के दम पर जनता को कुचल देगी।
संजय सिंह ने कहा कि बाबा साहब डॉ। भीमराव अंबेडकर ने संविधान लिखते समय स्पष्ट किया था कि राष्ट्रपति और गांव में रहने वाले मजदूर के वोट की कीमत एक समान होगी, लेकिन आज उसी अधिकार पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने मुरादाबाद में बीएलओ सर्वेश सिंह की मौत का जिक्र करते हुए कहा कि दबाव में आकर उन्होंने रोते हुए वीडियो बनाया और जान दे दी। देश में 40 से अधिक बीएलओ आत्महत्या कर चुके हैं, लेकिन भाजपा सरकार को केवल अपने वोट चोरी के लक्ष्य की चिंता है। उन्होंने रामपुर की 80 वर्षीय बीमार बुजुर्ग महिला नूरजहां का उदाहरण देते हुए कहा कि नियमों के तहत एसआईआर फॉर्म भरने के बावजूद योगी सरकार ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी, जो सत्ता की संवेदनहीनता और क्रूरता को उजागर करता है।
संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि संसद में प्रदूषण से हर साल 20 लाख मौतों, बेरोजगारी, किसानों को खाद न मिलने, रूपए की गिरावट और बीएलओ की मौत जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा से सरकार भागती है और केवल वंदे मातरम् पर बात करने और नफरत की राजनीति करना चाहती है। उन्होंने मनरेगा में भ्रष्टाचार, महात्मा गांधी के नाम को हटाने, स्कूल बंद करने और डिटेंशन सेंटर की योजनाओं पर हमला करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी जिस दिन सत्ता में आई, सबसे पहले स्कूलों और अस्पतालों को मजबूत करेगी। उन्होंने साफ कहा कि छह दिन की इस पदयात्रा में रोजगार, किसान, मजदूर और वोट चोरीकृहर मुद्दे पर सरकार को बेनकाब किया जाएगा और यह संघर्ष सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगा।
बताते चलें कि 21 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चलने वाली यह पदयात्रा रामपुर से शुरू होकर मुरादाबाद और अमरोहा तक जाएगी। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह जनसभाएं और जनसंवाद आयोजित कर आम जनता को वोट और संविधान बचाने की लड़ाई से जोड़ा जाएगा। पदयात्रा के पहले दिन का समापन रात्रि विश्राम के साथ हुआ। पदयात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर रात्रि विश्राम के लिए जे. आर. पैलेस, अंबेडकर पार्क के पास, सीआरपीएफ के सामने, मुरादाबाद रोड, रामपुर पहुंचेगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने संजय सिंह का जोरदार स्वागत किया और पदयात्रा में शामिल होकर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के इस आंदोलन को समर्थन दिया।

## रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनशनी फैल गई कोतवाली क्षेत्र के लोहा पट्टी रेलवे फाटक के निकट खंबा नंबर 1351/19 व 1351 / 17 के बीच में 125 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई 20 दिसंबर 2025 को लगभग रात्रि 10:30 बजे मिलक पुलिस को सूचना मिली कि व्यक्ति का शव रेलवे फाटक के निकट रेलवे ट्रैक पर पड़ा है सूचना पर पुलिस पहुंची और मृतक की तलाशी लेने पर कुछ डाक्यूमेंट्स मिले जिससे उसकी पहचान राजकुमार उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र अनोखेलाल निवासी ग्राम जयनगर अलीनगर थाना नवाबगंज जनपद बरेली के रूप में पहचान हुई किसी तरह मृतक के परिजनों से वार्तालाप हुआ जिन्होंने बताया कि राज. कुमार दिल्ली के लिए काम को जा रहा था पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामभर शव पीएम के लिए भेज दिया रोते विलखते परिजन अस्पताल पहुंचे।

# हार्टफुलनेस संस्था मार्गदर्शक दाजी के हृदय संग डूबा पूरा संसार

- एक विश्वॉ एक हृदयॉ शांतिॉ प्रेम और भाईचारा की बही धारा
- विश्व ध्यान दिवस पर लोगों ने एक साथ किया ध्यान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** हार्टफुलनेस से जुडे डा। कुलदीप सिंह चौहान कहा कि दूसरे विश्व ध्यान दिवस पर जनपद में अलग अलग स्थानों पर सामूहिक ध्यान के आयोजन के साथ लोग अपने घरों में लाइव ऑनलाइन ध्यान के लिए बैठे और हृदय केन्द्रित ध्यान में प्राणाहूति को आत्मसात् किया। ध्यान की संध्या से पहले सुबह डाइट में प्रत्यक्ष ध्यान का अभ्यास हार्टफुलनेस के वरिष्ट प्रशिक्षक प्रमोद सक्सैना के द्धारा कराया गया।
मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी चिकित्साधिकारी डा। बंदना रानी ने कहा कि ध्यान अभ्यास हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं। यह अन्तर्मन को स्वस्थ एवं संयमित बनाए रखने में सहायक है। हमें इसका अभ्यास अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए ताकि मानसिक तनाव का प्रबंधन हो सके। रामपुर हार्टफुलनेस केन्द्र से प्रशिक्षक देवतोषॉ पंकज सक्सैनाॉ वीर सिंहॉ एस के जौहरी सहित 36 अभ्यासी एवं डाइट के प्राचार्य अशोक कुमारॉ बीएसए कल्पना देवीॉ जिला क्रीडा अधिकारी संतोष कुमारॉ योग प्रशिक्षक अंतरा यादवॉ पतंजलि योग समितिॉ इंडियन योग एसोसिएशनॉ क्रीडा भारती आदि संस्थाओं के सदस्यों ने प्रतिभाग किया है। जबकि शाम आठ बजे कान्हा शांतिवनम् से दाजी के मार्गदर्शन में शहर से लगभग दो हजार से अधिक लोग विश्व के लाखों लोगों के साथ लिंक से ध्यान में जुडे रहे है।

# अवैध खनन के झूठे आरोपों से स्टोन क्रेशर व्यवसायियों की छवि धूमिल करने का आरोप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रामपुर स्टोन क्रशर वेलफेयर एसोसिएशन ने अवैध खनन से जुड़े झूठे व मनगढ़ंत आरोप लगाकर वैध स्टोन क्रशर व्यवसायियों की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जनपद रामपुर में उपखनिज का क्रय-विक्रय पूरी तरह शासन द्वारा निर्धारित नियमों व शर्तों के अनुसार किया जाता है।
एसोसिएशन के अनुसार, सभी स्टोन क्रशर वैध खनन पट्टों से प्राप्त उपखनिज का ही उपयोग करते हैं तथा आरओबीएमओ पोर्टल के माध्यम से ई-रवाना, ई-टोकन, जीपीएस ट्रैकिंग और रॉयल्टी भुगतान की प्रक्रिया अपनाई जाती है। खनन से जुड़े समस्त अभिलेख शासन के पोर्टल पर उपलब्ध रहते हैं, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है।
एसोसिएशन ने बताया कि जनपद में लगभग 156 मिट्टी के परमिट भी जारी किए गए हैं, जिनसे मिट्टी व उपखनिज की आपूर्ति की जा रही है। इस वैध व्यवसाय के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ रूपए राजस्व के रूप में प्राप्त होता है।
एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि कुछ फिरका परस्त व स्वार्थी तत्व सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से फर्जी फोटो व भ्रामक समाचार प्रका. शित कर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में 20 दिसंबर 2025 को एक स्थानीय अखबार में प्रका. शित खबर को भी पूरी तरह भ्रामक बताया गया है।
अंत में एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि वैध खनन अनुज्ञाधारकों की छवि धूमिल करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि वैध व्यवसाय प्रभावित न हो और व्यापार शांतिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संचालित हो सके।
अध्यक्ष अमरजीत सिंह, उपाध्यक्ष हरजीर सिंह , गुरपीत सिंह, दीपक गर्ग, मेघराज गर्ग, हरजोत सिंह, अनुराग, अमरजीत सिंह, सोनू संधू, गुरजीत सिंह, प्रखर सिंघल, मनप्रीत संधू, सत्यपाल गर्ग, विक्रम मेहता, नबील अहमद, फैजान, हरजोत सिंह, मिन्टू, सोनू संधू, निज्जू आजम, मो. बिन आदि प्रेस वार्ता में शामिल रहे।

# पाक की अंडर-19 टीम ने भारत को 191 रनों से हराया

**● समीर ने 172 और अहमद हुसैन ने 56 रनों की शानदार पारी खेली, अली रजा ने 4 विकेट लिए**

**दुबई, वार्ता।** समीर मिन्हास (172) और अहमद हुसैन (56) की शानदार पारियों के बाद अली रजा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने अंडर-19 एशिया कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत को 191 रनों से हरा दिया। 348 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शुरुआती विकेट गिराने के बाद दबाव को झेल नहीं पाई और ओवरों में रन पर सिमट गई।




बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम का पहला विकेट 32 के स्कोर कप्तान आयुष म्हात्र (दो) के रूप में गिरा। इसके बाद 49 के स्कोर पर भारत दो महत्वपूर्ण विकेट और गंवा दिए। ऐरन जॉर्ज (16) और वैभव सूर्यवंशी 10 गेंदों में (26) रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और तू चल मैं आया की तर्ज पर विकेट गंवाते रहे। हालांकि भारत की आखिरी जोड़ी ने चौके, छक्के लगाते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया।

इस दौरान दीपेश देवेंद्रन ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (36) रनों की पारी खेली। उन्हें अली रजा ने आउट किया। भारतीय टीम 26-2 ओवर में 156 रन ही बना सकी और 191 रनों से खिताबी मुकाबला हार गई। किशन सिंह तीन रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान के लिए अली रजा ने चार विकेट लिए। मोहम्मद सय्याम, हुजैफा एहसान और अब्दुल सुभान को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 रन के स्कोर पर हम्जा जहूर (18) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये उस्मान खान ने समीर मिन्हास के साथ दूसरे विकेट के लिए 92रन जोड़े। 17वें ओवर में खिलन पटेल ने उस्मान खान (35) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। चौथे बल्लेबाज के रूप में मैदान पर उतरे अहमद हुसैन ने समीर मिन्हास के साथ तीसरे विकेट के लिए 137 रन जोड़कर बड़े लक्ष्य की नींव रखी।

38वें ओवर में भारतीय गेंदबा. जों ने वापसी की और खिलन पटेल ने अहमद हुसैन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अहमद हुसैन ने 72 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 56 रनों की पारी खेली। 43वें ओवर में दीपेश देवेंद्रन ने दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे समीर मिन्हास को कनिष्क चौहान के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। समीर मिन्हास ने 113 गेंदों में 17 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 172 रनों की पारी खेली।

इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के रनों पर लगाम लगाई और उसके बल्लेबाजों तो सस्ते में आउटकर पवेलियन भेज दिया। हुजैफा एहसान (शुन्य), कप्तान फरहान युसूफ (19), मोहम्मद शयान (सात) और अब्दुल सुभान (दो) रन बनाकर आउट हुये।

पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 347 रनों का स्कोर खड़ा किया। निकाब शफीक 12 रन बनाकर और मोहम्मद सय्याम 13 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से दीपेश देवेंद्रन ने तीन विकेट लिए। हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने दो-दो विकेट झटके। कनिष्क चौहान ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# घरेलू क्रिकेट ने खोले ईशान किशन के लिए विश्वकप टीम के दरवाजे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय टीम में ईशान किशन की टी-20 विश्व कप 2026 के लिए वापसी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि राष्ट्रीय चयन का आधार सिर्फ आईपीएल नहीं, बल्कि घरेलू क्रिकेट में निरंतर प्रदर्शन होना चाहिए। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर और पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इशान के चयन को घरेलू क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का इनाम बताया है।

गावस्कर ने कहा कि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में ईशान किशन का शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि घरेलू क्रिकेट को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक टीम से बाहर रहने के बाद ईशान ने झारखंड को खिताब दिलाया और खुद बेहतरीन फॉर्म में नजर आए। गावस्कर के मुताबिक जब कोई खिलाड़ी प्रदर्शन करता है, हालांकि, गावस्कर ने शुभमन गिल को टी20 टीम से बाहर किए जाने को हैरान करने वाला फैसला बताया, लेकिन यह भी माना कि टी20 क्रिकेट में लय और तेज शुरुआत बेहद अहम होती है। उनके अनुसार, गिल का स्वाभाविक खेल टेस्ट क्रिकेट के ज्यादा अनुकूल है और टी20 में फॉर्म की कमी उनके खिलाफ गई। पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भी चयन समिति, खासकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर की खुलकर तारीफ की।

उन्होंने कहा कि टीम संयोजन को प्राथमिकता दी गई और गिल को बाहर करना भले ही मुश्किल फैसला रहा हो, लेकिन यह सही था। हरभजन ने इशान किशन और रिंकू सिंह की वापसी को सकारात्मक कदम बताया और अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाए जाने को भी शानदार फैसला करार दिया।

**खेल विशेष**

## मेलबर्न टेस्ट में नहीं खेलेंगे कमिस

**एडिलेड, वार्ता।** अपनी चोट की परवाह किये बिना एडिलेड टेस्ट में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिस ने संकेत दिए हैं कि बॉक्सिग-डे टेस्ट और इसके बाद शायद अब वह इस सीरीज का कोई मैच खेलेंगे। मैच में छह विकेट लेने वाले कमिस ने बैक इंजरी से उबरते हुए लगभग साढ़े पांच महीने बाद कोई मैच खेला था और उनके लिए लगातार दो टेस्ट खेलना आसान नहीं मैच के बाद कमिस ने कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं लेकिन बाकी बची सीरीज के लिए हमें इंतजार करके देखना होगा। हमें पता था कि ऐशेज जीतना है तो हमने काफी आक्रामक तैयारी की थी और हमें लगता है कि यह इसके लायक था। अब जबकि सीरीज जीती जा चुकी है तो ऐसा लग रहा है कि काम हो गया और अब खतरे के बारे में फिर से निरीक्षण की जरूरत है।अगले कुछ दिनों में हम इस पर काम कर लेंगे, लेकिन मुझे संदेह है कि मैं शायद ही मेलबर्न टेस्ट में खेलूं और फिर हम सिडनी के बारे में बात करेंगे। लेकिन निश्चित रूप से सीरीज शुरू होने से पहले, सीरीज के दौरान, हमने सोचा था कि चलो जोखिम उठाते हैं और प्रयास करते हैं, अब जब यह खत्म हो गई है, तो मुझे लगता है कि हमें इस बारे में बात करनी होगी। ये ऐसी सीरीज है जिसके बारे में हम लंबे समय से सोच रहे थे। आज ये आसान नहीं था, लेकिन हम काम पूरा करने में सफल रहे। हमारा चेंजिग रूम बेहद उत्सुक है। इंग्लैंड पर दबाव बनाए रखने को लेकर कमिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यही वह समय होता है जब यह क्रिकेट टीम अपने सर्वश्रेष्ठ पर होती है। ऑस्ट्रेलिया में आप चीजो को अधिक जल्दबाजी में नहीं कर सकते। आप चाहेंगे कि सब कुछ फौरन हो जाए, लेकिन ऐसा हमेशा नहीं होता। यहां अधिकतर समय पुराने ढंग की मेहनत और लगातार जद्दोजहद करनी पड़ती है। आज सभी खिलाड़ियों की मेहनत मुझे बेहद पसंद आई। मैच थोड़ा सा मेरी उम्मीद से अधिक करीब आ गया था, लेकिन मैं बेहद खुश हूं। मुझे लगता है।

# डेवोन कॉन्वे ने दोहरा शतक और टेस्ट में शतक लगाकर इतिहास रचा

**माउंट माउंगानुई, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ एक ही टेस्ट मैच में दोहरा शतक और फिर शतक बनाकर अपना नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज करा लिया है। इसी के साथ वह यह कारनामा करने वाले पहले कीवी बल्लेबाज बन गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार कॉनवे ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ओवल में तीसरे और अंतिम टेस्ट के दूसरे आखिरी दिन चाय से ठीक पहले शतक बनाकर यह दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। उन्होंने एंडरसन फिलिप की गेंद पर कट शॉट लगाकर अपनी दूसरी पारी का शतक पूरा किया। यह उपलब्धि उनकी पहली पारी में शानदार 227 रन बनाने के बाद मिली, जिसने मैच में न्यूजीलैंड की मजबूत स्थिति की नींव रखी।

ऐसा करके 34 वर्षीय कॉन्वे एक ही मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले पहले न्यूजीलैंड और टेस्ट इतिहास में केवल 10वें खिलाड़ी बन गए। कॉन्वे ब्रायन लारा, ग्राहम गूच, कुमार संगकारा और हाल ही में मार्नस लाबुशेन और शुभमन गिल जैसे दिग्गजों की एलीट सूची में शामिल हो गए। चौथे दिन चाय के समय, न्यूजीलैंड अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 192 रन पर था और मैच में अभी चार सत्र बाकी रहते हुए 347 रनों की मजबूत बढ़त बनाए हुए था।

# मेसी का दौरा शानदार, लेकिन फुटबॉल को कोई ठोस फायदा नहीं

**● इसमें कोई शक नहीं कि मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तीयों की मेजबानी यादगार रहेंगीः अनादि**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय फुटबाल के जाने माने खिलाघे रहे अनादि बरूआ का मानना है कि फुटबाल के अंतर्राष्ट्रीय सितारे लियोनेल मेसी के भारत दौरे ने भीघ्तो बहुत खींची लेकिन इससे देश में फुटबाल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली।



बरूआ ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि लियोनेल मेसी अब तक के सबसे अच्छे फुटबॉलरों में से एक हैं और हमारे देश में ऐसी मशहूर हस्तियों की मेजबानी करना हमेशा यादगार होता है। हालांकि, लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ उनके इस दौरे से भारत में आम तौर पर खेल और विशेषकर फुटबॉल को बढ़ावा देने में कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के लोगों द्वारा आयोजित मेसी का यह दौरा फुटबॉल के लिहाज से तब अधिक सार्थक होता जब वह यहां की राष्ट्रीय टीम या कोई स्थानीय क्लब के खिलाफ मैच खेलते, जैसा कि पेले ने 1977 में मोहन बागान के खिलाफ खेला था। यह तब भी सार्थक हो सकता था जब वह किसी अकादमी का दौरा करते और उभरते हुए फुटबॉल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते। इसके अलावा अगर वह गरीब बच्चों से मुलाकात कर उनसे बातचीत करते तो इसका कुछ सामाजिक महत्व होता। हालांकि, यह दौरा मार्केटिग को लेकर था। विदेश के लोग जानते हैं कि भारत एक बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए यह दौरा अधिकतर इंटर मियामी का विज्ञापन करने और अगले साल होने वाले विश्व कप के बारे में चर्चा पैदा करने के लिए था।

बरूआ ने कहा कि जिन लोंगों ने कभी यह खेल नहीं खेला और जिनका इस खेल से असल में कोई लेना-देना नहीं था, वे इस दौरे के दौरान अर्जेंटीना के इस दिग्गज के साथ फोटो खिचवाने के लिए सबसे अधिक उत्सुक दिखे। मेसी के दौरे के दौरान हमने कुछ अजीब हरकतें देखीं, उनमें से एक थी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह का उन्हें क्रिकेट बैट देना, जिस पर 2024 का आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों के खास साइन और ऑटोग्राफ थे। उन्होंने कहा कि यह भी देखना होगा कि दिग्गज फुटबॉलर का दौरा ऐसे समय में हुआ जब हमारा फुटबॉल अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है।

एक तरफ हमारी सीनियर पुरुष टीम दुनिया में 142वें नंबर पर है (19 नवंबर, 2025 की फीफा रैंकिग) और दूसरी तरफ आईएसएल सीजन को लेकर अनिश्चितताएं हैं। जब हम फुटबॉल की बात करते हैं, तो हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि लगभग सभी देश यह खेल खेलते हैं, उनमें से अधिकतर लोग इस 'खूबसूरत खेल' को बहुत जुनून से फॉलो करते हैं। इसलिए अगर हमें एक महत्वपूर्ण फुटबॉलिग देश बनना है।

# भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को किया सम्मानित

**● यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को 19 दिसम्बर को मुख्यालय में गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मानित किया। बीसीसीआई की ओर से रविवार को बताया गया कि भारतीय ब्लाइंड महिला जो पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही।

बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष रघुराम भट्ट ने उन्हें सम्मानित किया, खिलाड़ियों से बातचीत की और बोर्ड की ओर से हार्दिक बधाई दी। यह दौरा भारत में ब्लाइंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो राष्ट्रीय स्तर पर इस खेल के लिए बढ़ती पहचान और समर्थन को रेखांकित करता है। भारत ने नेपाल के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता। भारतीय टीम ने 115 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 12-1 ओवर में सात विकेट से जीत दर्ज की। इस शानदार जीत ने भारतीय टीम के लिए एक यादगार अभियान का समापन किया। बीसीसीआई ने कप्तान दीपिका टीसी, उनकी टीम के साथियों और सहयोगी सदस्य को उनके शानदार प्रयास के लिए बधाई दी।



बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने भी बातचीत के दौरान टीम को वर्चुअली संबोधित किया और बोर्ड की ओर से निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया, जिसमें भविष्य के दौरों के लिए प्लेइंग किट और यात्रा में सहायता शामिल है।

इस उपलब्धि को ऐतिहा. सिक बताते हुए बीसीसीआई ने टीम की सफलता को एक मील का पत्थर माना। बीसीसीआई के कई वरिष्ठ धिकारियों ने खिलाड़ियों की सहनशक्ति और दृढ़ संकल्प के लिए उनकी सराहना की। बीसीसीआई अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ष्यह ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और एक ऐसा क्षण है जिस पर पूरा देश गर्व कर सकता है। ऊंचाइयों को छूते रहें।

# इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' नहीं झेल सकाः बेन स्टोक्स

**एडिलेड, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वह कप्तानी के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, लेकिन यह भी स्वीकार करते है कि पहले तीन टेस्ट मैचों में उनकी टीम ऑस्ट्रेलिया के 'जबरदस्त हमले' को झेल नहीं सकी और रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए मात्र 11 दिनों में ही ऐशेज सीरीज गंवा बैठी। 2022 से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान रहे स्टोक्स ने इस दौरे से पहले दो साल का नया केन्द्रीय अनुबंध साइन किया था, जो 2027 की गर्मियों के अंत तक चलेगा।

उन्होंने कहा कि कप्तान बने रहने की उनकी इच्छा 'बिल्कुल' बरकरार है और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर दौरे की शुरुआत से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। इंग्लैंड इस उम्मीद के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचा था कि वह 2010-11 के बाद पहली बार ऐशेज सीरीज जीतने वाली टीम बनेगा, लेकिन उसे पूरी तरह मात मिली। पर्थ और ब्रिस्बेन में आठ विकेट से और एडिलेड में 85 रन से हार झेलनी पड़ी। स्टोक्स ने माना कि ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड से 'बहुत अच्छा' साबित हुआ और विशेषकर अपने गेंदबाजो की अस्थिरता को बड़ी निराशा बताया। स्टोक्स ने कहा कि यह वाकई बहुत खराब लगता है। अब यह जानना कि हम यहां जो हासिल करने आए थे, वह नहीं कर सकते यह स्पष्ट तौर पर बहुत निराशाजनक है। मेरे लिए बात बिल्कुल साफ है



कि ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों में हमसे कहीं अधिक कहीं ज्यादा निरंतरता के साथ अमल किया है। उन्होंने हर चीज को हमसे कहीं बेहतर तरीके से और कहीं ज्यादा लंबे समय तक लगातार अंजाम दिया है। हमारे पास भी कुछ लम्हे ऐसे रहे हैं जब हम बहुत अच्छे थे, लेकिन इस सीरीज में अब तक ऑस्ट्रेलिया हमसे कहीं लंबे समय तक और कुल मिलाकर कहीं बेहतर रहा है। उन्होंने कहा, ष्हमें पता है कि यहां कौन-सी योजनाएं काम करती हैं। हम बस उन योजनाओं को पर्याप्त समय तक सही ढंग से लागू नहीं कर पाए। हमने यह कुछ-कुछ लम्हों में और कुछ चरणों में किया।

## पीसीबी ने दो नई फ्रेंचाइजी के लिए पीएसएल बिड की तिथि आगे बढ़ाई

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तानं सुपर लीग (पीएसएल) के लिए दो नई फेंचाइजी के लिए बिड जमा कराने की तिथि एक बार फिर बढ़ा दिया है। पीसीबी ने बताया कि बोली लगाने की 22 दिसम्बर तिथि को बढ़कर अब 24 दिसम्बर कर दिया गया है, क्योंकि इस दौरान दो छुट्टियां थीं और इच्छुक पार्टियों ने अतिरिक्त समय मांगा था। पहला विस्तार यूरोप, अमे. रिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों के निवेशकों की 'बढ़ती रुचि' को देखते हुए किया गया था। पाकिस्तान क्रिकेट के अध्यक्ष मो. हसिन नकवी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि यूरोप, अमेरिका, मध्य पूर्व और अन्य जगहों से नई एचबीएल पीएसएल टीमें खरीदने में बढ़ती रुचि को देखते हुए, हमने बिड जमा कराने की तिथि एक सप्ताह बढ़ाकर 22 दिसम्बर 2025 कर दी है।

# ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 82 रनों से हराकर एशेज 3-0 से अपने नाम किया

**● मिशेल स्टार्क, पैट कमिस और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट हासिल किए**

**एडिलेड, वार्ता।** मिशेल स्टार्क, पैट कमिस, नाथन लियोन (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन इंग्लैंड को दूसरी पारी में 352 के स्कोर पर समेट कर 82 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की निर्णायक बढ़त बना ली। आज यहां इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 206 रनों क स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की दूसरी पारी में 352 रनों पर सिमट गई। हालांकि जेमी स्मिथ (60) और विल जैक्स (47) ने जोरदार संघर्ष किया। सुबह के सत्र में मिचेल स्टार्क ने जेमी स्मिथ को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद 93वें ओवर में स्टार्क ने विल जैक्स को भी अपना शिकार बना लिया।



जोफ्रा आर्चर तीन रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया के तेज गें. दबाजों ने तनावपूर्ण आखिरी सेशन में धैर्य बनाए रखा, जिसमें मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड ने निर्णायक वार किए। 103 वें ओवर की पहली गेंद पर स्कॉट बोलैंड ने जॉश टंग (एक) को आउटकर मेहमान टीम की दूसरी पारी का 352 के स्कोर पर अंत कर दिया। उन्होंने दो टेस्ट मैच बाकी रहते ही सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दोनों पारियों में 371 और 349 रन बनाए थे, जिससे इंग्लैंड के सामने एक मुश्किल चुनौती खड़ी हो गई थी। विकेटकीपर-बल्लेबाज एलेक्स कैरी को स्टंप के पीछे और बल्ले से अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, उन्होंने मैच के अहम चरणों में स्थिरता प्रदान की। स्टार्क आखिरी पारी में सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे, उन्होंने अहम मौकों पर विकेट लेकर इंग्लैंड की लय को रोका, जबकि कप्तान पैट कमिस ने भी महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाईं।

# जेब पर एक और बोझ

संसद का शीतकालीन सत्र समाप्त होते ही सरकार ने आम जनता की जेब पर एक और बोझ डाल दिया है। जी हां भारतीय रेलवे ने किराए में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है, जो 26 दिसंबर 2025 से लागू हो जाएगा। हालांकि कम दूरी की यात्रा करने वालों और मंथली सीजन टिकट होल्डर्स के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन 215 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करने वाले यात्रियों को अब हर किलोमीटर के लिए 1 से 2 पैसे अतिरिक्त चुकाने होंगे। संसद के शीतकालीन सत्र में लगभग आठ बिल पास हुए, जिनका खामियाजा जनता को अपनी जेब पर भारी पड़ गया। महंगाई घटने की बजाय और बढ़ती जा रही है, लेकिन आम जनता की आमदनी में अभी कोई वृद्धि नहीं हुई, जिसके परिणाम स्वरूप 250 किलोमीटर से ज्यादा यात्रा करने वालों को अतिरिक्त पैसे देने होंगे। इस बदलाव से भारतीय रेलवे को सालाना 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी। रेलवे ने छोटे रूट और सीजन टिकट वालों को राहत रेलवे ने छोटे रूट पर यात्रा करने वाले करोड़ों यात्रियों को राहत दी है। कम दूरी की यात्राएं पहले की तरह ही सस्ती बनी रहेंगी। इस किराया बढ़ोतरी से मिली 600 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय का इस्तेमाल इन्हीं कामों में किया जाएगा। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता है और इसके नेटवर्क को मेंटेन करने में भारी खर्च आता है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किराए में बढ़ोतरी की थी। तब नॉन-एसी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के किराए में 1 पैसा प्रति किलोमीटर और एसी क्लास के किराए में 2 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी की थी। हमारे देश के नेता अपने आप तो अच्छा खासा वेतन लेते हैं और सेवानिवृत्ति के बाद अच्छी पेंशन भी लेते हैं, लेकिन उनके बारे में कुछ नहीं सोचते, जो इस देश के उन संस्थानों में काम कर रहे हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी कमाई में इजाफा करने के लिए भी कुछ प्रयास नहीं करती है। आजकल नौकरी की तलाश में युवा एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं, जिन्हें ट्रेन से ही सफर करना पड़ता है, ऐसे लोगों को अपनी जेब हल्की करनी होगी। हालांकि एक राहत भरी खबर यह भी है कि रेलवे ने सब-अर्बन (उपनगरीय) ट्रेनों और मंथली सीजन टिकट की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इससे मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में लोकल ट्रेनों से सफर करने वाले लाखों यात्रियों पर कोई बोझ नहीं पड़ेगा। संसद में जब विपक्ष के सांसद सत्ता पक्ष से प्रश्न पूछते हैं, तो उनका गोलमोल जवाब देकर इतिश्री कर लिया जाता है। उन पर कोई बहस भी नहीं होती। सरकार अपने प्रतिष्ठानों में घाटा दिखाकर जनता को लूटने का काम कर रही है। इससे पहले इसी साल 1 जुलाई को सरकार ने रेल किरा, में बढ़ोतरी की थी। अब नए साल से पहले ही सरकार ने लोगों को झटका दे दिया है। भारतीय रेलवे बोर्ड की स्थापना मार्च 1905 में हुई थी। भारतीय रेलवे को गति प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे बोर्ड पहला अभिकरण था, जो भारत में स्थापित हुआ। यह भारतीय रेलवे बोर्ड एक्ट (1905) की धाराओं के अधीन स्थापित किया गया। रेलवे बोर्ड रेलवे में निर्णय लेने वाला सर्वोच्च विभाग है। यह बोर्ड भारतीय रेलवे से जुड़े सभी प्रोजेक्ट और पॉलिसी का निर्धारण करता है। रेलवे बोर्ड के अधिकारी क्लास ए सिविल सर्विस के तहत आते हैं और इनकी नियुक्ति यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन के तहत होती है।


## आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं



धरना देना सीख लो, आंदोलन से ही नतीजे निकलते हैं, जमीन किसान की है और उस जमीन से निकली फसल का दाम तय करने की किसान के पास ताकत नहीं है, किसानों के पुराने ट्रैक्टर, तो प्रदूषण के कारण रोके जा रहे हैं लेकिन सरकार के ही ट्रक दिन रात शहर में आ जा रहे हैं। जो भी ट्रक अब मुजफ्फरनगर या अन्य शहर में आएगा, तो उसे वापस नहीं जाने दिया जाएगा, किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो लखनऊ में आंदोलन होगा। इससे पहले मुख्यमंत्री से वार्ता की जाएगी, अगर बात नहीं सुनी गई तो लखनऊ में ही आंदोलन होगा, इसके साथ ही अरनावली के पहाड़ बचाने के लिए भी आंदोलन किया जाएगा।

**-राकेश टिकैत, प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन**

# कागज के खाली पन्नों से विश्व मंच तक, रामानुजन की अद्भुत कहानी





**योगेश कुमार गोयल**

भारत में प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। यह दिवस भारतीय गणित की गौरवशाली परंपरा और विश्वविख्यात गणितज्ञ निवास रामानुजन के अतुलनीय योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से उनके जन्मदिवस पर मनाया जाता है। यह केवल एक स्मृति-दिवस नहीं बल्कि गणित जैसे बौद्धिक अनुशासन के प्रति समाज में सम्मान, जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टि को सुदृढ़ करने का राष्ट्रीय प्रयास है। राष्ट्रीय गणित दिवस की औपचारिक घोषणा वर्ष 2012 में रामानुजन की 125वीं जयंती के अवसर पर की गई थी। चेन्नई में आयोजित इस ऐतिहासिक समारोह में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने रामानुजन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा था कि ऐसे विलक्षण प्रतिभावान और गूढ़ ज्ञान से युक्त व्यक्तित्वों का जन्म समाज में बहुत कम होता है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि रामानुजन की प्रतिभा न केवल गणित के क्षेत्र में बल्कि मानव बौद्धिक क्षमता की सीमाओं को समझने में भी एक प्रेरक उदाहरण है। उसी अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि रामानुजन के जन्मदिवस को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय गणित दिवस' के रूप में मनाया जाएगा ताकि देश की युवा पीढ़ी गणित से भय के बजाय आकर्षण और नवाचार का संबंध विकसित कर सके। इस दिवस का उद्देश्य गणितीय सोच को बढ़ावा देना, अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और यह संदेश देना है कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं बल्कि विज्ञान, तकनीक और राष्ट्र-निर्माण की आधारशिला है।

मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में 22 दिसम्बर 1887 को जन्मे निवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए थे और तब परिवार के लोगों को चिंता होने लगी थी कि कहीं वह गूंगे न हों, लेकिन कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान् कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बामुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे क्योंकि गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था। गणित में अतुलनीय योगदान के लिए निवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई।

परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी करनी शुरू की। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्नों को हल करने लग जाया करते थे। एक दिन एक ब्रिटिश की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का सम्पर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा को भांपकर उन्हें अपनी प्रतिभा को साकार करने के लिए लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनियाभर में फैल गई। जीएस हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष श्रेणी में रखा था। 1917 में उन्हें 'लंदन मैथेमेटिकल सोसायटी' का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था 'रॉयल सोसायटी' ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानु. जन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जी एच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोध. ापत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी।ए। की उपाधि भी प्रदान दी। महान् गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। भारतीय गणित की महान् परम्परा के वाहक निवास रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए 'संख्याओं का जादूगर' भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिक. ांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्व. विख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज 'रामानुजन थीटा' तथा 'रामानुजन प्राइम' ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनियाभर के शोधकर्ताओं को प्रेरित किया। बहरहाल, राष्ट्रीय गणित दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि सीमित संसाधनों और औपचारिक प्रशिक्षण के अभाव में भी भारतीय प्रतिभा विश्व को नई दिशा दे सकती है, जैसा कि रामानुजन ने अपने जीवन और कार्य से सिद्ध किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खुद ही मिट जाएंगे महात्मा गांधी को मिटाने वाले



**तनवीर जाफरी**

महात्मा गांधी के नाम से नफरत करने व इसे मिटाने की कोशिशों का एक और प्रयास पिछले दिनों संसद में उस समय देखने को मिला जबकि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अर्थात मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अथवा संक्षेप में वीबीजी राम जी कर दिया। हालांकि पहले यह खबरें थीं कि इसे पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना का नाम दिया जाएगा परन्तु आखिरकार इस योजना से सरकार ने महात्मा गांधी का नाम हटा ही दिया। गौरतलब है कि मनरेगा की शुरुआत 2005 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार द्वारा की गई थी। प्रारंभ में इसका नाम जवाहर रोजगार योजना था परन्तु बाद में कांग्रेस ने ही इस योजना को महात्मा गांधी का नाम दे दिया था। अब विपक्ष इसे गांधी का नाम हटाने और मिटाने की भाजपाई कोशिश बता रहा है, जबकि सरकार के अनुसार वह गांधी के विचारों को और मजबूत कर रही है। हालांकि सरकार ने योजना का नाम बदलने के साथ ही इस योजना में कुछ सुधार और विस्तार करने का भी दावा किया है परन्तु कांग्रेस व अन्य विपक्षी दल इसे गांधी का अपमान बता रहे हैं। कांग्रेस के अनुसार इससे योजना की मूल भावना ही बदल रही है। विपक्ष आरोप लगा रहा है कि जिस तरह अन्य कई योजनाओं, कानूनों, मार्गों, शहरों, स्टेशन आदि के नाम बदलना भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है उसी तरह महात्मा गांधी का नाम हटाना भी उसी मुहिम का एक हिस्सा है। भाजपा, गांधी का सम्मान करती है, सम्मान करने का दिखावा करती है या सम्मान करते हुए नजर आना उसकी मजबूरी है यह एक ऐसी वैचारिक बहस का मुद्दा है जो गांधी की हत्या के बाद से ही छिड़ा हुआ है। गांधी का हत्यारा कौन था, उसकी विचारधारा क्या थी? आज उस विच. ारधारा के अलंबरदार कौन लोग हैं? सत्ता से उनके क्या रिश्ते हैं यह बातें किसी से छुपी नहीं हैं। विगत दस वर्षों से तो खास तौर पर जिस तरह सत्ता समर्थित अनेक सांसदों द्वारा व इसी से जुड़े अनेक संगठनों के लोगों द्वारा जिसतरह गांधी का बार बार अपमान क्या गया, यहां तक कि उन्हें गोली मारने का दृश्य तक दोहराया गया, गांधी के हत्यारे आतंकी नाथू राम गोडसे का महिमामंडन किया गया,उसकी प्रतिमा लगाने तक के दुष्प्रयास किए गए यह सब इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए काफी हैं कि वर्तमान सत्ता के साए तले महात्मा गांधी के प्रति नफरत खूब फली फूली है। आश्चर्य की बात तो यह है जिनके आदर्श नेताओं ने अंग्रेजों के तलवे चाटे थे,उनके रहम-ओ-करम पर जीने को मजबूर थे वही शक्तियां आज उस गांधी के अपमान पर उतारू हैं जिन्हें पूरी दुनिया,यहां तक कि खुद अंग्रेज भी झुककर सम्मान देते हैं? यह पहला मौका नहीं है जबकि मनरेगा से गांधी का नाम हटाया गया है। याद कीजिए 2017 में खादी ग्रामोद्योग आयोग ने हमेशा छपने वाले अपने कैलेंडर में महात्मा गांधी की चरखा घुमाती हुई तस्वीर की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समान मुद्रा वाली फोटो लगा दी थी। उस समय खादी ग्रामोद्योग के कर्मचारियों और विपक्ष ने भी इसे गांधी जी की विरासत का अपमान बताया था। उस समय सोशल मीडिया पर भी खूब फोटोशॉप्ड मीम्स व ट्रोलिंग हुई। भाजपा नेताओं को तो शायद गांधी का नाम भी सम्मान से लेने में परेशानी होती है। तभी अमित शाह ने महात्मा गांधी को जून 2017 को छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि गांधी एक चतुर बनिया था। उस समय भी कांग्रेस ने अमित शाह पर राष्ट्रपिता के लिए चतुर बनिया शब्द का इस्तेमाल कर गांधी का अपमान करने का आरोप लगाया था। उस समय भी कांग्रेस ने कहा था कि आजादी के बाद, बीजेपी ऐसा कर रही है, जैसा अंग्रेजों ने किया था। 31 अक्टूबर 2013 को गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का शिलान्यास गुजरात के नर्मदा जिले में केवड़िया के पास नर्मदा नदी के किनारे किया था। बाद में जब इसका निर्माण 2018 में पूरा हुआ तो नरेंद्र मोदी ने ही प्रधानमंत्री के रूप में इसका उद्घाटन भी किया। मूर्ति की ऊंचाई 182 मीटर है, जो आधार सहित कुल 240 मीटर बनती है।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी लोकतंत्र की पारदर्शिता और भारतीय संसद



**विनीत नारायण**

**पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमे. रिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति ( पीएसी ), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति ( जेपीसी ), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं।**

अमेरिकी राजनीति में हाल ही में एक बार फिर एक ऐसी घटना घटी जब एफबीआई निदेशक काश पटेल को कांग्रेस की हाउस ज्यूडिशियरी कमिटी के समक्ष सुनवाई के लिए बुलाया गया। यह सुनवाई दिसंबर 2025 में हुई, जहां पटेल को जेफरी एपस्टीन फाइलों, एफबीआई की पारदर्शिता और अन्य विवादास्पद मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। सुनवाई के दौरान एक एपस्टीन वीडियो चलाया गया, जिसने सदन में हंगामा मचा दिया। पटेल ने दावा किया कि एपस्टीन की फाइलों में कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है कि उन्होंने अन्य लोगों को ट्रैफिकिंग की गई पीड़िताएं प्रदान की थीं और जांच पुराने गैर-अभियोजन समझौतों से बंधी हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने ही एपस्टीन के खिलाफ मामले को फिर से खोला था, जबकि पहले के प्रशासन द्धओबामा और बाइडेनत्र्ृ ने फाइलें जारी नहीं कीं। डेमोक्रेट सांसदों ने पटेल पर ट्रंप को बचाने का आरोप लगाया, जबकि पटेल ने इनकार किया और कहा कि सभी कानूनी रूप से जारी करने योग्य जानकारी साझा की जा रही है। सुनवाई में एजेंटों की पुनर्नियुक्ति, चार्ली किर्क की हत्या की जांच और एफबीआई के राजनीतिकरण जैसे मुद्दे भी उठे, जहां पटेल ने अपराध दर में कमी और गिरफ्तारियों में वृद्धि का हवाला दिया।

यह सुनवाई अमेरिकी लोकतंत्र की एक प्रमुख विशेषता को दर्शाती है। कांग्रेस द्वारा कार्यकारी अधिक. ारियों को सार्वजनिक रूप से जवाबदेह ठहराना एक परंपरा रही है। काश पटेल, जो ट्रंप के करीबी सहयोगी हैं और एफबीआई निदेशक के रूप में नियुक्त हुए, को सितंबर 2025 में भी सीनेट और हाउस कमिटियों के समक्ष पेश होना पड़ा था, लेकिन दिसंबर की सुनवाई अधिक विवादास्पद रही क्योंकि इसमें एपस्टीन स्कैंडल पर फोकस था। सुनवाई के दौरान सांसदों ने पटेल से सीधे सवाल किए, जैसे एपस्टीन फाइलों में ट्रंप का नाम कितनी बार आया और क्यों रेडैक्शन के लिए लगभग 1,000 एजेंटों को लगाया गया। पटेल ने इनकार किया कि संसाधनों का दुरुपयोग हुआ और कहा कि जांच चल रही है, लेकिन अदालती आदेशों से बंधे हैं। इस तरह की सुनवाई लाइव प्रसारित होती हैं, जो जनता को सीधे देखने का अवसर देती हैं और यह अमेरिकी संविधान की जांच और संतुलन की व्यवस्था का हिस्सा है। यदि तुलना की जाए तो भारत में भी संसद द्वारा किसी अधिकारी को बुलाने की प्रक्रिया है। लेकिन यह अमेरिकी कांग्रेस की तरह सार्वजनिक और नाटकीय नहीं होती। भारतीय संसद की स्थाई समितियां, जैसे लोक लेखा समिति (पीएसी), अनुमान समिति या संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी), अधिकारियों को बुला सकती हैं और पूछताछ कर सकती हैं। उदाहरण के लिए, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में जेपीसी ने अधिकारियों को समन किया था, लेकिन यह कार्यवाहियां बंद दरवाजों के पीछे होती हैं, मीडिया को अनुमति नहीं होती और कोई लाइव ब्रॉडकास्ट भी नहीं होता। अमेरिका में जहां सुनवाई टीवी पर लाइव होती है और सांसद अधिकारियों को कड़े सवाल भी कर सकते हैं, भारत में यह गोपनीय रहती है ताकि जांच प्रभावित न हो। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 105 और 118 के तहत समितियां स्वतंत्र हैं, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई की परंपरा नहीं है। क्या भारत में कभी ऐसी सुनवाई हो सकती है? यह संभव है, लेकिन राजनीतिक घोटालों के बावजूद मुश्किल। भारत संसदीय प्रणाली पर आधारित है, जहां कार्यकारी और विधायिका में फ्यूजन है, जबकि अमेरिका राष्ट्रपति प्रणाली में पृथक्करण है। जबकि यहां प्रधानमंत्री और मंत्री संसद के सदस्य होते हैं, इसलिए अधिकारी को बुलाना मंत्री की जिम्मेदारी पर सवाल उठा सकता है, जो राजनीतिक अस्थिरता पैदा कर सकता है। यदि कोई बड़ा घोटाला हो, जैसे राफेल डील या कोयला घोटाला आदि, तो जेपीसी तो अवश्य बन सकती है, लेकिन सार्वजनिक सुनवाई से राजनीतिक पार्टियां डरती हैं क्योंकि इससे संसद में हंगामा, इस्तीफे या सरकार गिरने का खतरा होता है। हालांकि, डिजिटल युग में पारदर्शिता की मांग बढ़ रही है। यदि संसद नियमों में संशोधन करे, जैसे सुनवाई को लाइव प्रसारित करने का प्रावधान, तो यह संभव हो सकता है, लेकिन वर्तमान राजनीतिक संस्कृति में, जहां विपक्ष और सत्ता पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं, ऐसी सुनवाई से घोटाला ही फूट सकता है, जैसे संसद में अवरोध या मीडिया ट्रायल। फिर भी, लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह विचारणीय है। किसी भी लोकतंत्र में, सत्ता में कोई भी पार्टी क्यों न हो, ऐसे अधिकारियों को बुलाने के कई लाभ हैं। सबसे पहले, यह जवाबदेही सुनिश्चित करता है। चुने हुए प्रतिनिधि कार्यकारी अधिकारियों से सवाल कर सकते हैं, जो जनता की ओर से होता है। इससे भ्रष्टाचार, दुरुपयोग या नीतिगत असफलताओं पर रोशनी पड़ती है। उदाहरण के लिए, अमेरिका में पटेल की सुनवाई से एपस्टीन फाइलों पर जनता को जानकारी मिली, जो अन्यथा छिपी रह सकती थी। भारत में यदि ऐसा हो, तो सरकारी योजनाओं या जांचों की पारदर्शिता अवश्य बढ़ेगी। दूसरा, यह जांच और संतुलन की व्यवस्था को मजबूत करता है। लोकतंत्र में कोई भी शाखा निरंकुश नहीं होनी चाहिए। विधायिका द्वारा कार्यकारी को बुलाना सत्ता के दुरूपयोग को रोकता है। सत्ता मेंचाहे भाजपा हो या कांग्रेस, यह प्रक्रिया नीतियों को जनहित में रखती है। तीसरा, जनता की भागीदारी बढ़ती है। सार्वजनिक सुनवाई से लोग सूचित होते हैं, जो मतदान और सक्रिय नागरिकता को प्रोत्साहित करता है। चौथा, यह राजनी. तिक पार्टियों को पारदर्शी बनाता है, क्योंकि सत्ता पक्ष को अपनी नीतियों का बचाव करना पड़ता है, जबकि विपक्ष को रचनात्मक सवाल करने पड़ते हैं। इससे लो. कतंत्र की गुणवत्ता सुधरती है। हालांकि, इस सब के नुकसान भी हो सकते हैं, जैसे राजनीतिकरण या मीडिया ट्रायल, लेकिन देखा जाए तो लाभ अधिक हैं। पटेल की सुनवाई से अमेरिका में एफबीआई की विश्वसनीयता पर बहस हुई, जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है। भारत में यदि ऐसी व्यवस्था आए, तो घोटालों के बावजूद, यह देश को मजबूत बनाएगा और जवाबदेही व पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन ने टेक्नोलॉजी के दम पर जीती प्रदूषण से जंग

## चीन के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी

**बीजिंग।** उत्तर भारत के कई शहर जिस दमघोंटू हवा से जूझ रहे हैं, करीब एक दशक पहले चीन के हालात भी कुछ ऐसे ही थे। वहां के शहरों में भी स्मॉग की चादर बिछी रहती थी और लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत होती थी। लेकिन चीन ने हार नहीं मानी और तकनीक के सही तालमेल से अपनी आबोहवा को पूरी तरह बदल दिया।

आज चीन के कई शहरों में वायु गुणवत्ता में जो सुधार आया है, वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बन गया है। आइए जानते हैं चीन ने तकनीक की मदद से कैसे प्रदूषण को मात दी और शहरों की हवा को सांस लेने लायक बनाया। चीन में प्रदूषण की यह समस्या 1978 के आर्थिक उदारीकरण के बाद शुरू हुई, जब वहां फैक्ट्रियों, बिजली घरों और गाड़ियों की तादाद अचानक बढ़ गई। कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था। इस समस्या ने पूरी दुनिया का ध्यान तब खींचा जब 2008 में बीजिंग ओलंपिक हुए। अंतर्राष्ट्रीय दबाव और देश के भीतर बढ़ते गुस्से को देखते हुए चीन सरकार ने समझ लिया कि अब हाथ पर हाथ धरे बैठने का समय निकल चुका है। चीन ने अपनी हवा सुधारने के लिए सबसे पहले उन रास्तों को चुना जो सबसे ज्यादा धुआं उगल रहे थे। सरकार ने कोयले के इस्तेमाल को धीरे-धीरे कम करना शुरू किया और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया। इसका सबसे बेहतरीन उदाहरण शेन्जेन शहर है, जिसने अपनी हजारों बसों के पूरे बेड़े को रातों-रात इलेक्ट्रिक में बदल दिया। इन फैसलों ने न केवल सड़कों से धुआं कम किया, बल्कि शहरों में शोर और प्रदूषण के स्तर को भी काफी हद तक नीचे गिरा दिया। चीन की इस लड़ाई में आधुनिक तकनीक सबसे बड़ा हथियार साबित हुई। पूरे देश में हजारों की संख्या में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए गए, जो चौबीसों घंटे हवा की शुद्धता पर नजर रखते हैं। प्रदूषण फैलाने वाले स्रोतों की सही पहचान के लिए सैटेलाइट और हाई-टेक ड्रोन्स का सहारा लिया गया। इतना ही नहीं, चीन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा का इस्तेमाल करके एक ऐसा सिस्टम बनाया जो पहले ही बता देता है कि मौसम की स्थिति के हिसाब से प्रदूषण कब और कहां बढ़ सकता है।



■ कोयले पर निर्भरता और खेतों में जलती पराली ने हवा को जहरीला बना दिया था

# कंबोडिया-थाइलैंड संघर्ष में अब तक 19 कंबोडियाई नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** थाईलैंड और कंबोडिया के बीच फिर से शुरू हुए सीमा संघर्ष में 15 दिनों में मरने वाले कंबोडियाई नागरिकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की राज्य उप-सचिव और प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 दिसम्बर को स्थानीय समयानुसार शाम 6 बजे तक मरने वाले 19 लोगों में एक शिशु भी शामिल है। अब तक 79 नागरिक घायल भी हुए हैं। कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष 7 दिसम्बर से फिर से भड़क उठा है, जिससे दोनों पक्षों को काफी नुकसान पहुंचा है।




**रांची। शीत ऋतु की सुबह कोहरे के कारण ट्रेनों में देरी और रद्द होने के बीच यात्री रांची रेलवे स्टेशन पर पहुंचते हुए।**

# 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को अमेरिका छोड़ने से रोक रहे गूगल, ऐप्पल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल और ऐप्पल नौकरी वाले वीज़ा पर अमेरिका आए कर्मचारियों को देश छोड़ने से रोक रहे हैं। बिजनेस इनसाइडर ने एक ईमेल का हवाला देते हुए यह दावा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, गूगल और ऐप्पल कुछ 'वर्क वीजा' वाले कर्मचारियों को दूतावास में देरी के कारण अमेरिका से बाहर यात्रा न करने की सलाह दे रहे हैं। दोनों कंपनियों के बाहरी कानूनी सलाहकारों ने उन कर्मचारियों को ईमेल भेजे हैं जिन्हें अमेरिका में फिर से प्रवेश के लिए वीजा स्टैंप की ज़रूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमरीकी सेना ने वेनेजुएला के तट से दूसरा तेल टैंकर पकड़ा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की आंतरिक सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि सेना ने वेनेजुएला के तट से एक और तेल टैंकर पकड़ा है। नोएम ने शनिवार को एक्स पर कहा कि आज सुबह 20 दिसम्बर को एक कार्रवाई में, अमरीकी तटीय गार्ड ने युद्ध विभाग की मदद से एक तेल टैंकर पकड़ा जो आखिरी बार वेनेजुएला में खड़ा किया गया था। इससे पहले अमरीकी सेना ने 10 दिसम्बर को वेनेजुएला के तट से एक तेल टैंकर पकड़ा। वेनेजुएला सरकार ने इस कदम की 'एक खुली चोरी और अंतर्राष्ट्रीय लूट' कहकर निंदा की है।

### जापान राष्ट्रीय एआई परियोजना शुरू करेगा

**टोक्यो।** जापान निजी क्षेत्र के साथ मिलकर लगभग तीन ट्रिलियन येन (लगभग 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की लागत से एक राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रणाली परियोजना शुरू करेगा। 'योमिउरी' समाचार पत्र ने बताया कि सॉफ्टबैंक और दस से अधिक अन्य जापानी कंपनियों द्वारा अगले वसंत में देश का सबसे बड़ा 'एआई बेसलाइन मॉडल' विकसित करने के लिए एक नया उद्यम स्थापित करने की उम्मीद है। इस परियोजना का उद्देश्य जापान, अमेरिका और चीन के बीच एआई के मामले में बढती खाई को पाटना है।

### जापान के अमोरी प्रांत में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**टोक्यो।** उत्तरी जापान के अमोरी प्रान्त के तट पर रविवार को 5.5 की तीव्रता वाला भूकंप आया। जापान मौसम एजेंसी (जेएमए) ने यह जानकारी दी है। जेएमए के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 10:29 बजे अमोरी के प्रशांत तट पर 50 किमी की गहराई में आया। भूकंपीय पैमाने' पर इसकी तीव्रता 4 मापी गई। भूकंप का केंद्र 40.7 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 142.3 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसे लेकर सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## उस्मान हादी हत्या मामला: न्याय की मांग तेज हुई

# बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम

■ आक्रोशित छात्र नेता बोले: हत्यारों को गिरफ्तार करो, अनिश्चितकालीन धरने की धमकी, होम एडवाइजर से इस्तीफा देने की मांग

**ढाका।** भारत और शेख हसीना के विरोधी बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग तेज हो गई है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। इंकलाब मंच के सचिव अब्दुल्ला अल जाबेर ने कहा कि अगर सरकार आज शाम तक हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार नहीं करती, तो शाहबाग चौराहे पर रविवार शाम से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। कल हादी के अंतिम संस्कार के बाद दोपहर 3 तीन बजे शाहबाग चौराहे पर हुए रैली में यह अल्टीमेटम जारी किया गया।

रैली मे इंकलाब मंच ने करीब दो घंटे तक इलाके को ब्लॉक रखा। जाबेर ने होम एडवाइजर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी और मुख्य सलाहकार के विशेष सहायक खुदा बख्श चौधरी से 24 घंटे के अंदर इस्तीफा देने की मांग की। जाबेर ने सरकार के सामने दो मुख्य मांगें रखीं है, जिसमें पहली, हादी की हत्या में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी, और दूसरी अवामी लीग से जुड़े कथित सिविल-मिलिट्री इंटेलिजेंस एजेंटों की गिरफ्तारी है। इंकलाब मंच ने बांग्लादेश सरकार को हादी के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। जाबेर ने सरकार से पूछा कि आपने उस्मान हादी के हत्यारों को पकड़ने के लिए क्या किया? उन्होंने कहा कि यह हत्या एक व्यक्ति का काम नहीं है, बल्कि इसके पीछे पूरा एक सिंडिकेट है। जाबेर ने किसी राजनीतिक दल पर सीधे शक नहीं जताया, लेकिन कहा कि कोई भी दल संदेह से ऊपर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हादी सिर्फ अवामी लीग के लिए ही नहीं, बल्कि कई अन्य राजनीतिक दलों के लिए भी समस्या था। उन्होंने चेतावनी दी कि हत्यारों का बचाव करने वालों और उनका सार्वजनिक समर्थन करने वालों को भी न्याय के दायरे में लाया जाए। भारत ने बांग्लादेश के चटगांव शहर में भारतीय वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी हैं। यह फैसला वहां की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और हाल की हिंसक घटनाओं के बाद लिया गया है। चटगांव स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने 21 दिसम्बर से सभी तरह की वीजा सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी हैं। वीजा आवेदन केंद्र की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद ही वीजा सेवाएं दोबारा शुरू करने पर फैसला लिया जाएगा। तब तक चटगांव में भारतीय वीजा से जुड़ी सभी सेवाएं बंद रहेंगी। जाबेर ने आगे आरोप लगाया कि आगामी चुनावों को बाधित करने और शेख हसीना की अवामी लीग को फिर से सत्ता में लाने की साजिश चल रही है। उन्होंने हादी को 'जनता की आवाज' और 'बांग्लादेश की स्वतंत्रता और संप्रभुता का प्रतीक' बताया। साथ ही, समर्थकों से शांत रहने और तोड़फोड़ से बचने की अपील की। हादी के जनाजे में शनिवार को लाखों लोग शामिल हुए। हादी को बांग्लादेश के राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की कब्र के बगल में दफनाया गया। इससे पहले दोपहर 2:30 बजे संसद भवन के साउथ प्लाजा में जनाजे की नमाज अदा की गई।

■ भारत ने चटगांव में वीजा सेवाएं अनिश्चितकाल को बंद कीं, सुरक्षा हालात की समीक्षा के बाद सेवाएं शुरू करने पर फैसला होगा



### बंगबंध शेख मुजीब हॉल का नाम रखा गया उस्मान हादी हॉल

**ढाका।** छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद से बांग्लादेश में राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता लगातार बढ़ती जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राजधानी ढाका सहित कई इलाकों में असंतोष का माहौल है। लोग अभी भी सड़कों पर हैं। इस बीच ढाका यूनिवर्सिटी ने अपने एक हॉल का नाम बदलकर शरीफ उस्मान हादी कर दिया है। इस हॉल का नाम बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान के नाम पर था। हादी एक युवा नेता थे और जुलाई के विद्रोह में शामिल थे, जिसमें शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। बता दें कि सिर में गोली लगने के छह दिन बाद गुरुवार को हदी की मौत हो गई थी। उन्हें 12 दिसम्बर को सेंट्रल ढाका में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने सिर में गोली मार दी थी, जिसके बाद सिगापुर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद पूरे बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर हिंसक घटनाएं हुईं। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, हॉल यूनियन ने शनिवार को मुख्य गेट पर लगी शेख मुजीबुर रहमान के नाम की नेमप्लेट हटाकर उसकी जगह 'शहीद शरीफ उस्मान हादी हॉल' नाम की नेमप्लेट लगा दी।

# अमेरिकी घेराबंदी के चलते वेनेजुएला का व्यापार ठप

■ दूसरा व्यापारिक जहाज भी जब्त किया तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था, मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ा
■ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है और अब यह इस कदर बढ़ गया है कि अमेरिका ने वेनेजुएला का पूरा विदेशी व्यापार ही ठप कर दिया है। दरअसल अमेरिका ने वेनेजुएला के दूसरे व्यापारिक जहाज को भी जब्त कर लिया है। इससे पहले भी अमेरिका ने वेनेजुएला के एक तेल टैंकर को भी जब्त कर लिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, वेनेजुएला की निकोलस मादुरो सरकार पर दबाव बढ़ाते ही जा रहे हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने इस घटनाक्रम की जानकारी दी। यह कदम ट्रम्प के उस एलान के बाद सामने आया है, जिसमें ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी करने और सभी तेल टैंकरों को वेनेजुएला से लाने-ले जाने पर रोक लगाने का एलान किया था। इस एलान के बाद बीती 10 दिसम्बर को भी अमेरिकी सुरक्षा बलों ने वेनेजुएला के तट पर उसके एक तेल टैंकर को जब्त कर लिया था। अधिकारियों ने बताया कि व्यापारिक जहाज को जब्त करने की ताजा कार्रवाई आपसी सहमति से हुई। जिसमें अमेरिकी अधिकारी जहाज पर चढ़े और उन्होंने जहाज को अपने कब्जे में ले लिया। ट्रम्प, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोसल मादुरो को कह चुके हैं कि अब उनके सत्ता में रहने के गिने-चुने ही दिन बचे हैं। ट्रम्प ने हाल ही में मांग की थी कि वेनेजुएला ने जो वर्षों पहले अमेरिकी तेल कंपनियों की जो संपत्तियां जब्त की थी, अब वे उन्हें वापस करें। यही वजह है कि वेनेजुएला पर दबाव बनाने के लिए ट्रम्प ने वेनेजुएला की घेराबंदी की है। अमेरिकी सेना के युद्धक जहाज और युद्धपोत प्रशांत महासागर में तैनात हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को भी डर है कि अमेरिका उनके देश पर हमला कर सकता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो संयुक्त राष्ट्र से अमेरिकी घेराबंदी खत्म कराने की अपील कर चुके हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र ने भी दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

# मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पत्ति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बने

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोर्ब्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से जयादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल सम्पति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी। जनवरी 2021 में वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। उसी साल उन्होंने 300 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया और 2024 में मस्क की कुल सम्पति बढ़कर 500 अरब डॉलर से जयादा हो गई।

# अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट से 16 एप्स्टीन केस फाइल गायब

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विधि विभाग की वेबसाइट के उस विभाग से कम से कम 16 फाइलें गायब हो गई हैं, जहाँ फाइनेंसर जेफरी एप्स्टीन के मामले से संबंधित दस्तावेज प्रकाशित किए गए थे। अमेरिकी विधि विभाग ने शनिवार को कांग्रेस में डेमोक्रेटिक पार्टी और कई रिपब्लिकन सांसदों के समर्थन से पारित एक कानून के तहत एप्स्टीन मामले की कुछ सामग्री जारी की थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एप्स्टीन के साथ संबंध होने का संदेह है, हालांकि अभी तक कोई विशिष्ट सबूत पेश नहीं किया गया है कि अमेरिकी नेता बच्चों के यौन शोषण में शामिल थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं। साथ ही एक ऐसी तस्वीर भी गायब है जिसमें एक ड्रेसर और दराजों पर रखी तस्वीरों की एक श्रृंखला दिखाई गई थी, जिसमें एप्स्टीन, मेलानिया ट्रंप और एपस्टीन की लंबे समय तक सहयोगी रही घिसलेन मैक्सवेल के साथ ट्रंप की एक तस्वीर भी शामिल थी। गौरतलब है कि एप्स्टीन पर 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका में 'सेक्स ट्रैफिकिंग' और अपराध करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था, जिसमें उसे 40 वर्षों से अधिक की जेल का सामना करना पड़ सकता था। अभियोजकों के अनुसार, 2002 और 2005 के बीच एपस्टीन ने दर्जनों नाबालिग लड़कियों के साथ यौन संबंध बनाए, जिन्हें उसने न्यूयॉर्क और फ्लोरिडा में अपने आवासों पर बुलाया था। वह उन्हें नकद भुगतान करता था और फिर कुछ पीड़ितों को और लड़कियों को लाने के लिए 'रिक्रूटर्स' के रूप में नियुक्त करता था। कुछ पीड़ितों की उम्र मात्र 14 वर्ष थी। जुलाई 2019 की शुरुआत में न्यूयॉर्क शहर की एक मैनहट्टन अदालत ने एप्स्टीन की पेशी के बाद उसे हिरासत में रखने का आदेश दिया और जमानत देने से इनकार कर दिया था। उसी वर्ष जुलाई के अंत में यह बताया गया कि एप्स्टीन जेल की एक सेल में आधी-बेहोशी की हालत में पाया गया था और बाद में उसकी मौत हो गई थी। जांच में निष्कर्ष निकाला गया कि उसने आत्महत्या की थी। एप्स्टीन मामले में जनता की दिलचस्पी तब फिर से बढ़ गई जब ट्रंप प्रशासन वादे के मुताबिक फाइलों को सार्वजनिक करने में विफल रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचना तब और तेज हो गई जब फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और विधि विभाग ने कहा कि एप्स्टीन ने प्रभावशाली व्यक्तियों को ब्लैकमेल नहीं किया था और न ही कोई क्लाइंट लिस्ट रखी थी, जबकि अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने इसके विपरीत दावा किया था।



■ गायब फाइलों में नग्न महिलाओं की पेंटिंग की तस्वीरें शामिल थीं




# जोहानिसबर्ग के शराबखाने में अंधाधुंध फायरिंग

## नौ लोगों की मौत, पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में रविवार को भीषण गोलीकांड की घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक जोहानिसबर्ग के पश्चिम में स्थित बेकर्सडाल टाउनशिप में गोलीबारी की घटना में नौ लोगों के मारे जाने की आशंका हैं। दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।

गोलीबारी के बाद पुलिस ने इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी है। रविवार को जोहानिसबर्ग में हुई सामूहिक गोलीबारी में कम से कम नौ लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बंदूकधारियों ने एक अवैध शराबखाने में घुसकर बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिससे दहशत और अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पहले इस गोलीबारी में 10 लोगों के मारे जाने की बात कही जा रही थी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि दो गाड़ियों में सवार हमलावरों ने शराबखाने में मौजूद लोगों पर गोलियां चलाईं और घटनास्थल से भागते समय भी अंधाधुंध फायरिंग करते रहे। प्रांतीय पुलिस आयुक्त मेजर जनरल फ्रेड केकाना ने एसएबीसी टेलीविजन से कहा कि मृतकों में एक ड्राइवर भी शामिल था, जो बार के बाहर मौजूद था। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर घटनास्थल से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों में से कुछ की हालत गंभीर है। पुलिस ने हमले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी संदिग्ध या मकसद का पता नहीं चल पाया है। माना जा रहा है कि गोलीबारी में मरने वालों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। दक्षिण अफ्रीका में यह इस महीने की दूसरी बड़ी गोलीबारी की घटना है। हालिया घटना के बाद से ही देश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। बेकर्सडाल टाउनशिप में अवैध रूप से शराब परोसे जाने की बात सामने आई है। गौरतलब है कि दिसम्बर महीने की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के पास गोलीबारी की घटना हुई थी। यहां एक हॉस्टल में बंदूकधारियों के हमले में तीन साल के एक बच्चे समेत 12 लोगों की मौत हो गई थी।




■ घटना की जानकारी मिलते ही आपातकालीन सेवाओं ने घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया

# संयुक्त राष्ट्र में गूंजा शांति का मंत्र

■ श्रीश्री रवि शंकर के सान्निध्य में मना दूसरा विश्व ध्यान दिवस

**न्यूयॉर्क।** विश्व के सबसे बड़े कूटनीतिक मंच, संयुक्त राष्ट्र के गलियारे अनूठी शांति और गहन मौन के साक्षी बने। गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर के सानिध्य में मनाए गए दूसरे विश्व ध्यान दिवस में प्राचीन भारतीय विरासत और आधुनिक कूटनीति का संगम देखने को मिला।

यूक्रेन के सैनिकों से लेकर वैश्विक राजदूतों तक सभी के लिए ध्यान मानसिक शांति का सेतु बना। कार्यक्रम के दौरान वैश्विक नेताओं, राजदूतों और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने एक सुर में स्वीकार किया कि युद्ध, मानसिक तनाव और अशांति से जूझती दुनिया के लिए ध्यान अब विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। आर्ट ऑफ लिविग के संस्थापक और वैश्विक आध्यात्मिक गुरु, गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर ने न सिर्फ ध्यान के दर्शन को समझाया, बल्कि वहां उपस्थित दुनिया भर के प्रतिनिधियों को 20 मिनट के मार्गदर्शित ध्यान सत्र के जरिये एक सूत्र में पिरो दिया। दर्शन और ध्यान का अंतर, खाली कटोरे की कहानी: संबोधन की शुरुआत गुरुदेव ने एक मर्मस्पर्शी कथा से की। उन्होंने बताया कि कैसे विभिन्न दार्शनिकों के भरे हुए कटोरे (विचारों) को खाली कर शिक्षक ने एकता का संदेश दिया। गुरुदेव ने कहा दर्शन शास्त्र मन को विचारों से भरते हैं, लेकिन ध्यान व्यक्ति को विचारों के पार ले जाकर उस साझा शांति के क्षेत्र में पहुंचाता है जहां से स्पष्टता का जन्म होता है।

